CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT1 User: cci Time: 01-10-2026 00:05 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) > शनिवार, 10 जनवरी 2026 > पौष 21, शक संवत 1947, माघ कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 18 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow•twitter.com/nbtlucknow



संभावनाओं को परिणाम में बदल रहा यूपी: योगी

▸देखें अंदर


# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

ट्रंप बोले- खामेनेई देश छोड़ने की तैयारी में

▸देखें अंदर




For the Bride and Beloved

शुरुआत 2.88 लाख से*

*Indicative price for jewellery with 14 Kt Gold, GW 17.25 Grams & 1.7 Ct. Diamonds

26 % की छूट* गोल्ड मेकिंग चार्जेस डायमंड वैल्यू पर

*T&C Apply

ऑनलाइन शॉपिंग करें www.aisshpra.com | फ्रेंचाइज़ी इन्क्वायरी franchise.enquiry@aisshpra.com 98398 23999

लखनऊ : 3, शाहनजफ रोड, हजरतगंज 7318347474 | गोरखपुर : घंटाघर 8423173378, पार्क रोड 9554964736 | वाराणसी : सिगरा चौराहा 96952 63334 | सुलतानपुर : सिविल लाइन, बस स्टैंड 9794050011 | देवरिया : केडिया प्लाजा, मालवीय रोड 9532655652 | पडरौना : सुभाष चौक, एक्सिस बैंक के पास 8009924030 | बस्ती : गांधी नगर 9984384999 खलीलाबाद : गोला बाजार, निकट सरदार कॉलोनी 7318001150 | आजमगढ़ : सिविल लाइन, सुदर्शन पेट्रोल पंप के पास 8381805525 | बलिया : शिव कुटीर, कासिम बाजार 9336092050 रायबरेली : होटल ओम क्लार्क्स इन, ग्राउंड फ्लोर, सिविल लाइन रोड 7704003695 | अयोध्या : ऐश्प्रा चौराहा, देवकाली 7497900801/7497900802

Toll Free : 1800 120 1299 | Follow us @aisshprajewels

Store Locater

संवाद

नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । शनिवार, 10 जनवरी 2026

# दूर रहे अमेरिका

## फिर आम ईरानी नागरिक सड़कों पर हैं

**ईरान में** महंगाई के खिलाफ आम लोगों का विरोध-प्रदर्शन धीरे-धीरे तेहरान बनाम वॉशिंगटन होता जा रहा है। इस्लामिक देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का संबोधन डॉनल्ड ट्रंप के लिए चेतावनी है, जो जरूरत पड़ने पर ईरान में दखल देने की बात कह चुके हैं।

**पश्चिम के प्रतिबंध** । ईरान की समस्या बहुत हद तक पैदा की हुई है। 1979 की क्रांति में शाह के पतन और इस्लामिक गणराज्य की स्थापना के समय से ही ईरान को पश्चिमी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। इस समय भी परमाणु हथियारों के कार्यक्रम पर रोक नहीं लगाने के आरोप में अमेरिका और यूरोप ने ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लाद रखे हैं। कुछ इन पाबंदियों और कुछ सरकारी नीतियों की वजह से ईरान की इकॉनमी आज डूबने के कगार पर पहुंची हुई है।



महंगाई से नाराजगी

**आर्थिक संकट** । सरकारी आंकड़े बताते हैं कि ईरान में महंगाई दर 42% हो गई है। खाने-पीने के दाम बेतहाशा बढ़े हैं और जरूरी चीजों के दाम में 110% तक की बढ़ोतरी हुई है। ईरान के पास दुनिया के कुल तेल भंडार का 9-10% है, लेकिन अमेरिका ने उस पर यह कहते हुए कड़े प्रतिबंध लाद रखे हैं कि इन पैसों का इस्तेमाल परमाणु हथियार विकसित करने में होता है।

**जनता में असंतोष** । दशकों की इन पाबंदियों की वजह से ईरान को कभी संभलने का मौका नहीं मिला। पश्चिम की दुश्मनी खामेनेई से है, पर भुगतना जनता को पड़ रहा है। ऊपर से कट्टरता, शासन व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं, मानवाधिकार का उल्लंघन जैसे आरोप भी हैं, जिनके विरोध में हर कुछ वक्त बाद ईरानी सड़कों पर उतरे नजर आते हैं। साल 2022 में भी ऐसे ही उग्र प्रदर्शन हुए थे, जब हिजाब न पहनने के आरोप में एक युवती को हिरासत में लिया गया था और उसकी मौत हो गई थी।

**हालात बिगड़ेंगे** । ताजा विरोध-प्रदर्शन देश के अधिकतर हिस्सों तक फैल चुके हैं। खबरों के मुताबिक, 45 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इंटरनेट बंद है और आम ईरानियों की सुरक्षा को लेकर पूरी दुनिया में चिंता है, लेकिन संप्रभु देश के मामलों में अमेरिका को कूदने का अधिकार नहीं है। पिछले साल जून में अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर एयर स्ट्राइक की थी, लेकिन उसका कोई फायदा नहीं निकला। इससे पहले भी कई उदाहरण हैं, जहां अमेरिकी हस्तक्षेप से हालात और बिगड़े ही। ईरान का फैसला वहां की जनता ही करे तो अच्छा होगा।

खुले मन से

# सरकार, अब दूसरे शहरों का भी विकास करो



सुधीर मिश्र

एहतिशाम अली का शेर है-

*हम एक शहर में थे इक नदी की दूरी पर*
*और उस नदी में कोई और वक्त बहता था*

बचपन से इस शहर में हूं, फिर भी मेरे होश संभालने से पहले ही अमीनाबाद इस लायक बन चुका था कि जहां चौपहिया गाड़ियों का जाना मुश्किल हो। हां, चौक, पत्रकारपुरम, भूतनाथ, आलमबाग और शहर के बहुत से दूसरे इलाकों को 'अमीनाबाद' बनते अपनी आंखों से जरूर देखा। कैसे मास्टर प्लान की धज्जियां उड़ीं। कैसे अवैध निर्माण करने वालों, विकास प्राधिकरण, नगर निगम, पुलिस और वकीलों के एक तबके की मिलीभगत से रास्ते चलते-फिरते ट्रैफिक जाम के संग्रहालय बन गए। सबका गवाह रहा हूं।

अब जब सड़कों पर सरकार और हाई कोर्ट के बड़े लोगों के अलावा बाकी सबका चलना मुश्किल हो चुका है, जाम को खत्म करने और अतिक्रमण हटाने की कोशिशें ऊंट के मुंह में जीरा लगने लगी हैं, तब यह समझ आने लगा है कि यह जाम सिर्फ लखनऊ का नहीं है। असल बात है दूसरे जिलों से लखनऊ की ओर होने वाला पलायन। किसी को अच्छा इलाज करवाना है तो लखनऊ चलो, अच्छी पढ़ाई चाहिए तो लखनऊ चलो, नौकरी, परीक्षा, कोचिंग, दफ्तर, कोर्ट, मंत्रालय और मॉल में खरीदारी। कुछ भी करना है तो लखनऊ चलो। कुल मिलाकर लखनऊ में लगने वाले जाम का अदृश्य इंजन है पलायन। बरसों से सभी सरकारें लगातार एक गलती करती गईं। विकास को विकेंद्रित करने की जरूरत थी। हर जिले में बढ़िया अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, मॉल, मनोरंजन केंद्र और बढ़िया आवासीय योजनाएं होनी चाहिए थीं। लेकिन इन सारी सुख सुविधाओं को चंद बड़े शहरों जैसे लखनऊ तक केंद्रित कर दिया गया। नतीजा अब सामने है। ट्रैफिक और यातायात का हाल इन्हीं वजहों से भी ज्यादा खराब है। लखनऊ में फिलवक्त 32 लाख से ज्यादा गाड़ियां हैं। इनके अलावा करीब डेढ़ लाख रोजाना बाहर से आती-जाती रहती हैं। पिछले एक साल में ही दो लाख नई गाड़ियां लखनऊ की सड़कों पर आ गईं और पुरानी कंडम गाड़ियां चलन से बाहर नहीं हुईं। दरअसल, सच तो यह है कि जाम सड़कों से ज्यादा नीतियों पर लगा है। जब तक यह जाम नहीं छंटता जाता तब तक हर नया फ्लाईओवर एक नया व्यंग्य बनकर सामने आएगा। ऐसा हमेशा से होता आया है क्योंकि नीतियों पर हमेशा अपने-पराये के नाम पर पिक ऐंड चूज होता रहा है। गोमतीनगर रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे लोग रॉन्ग साइड इसलिए नहीं चलते क्योंकि उन्हें शौक है। दरअसल, मिठाईवाले चौराहे से जो एंट्री दी गई है और उसके ऊपर जो आरओबी बना है, वह हमारी महान रोड इंजिनियरिंग का बेहतरीन नमूना है। ऐसे दूसरे नमूने देखने हों तो सीतापुर रोड पर उतरने वाले ब्रिज को देखिए। ताजा उदाहरण किसान पथ आउटर रिंग रोड और नई बन रही आईआईएम रोड है। यह वाला ग्रीन कॉरिडोर जब शुरू हो और उसके जाम में फंसिए तो इस लेख को याद करिएगा। बहरहाल आखिर में जावेद नासिर का यह शेर और बात खत्म कि-

*दोस्तो तुम से गुजारिश है यहां मत आओ*
*इस बड़े शहर में तन्हाई भी मर जाती है*

ऑफ़ दि ट्रैक

## बस 10 मिनट!


दिलीप लाल

**आमतौर पर** लंबे समय तक व्यायाम करने की सलाह दी जाती है। लेकिन न्यूकैसल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के एक नए अध्ययन से पता चला है कि सिर्फ 10 मिनट का भी तेज व्यायाम ऐसे जैविक बदलाव शुरू कर सकता है, जो कैंसर, विशेष रूप से आंत (बॉवेल) के कैंसर के खतरे को कम करने में मददगार हो सकते हैं। इस तरह की एक्सरसाइज से रक्त में कुछ खास जैविक अणुओं की मात्रा बढ़ जाती है। ये अणु डीएनए की मरम्मत की प्रक्रिया को सक्रिय करते हैं और कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि से जुड़े संकेतों को दबाते हैं। यह अध्ययन इंटरनैशनल जर्नल ऑफ कैंसर में प्रकाशित हुआ है।

## AI प्रोग्राम LLM की मदद से खोजे जा सकते हैं अनसुलझे जवाब

# AI साइंस को देगा नई ख़ुशख़बरी

AI Image



इक्कीसवीं सदी की पहली चौथाई कुछ अद्भुत खबरों के साथ पूरी हो रही है। प्लूटो से ग्रह का दर्जा छीन लिए जाने के बाद हमारे सौरमंडल का सबसे दूरवर्ती ग्रह नेप्च्यून ही रह गया है। लेकिन दिसंबर 2025 के आखिरी हफ्ते में जापानी खगोलशास्त्रियों ने इन्फ्रारेड इमेजिंग वाले दो सैटेलाइटों से 1983 और 2006 में खींची गई सौरमंडल के बाहरी हिस्सों की तस्वीरों की तुलना करके बताया है कि इन तस्वीरों में कोई चीज इन्हीं 23 वर्षों में अपनी जगह से हटी हुई दिख रही है। धरती की 7 से 17 गुना वजनी यह निपट बर्फीली चीज सौरमंडल का नवां ग्रह हो सकती है।



चंद्रभूषण

**AI एजेंट्स का दौर** । तकनीकी की सबसे बड़ी खबरें अभी आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से जुड़ी हैं। AI एजेंट्स का दौर शुरू हो चुका है। AI एजेंट्स यानी साइंटिफिक रिसर्च में काम आने वाले ऐसे AI प्रोग्राम जो कई लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (LLM) की मदद से अनसुलझे सवालों के भरोसेमंद जवाब खोज लें। ऐसी कोशिशें भारत समेत कई देशों में आज भी जारी हैं। बड़ी बात यह कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से वैज्ञानिक खोज जैसी कोई घटना शायद 2026 में सुनने को मिल जाए। बात इसके बहुत करीब पहुंच चुकी है।

**कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश** । 2016 के पेरिस जलवायु समझौते में 2035 तक दुनिया का कुल कार्बन उत्सर्जन उस समय की तुलना में आधे पर ला देने की बात थी। यह लक्ष्य हासिल होने की उम्मीद कम है, लेकिन 2025 में सौर पैनलों और पवन चक्कियों से दुनिया ने उतनी ही बिजली बनाई, जितनी कोयले और गैस से। यही नहीं, दुनिया का 35 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जित करने वाले मुल्क चीन ने अपने उत्सर्जन का बढ़ना रोक दिया है। यानी रास्ता खुलने लगा है।

**केमिकल लेप से बिजली** । पेरोव्स्काइट नाम के केमिकल के लेप से सौर बिजली बनाने पर चल रहा काम काफी समय से दुविधा में घिरा था। कारण यह कि खुले में नमी और धूप यह केमिकल ज्यादा देर तक बर्दाश्त नहीं कर पाता। फिर सिलिकॉन पैनल वाले पारंपरिक तरीके और पेरोव्स्काइट को मिलाकर कुछ नया करने के प्रयोग दुनिया भर में शुरू हुए। लेकिन 2025 में ऐसे टैंडेम सेल्स की बिजली उत्पादन क्षमता का स्तर 34 प्रतिशत से भी ऊपर ले जाकर चीनियों ने बाजी मार ली। यह सेल कम धूप में भी बिजली बना लेता है और इसका साथ देने के लिए दो सस्ती, सुरक्षित और कॉम्पैक्ट बैटरियों की खोज 2025 की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**क्वांटम कंप्यूटर** । 2035 का एक लक्ष्य फ्रांस में चल रहे प्रायोगिक फ्यूजन एनर्जी प्रॉजेक्ट को तब तक 500 मेगावाट क्षमता वाले पावरहाउस की शक्ल देने का रहा है। बीते दिसंबर में जर्मनी की एक लैब ने अपने यहां दस करोड़ डिग्री सेल्सियस वाला फ्यूजन प्लाज्मा आधा घंटा टिका लिया, जिसका कुछ सेकंड ठहर जाना भी बड़ी बात मानी जाती रही है। ऐसा तीसरा लक्ष्य क्वांटम कंप्यूटर्स से जुड़ा है। इससे जुड़े कई ब्रेकथ्रू इस साल चर्चा में रहे, जिनमें माइक्रोसॉफ्ट की मायोराना-1 क्वांटम चिप को सबसे क्रांतिकारी पहल समझा गया। बहरहाल, बात तो तब है जब क्वांटम कंप्यूटर अपनी असाधारण क्षमताओं के साथ कामकाजी दायरे में आ जाएं।


**सेल्फ हीलिंग इन्फ्रा** । एक बहुत बड़ी खोज सेल्फ हीलिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में हुई है। कोई बड़ा पुल या इमारत या ऑयल पाइपलाइन या कोई विशाल मशीन अपने निर्माण के समय भीतर रह गई छोटी-मोटी दरारों के चलते या किसी और अनदेखी खराबी से कम समय में बर्बाद हो जाती है तो समाज का बहुत नुकसान होता है। एक अनुमान है कि दुनिया को अभी हर साल इस मद में ढाई लाख करोड़ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ रहा है। अभी इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), सेल्फ हीलिंग मटीरियल और कंट्रोल्ड रिलीज मेकैनिज्म की मदद से इस समस्या को निर्मूल करना संभव हो गया है। आप ढांचे पर सिर्फ एक महंगा पेंट लगाकर उसकी सुरक्षा को लेकर चिंतामुक्त हो जाएंगे।

**चंद्र अभियानों में तेजी** । साल 2026 को चंद्र अभियानों का साल भी कहा जा रहा है। नासा का आर्टेमिस-2 मिशन इस साल ओरियन स्पेसक्राफ्ट से अपने चार अंतरिक्षयात्रियों को दस दिन के एक अभियान में चंद्रमा का चक्कर लगाने भेज रहा है। चीन भी अपने कामयाब चंद्र अभियानों की श्रृंखला में चांग ई-7 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने की तैयारी में है जिसका मकसद होगा वहां पानी तलाशने का अभियान आगे बढ़ाना। रही बात भारत की तो हमारा गगनयान इंसानी शरीर पर अंतरिक्ष यात्रा के प्रभावों को समझने के लिए जनवरी से मार्च के बीच कभी भी एक रोबॉट सवार को लेकर अंतरिक्ष में जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

### 2026 मे संभावनाएं

- सेल्फ हीलिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर से उम्मीदें
- पुलों और इमारतों को मिलेगी नई जान
- कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश के आसार




5 पॉइंट

## हरियाणा ने कैसे किया कमाल

**साल 2011 की जनगणना मे सेक्स रेश्यो मे सबसे फिसड्डी रहे हरियाणा की स्थिति अब काफी सुधर गई है। राज्य मे 2011 मे प्रति 1,000 लड़को पर 834 लड़कियां थी, जो साल 2025 मे बढ़कर 923 हो गई। जानते है कि कैसे आया बदलाव।**

**1 देश के बराबर**
सेक्स रेश्यो के मामले मे हरियाणा अब देश से कदमताल कर रहा है। तीन जिलो की उपलब्धि खास उल्लेखनीय है। पंचकूला मे 1,000 लड़को पर 971, फतेहाबाद मे 961 और पानीपत मे 951 लड़कियां हैं।

**2 अभियान का असर**
बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान के तहत 2015 से अब तक 65,000 कन्या भ्रूणो को बचाया जा चुका है। जन्म से पूर्व लिंग जांच मामलो मे 1,375 मेडिकल प्रैक्टिशनर और अल्ट्रासाउंड सेंटर पर FIR हुई है।

**3 ऑनलाइन निगरानी**
सरकार ने हर जिले के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर का वट्सऐप ग्रुप बनाया। इसकी लगातार मॉनिटरिंग होती है। अस्पतालो मे प्रेग्नेंसी टेस्ट कराने वाली महिलाओं को 12 अंको की यूनिक आईडी दी जाती है। इससे प्रेग्नेंट महिलाओं का रजिस्ट्रेशन 37% बढ़ गया।

**4 सहेली परियोजना**
हरियाणा मे पिछले साल अप्रैल से सहेली परियोजना चलाई जा रही है। इसके तहत 1 बेटी वाली प्रेग्नेंट महिला की खास देखरेख की जाती है। एक साल मे ही प्रेग्नेंसी की शुरुआत मे अबॉर्शन दर 57% तक घट गई।

**5 जागरूकता और इनाम**
फर्जी लिंग जांच केंद्रो और भ्रूण हत्या करने वालो की खुफिया जानकारी देने पर सरकार 1 लाख रुपये का इनाम देती है। ऐसी सूचना देने वालो को सरकार ने पिछले 10 बरसो मे 5 करोड़ रुपये बांटे। प्रस्तुति: अभिषेक मिश्र

# अरावली को हर हाल में बचाना होगा

*अरावली रेंज की 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को इसका हिस्सा न मानने के अपने ही आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। अरावली संरक्षण में जुटे एक्टिविस्ट और पर्यावरणविद् इसका स्वागत कर रहे हैं। लेकिन उन्हें चिंता है कि अब एक्सपर्ट कमिटी तय करेगी कि अरावली का हिस्सा क्या है और क्या नहीं। उनका मानना है कि अरावली को परिभाषित करने की जरूरत नहीं है, बल्कि इसके पूर्ण संरक्षण और बचाव की दरकार है।* ***पूनम गौड़*** *ने अरावली पर्वतमाला से जुड़े पूरे विवाद पर पीपल फॉर अरावली की फाउंडर मेंबर और अरावली विरासत जन अभियान की सदस्य नीलम अहलूवालिया से बातचीत की:*



NBT सप्ताह का इंटरव्यू

नीलम अहलूवालिया

**■ सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की नई परिभाषा पर रोक लगा दी है। आपकी इस पर क्या राय है?**

फैसले का हम स्वागत करते हैं। लेकिन अब एक्सपर्ट कमिटियां तय करेंगी कि अरावली का हिस्सा क्या है और क्या नहीं? अरावली को परिभाषित करने की जरूरत नहीं है। उसके पूर्ण संरक्षण और बचाव की जरूरत है, क्योंकि यह पहले ही खनन और रीयल एस्टेट की वजह से बहुत बर्बाद हो चुकी है।

**■ क्या स्टे के बाद विवाद थम जाएगा?**

नहीं, अरावली को जब तक पूरी तरह संरक्षण नहीं मिलता, तब तक विवाद रहेगा। लंबे समय से अरावली को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं। अवैध खनन समेत कई मुद्दे हैं, जिनके खिलाफ लोग आवाज उठा रहे हैं। आंदोलन जारी रहेगा।

**■ सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की जिस नई परिभाषा को मंजूरी दी, उस पर क्या विवाद है?**

20 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली अरावली की नई परिभाषा को मंजूरी दी। इसमें उन्हीं पहाड़ियों को अरावली मानने की बात थी जो 100 मीटर या इससे अधिक ऊंची हो। यानी 100 मीटर से कम ऊंची पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं रहेंगी। अरावली का गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में काफी हिस्सा कम ऊंचाई वाला ही है। नई परिभाषा से यह क्षेत्र कानूनी संरक्षण के दायरे में नहीं आता।

**■ इसका क्या और कितना असर पड़ता?**

हरियाणा का फॉरेस्ट कवर देश में सबसे कम है। यह सिर्फ 3.6% है। नई परिभाषा से यह और अधिक सिमट सकता है। राज्य में ज्यादातर जंगल अरावली की कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों के आसपास ही हैं। ये पहाड़ियां 100 मीटर से ऊंची नहीं हैं। नई परिभाषा से अरावली में माइनिंग और रीयल एस्टेट कंपनियों की पहुंच आसान हो जाएगी। राजस्थान और गुजरात में भी अरावली के कई इलाके खनन आदि के लिए खुल जाएंगे।

**■ अब यहां से आगे अरावली विरासत जन अभियान का क्या रुख होगा?**

अरावली विरासत जन अभियान जारी रहेगा। अब हमारी मांग पूरी तरह सहभागी और पारदर्शी प्रक्रिया के लिए है। हम ऐसी प्रक्रिया नहीं चाहते जो केवल एमिकस (Amicus), सरकार और अदालत तक सीमित होकर रह जाए। गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में अरावली रेंज में रहने वालों का इस निर्णय में शामिल होना जरूरी है। अरावली बची तो उनकी रोजी-रोटी सुरक्षित रहेगी। चारों राज्यों में फैली अरावली रेंज के समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले असर का भी अध्ययन होना चाहिए। यह अध्ययन मरुस्थल बनने के खिलाफ हमारी ढाल, वॉटर रिचार्ज जोन, जलवायु नियामक, प्रदूषण सोखने वाले स्रोत और वन्यजीव आवास को खनन, रीयल एस्टेट, अतिक्रमण, कचरा डंपिंग और उसे जलाने से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए जरूरी है। इसमें आसपास बसे लोगों की सेहत और रोजी-रोटी को हुए नुकसान को भी शामिल करना चाहिए।

> **गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में अरावली रेंज की गोद में रहने वाले लोगों की आजीविका पर खनन व स्टोन क्रशिंग से काफी असर पड़ा है। अरावली बची तो उनकी रोजी-रोटी भी सुरक्षित रहेगी। हमारी एक मांग यह भी है कि चारों राज्यों में फैली अरावली रेंज का समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले असर का अध्ययन होना चाहिए। इसके आसपास बसे लोगों की सेहत और कमाई को हुए नुकसान को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए।**

**■ क्या अरावली रेंज से लोगों को आजीविका मिल रही है?**

अरावली के आसपास बसे लोग आजीविका के लिए इस पर निर्भर हैं। वे इन छोटी पहाड़ियों पर मवेशी चराते हैं। दक्षिण हरियाणा और राजस्थान में अरावली के आसपास पानी की कमी से खेती घटी है। खनन से लोगों में त्वचा, लीवर और किडनी की समस्याएं बढ़ रही हैं। दमा, क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मनरी डिजीज (COPD), TB जैसी बीमारियां हो रही हैं। अरावली पर मिलने वाली औषधियां कम हो गईं। पहाड़ों पर ब्लास्ट की वजह से लोगों के मकान दरक रहे हैं।

**■ अरावली को अब तक कितना नुकसान हुआ?**

पिछले कुछ दशकों में 692 किलोमीटर में फैली अरावली पर्वत रेंज में 12 बड़ी दरारें खुल गईं। ये दरारें राजस्थान में अजमेर से झुंझुनू और दक्षिण हरियाणा में महेंद्रगढ़ तक फैली हैं। इनकी वजह से थार की धूल दिल्ली-NCR पहुंच रही है और यहां प्रदूषण बढ़ रहा है। नई परिभाषा से अरावली की और अधिक पहाड़ियां नष्ट होंगी।

www.nbt.in

# क़मीज़ पर ऐसे चढ़ी हरी जैकेट

**बात कई** साल पुरानी है। इंडिया हैबिटेट सेंटर में कोई गोष्ठी चल रही थी। अपनी सहेली के साथ मैं भी वहां पहुंची थी। एक सत्र पूरा हुआ तो चाय-नाश्ते के लिए ब्रेक हुआ। बाहर खुले में खाने-पीने का इंतजाम था। दिसंबर की ठिठुरती शाम थी। गर्म कपड़े पहनने के बावजूद हमें रह-रह कर कंपकंपी छूट जाती। तभी हमारी नजर वहां घूमते वेटर्स पर गई। ऐसी सर्दी में भी वे एक पतली सिंथेटिक कमीज पहनकर नाश्ता सर्व कर रहे थे। उनकी ठिठुरन का मैं अंदाजा लगा सकती थी। लेकिन उन्हें वहां कोई नहीं देख रहा था। जैसे उन बड़े ओहदे वाले लोगों में उनका कोई अस्तित्व ही न हो। क्या लोगों का रसूख भीतर के इंसान को अंधा बना देता है? क्यों उन्हें किसी की ठिठुरन दिखाई नहीं देती? तभी मेरी सहेली ने एक वेटर को रोककर पूछा, 'इस पतली- सी शर्ट में तुम्हें ठंड नहीं लग रही?'

'लग रही है। लेकिन यही हमारा ड्रेस कोड है। इसके ऊपर हम स्वेटर नहीं पहन सकते,' वेटर बोला। सहेली को यह बात बिल्कुल पसंद नहीं आई। उसने कैटरिंग मैनेजर का पता पूछा और ऊपर जाकर बात करने लगी। मैनेजर ने हमें टालना चाहा। मगर सहेली अड़ गई। बोली, 'जैसे भी हो उन्हें गर्म कपड़े पहनाओ। उन्हें भी ठंड लगती है। ड्रेस कोड कोई विदेशी प्रोटोकॉल तो नहीं, जिसे तोड़ा न जा सके?' मैनेजर को अहसास हो गया कि जिद्दी औरत है, मानेगी नहीं। बोला, 'ठीक है मैडम, हम जल्द ही इनको गर्म कपड़े दिलाएंगे। हमें थोड़ा समय दो।' खाना खाने के बाद हम दूसरा सत्र अटेंड कर घर वापस आ गए। मगर उसने दो-तीन वेटर्स के फोन नंबर ले लिए। बाद में कई दिनों तक उनसे फोन करके पूछती रही कि उन्हें गर्म कपड़े मिले या नहीं। हर बार उनका जवाब 'ना' होता। सहेली ने वापस कैटरिंग मैनेजर को फोन लगाकर शिकायत की। मैनेजर ने फिर वही आश्वासन पकड़ा दिया। कई बार फोन लगाना पड़ा।

खुद अपनी आंख से

सरस्वती रमेश

आखिर हफ्ते भर बाद लवकुश का वट्सऐप मेसेज हमारे मोबाइल पर फ्लैश हुआ। लवकुश यानी उस दिन मिला भोली आंखों वाला वेटर। उसने फोटो भेजी थी जिसमें वह और उसके साथी सफेद कमीज पर गाढ़ी हरी जैकेट पहने खड़े थे। फोटो के साथ उन्होंने एक संदेश भी भेजा था- बड़े शहरों में लोग मॉल, बाजार, चमकती कारें, सुंदर सड़कें और करीने से सजे रेस्तरां देखते हैं। हम जैसे लोगों पर कभी किसी का ध्यान नहीं जाता। पहली बार किसी ने हमारे बारे में इस तरह सोचा। बता नहीं सकते कि हम आपके कितने शुक्रगुजार हैं। हम आपको जिंदगी भर याद रखेंगे। शुक्रिया मैम। संदेश पढ़कर सहेली भावुक हो गई। आखिर उनको यह खुशी देने में क्या खर्च हुआ था? जरा सी बात और थोड़ा सा समय। पर उनके चेहरे पर आई मुस्कुराहट बहुत बड़ी थी। हमारे प्रयास से कहीं बड़ी।

### चलते-चलते...

**दक्षिण अफ्रीका** में मिले 60,000 वर्ष पुराने तीरों पर जहर के अवशेष पाए गए हैं। ये अब तक के सबसे पुराने विषैले हथियार हैं। Science Advances में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, इन तीरों पर पाए गए विषैले तत्व Boophone disticha पौधे से प्राप्त हुए थे। इसका उपयोग आज भी पारंपरिक शिकारी करते हैं। तब लोगों में हथियार निर्माण की जटिल समझ थी।

## रीडर्स मेल

**▶ खतरों को समझें**

**अब तक** यही कहा जाता रहा है कि तकनीक न तो अच्छी होती है, न बुरी- उसे जैसा इस्तेमाल किया जाए, वैसी ही बनती है। कुल मिलाकर दोष उपयोगकर्ता पर मढ़ दिया जाता है। लेकिन Grok के मामले ने इस तर्क की सीमाएं साफ कर दी हैं। जब कोई टूल बिना ठोस सुरक्षा उपायों के आम लोगों के हाथ में दिया जाता है, तो उसका दुरुपयोग लगभग तय हो जाता है। खासकर महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाए जाने का तथ्य इस संकट को और गंभीर बना देता है। इस बात को भी नहीं भूलना चाहिए कि आज कोई रोचक कंटेंट देखकर पढ़ने वाले वाले के मन में एक सोच उपजती है, कहीं इसे AI से तो डिवेलप नहीं किया गया है। यह इतना खतरनाक है कि पढ़ने वाले की रुचि कम होने लगती है। इसका सीधा असर पढ़ने वाले की सोच पर पड़ता है।

प्रीति अग्रवाल, लखनऊ

**▶ समझौते ने बढ़ाई उम्मीद**

**भारत और** न्यूजीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (FTA) कई मायनों में ऐतिहासिक है। यह इसलिए भी विशेष है क्योंकि भारत की ओर से यह पहला ऐसा मुक्त व्यापार समझौता है, जिसे महिलाओं के नेतृत्व में सफलतापूर्वक अंतिम रूप दिया गया। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच आयात-निर्यात होने वाले लगभग 95 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क में रियायत मिलने की संभावना है, जिससे द्विपक्षीय व्यापार को नई गति मिलेगी। आगामी वर्षों में इस समझौते के अंतर्गत 100 प्रतिशत तक शुल्क समाप्त करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही अगले 15 वर्षों में लगभग 20 मिलियन डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता से भारत के आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी। इससे रोजगार के नए अवसर खुलने की उम्मीद है। विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में यह समझौता निर्यात में बढ़ोतरी और किसानों की आय में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण होगा।

अरविंद रावल, ईमेल से

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: vivek.kumar4 Time: 01-09-2026 21:17 Color:

# विकास पथ पर अग्रसर बहराइच

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम बना प्रगति का आधार

**'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' के तहत बहराइच की प्रगति एक समग्र और बहुआयामी दृष्टिकोण से संचालित हो रही है, जो समावेशी विकास और मूल्यांकन योग्य परिणामों पर केंद्रित है। पांच प्रमुख क्षेत्रों में मुख्य प्रदर्शन संकेतकों का स्कोर इस प्रकार हैं:**

| स्वास्थ्य व पोषण | शिक्षा | कृषि एवं सिंचाई | वित्तीय समावेश व कौशल विकास | बुनियादी सुविधाएं |
|---|---|---|---|---|
| स्कोर 88.6 (जून 2025) | स्कोर 78 (जून 2025) | स्कोर 31.5 (जून 2025) | स्कोर 48.1 (जून 2025) | स्कोर 90.1 (जून 2025) |
| 30% | 30% | 20% | 10% | 10% |

**बहराइच का चैंपियंस ऑफ चेंज कम्पोजिट स्कोर 62.5 (जून 2025)**

**नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से समग्र सुधार के मामले में बहराइच उत्तर प्रदेश के उभरते हुए शीर्ष जिलों में शामिल हो गया है और देश के कई अन्य आकांक्षी जिलों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।**






## दुधवा व कतर्निया घाट को मिली विस्टाडोम ट्रेन की कनेक्टिविटी

उत्तर प्रदेश में देश की पहली विस्टाडोम जंगल सफारी ट्रेन शुरू की गई है, जो यात्रियों को रेल के माध्यम से अनोखा वन्यजीव अनुभव देती है। यह ट्रेन तराई क्षेत्र के घने जंगलों से होकर बिछिया, बहराइच (कतर्निया घाट वन्यजीव अभ्यारण्य के पास) से मैलानी (दुधवा टाइगर रिजर्व का प्रवेश द्वार) तक 107 किलोमीटर का बेहद खूबसूरत सफर तय करती है।

इस ट्रेन के विशेष रूप से डिजाइन किए गए कोच में बड़ी कांच की खिड़कियां और पारदर्शी छत है, जिससे यात्री जंगल, घास के मैदान, आर्द्रभूमि और वन्यजीवों को करीब से देख सकते हैं। यह अनुभव जीप सफारी से अलग और अधिक आरामदायक है, जहां यात्री शांति से बैठकर पक्षियों और वन्यजीवों को देख सकते हैं और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं।

धीमी गति से चलने वाली यह ट्रेन कतर्निया घाट, दुधवा और किशनपुर के जंगलों और खुले प्राकृतिक क्षेत्रों से होकर गुजरती है, जिससे क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता नजदीक से देखने को मिलती है। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार की 'वन डेस्टिनेशन, थ्री फॉरेस्ट्स' इको-टूरिज्म योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य प्रकृति संरक्षण के साथ पर्यटन को बढ़ावा देना है।




बहराइच स्थित कतर्नियाघाट एक शांत वन्यजीव अभ्यारण्य है, जो घने जंगलों, समृद्ध जैव विविधता और गिरवा नदी के लिए जाना जाता है। यह स्थान प्राकृतिक सौंदर्य, संरक्षण और इको-टूरिज्म का एक दुर्लभ और आकर्षक संगम प्रस्तुत करता है।


## शिक्षा सुधार से जुड़ी पहल

**शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत जिले के स्कूलों में बीते कुछ वर्षों में कई प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। शिक्षा के तहत मुख्य फोकस क्षेत्रों में सीखने के परिणाम, साक्षरता दर, छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर), ट्रांजिशन रेट, बुनियादी सुविधाएं और पाठ्य पुस्तकों का वितरण शामिल हैं।**

- प्राथमिक से उच्च प्राथमिक स्तर पर छात्रों का ट्रांजिशन रेट मार्च 2018 में 72.43% था, जो अप्रैल 2025 तक बढ़कर 92.5% हो गया। यह छात्रों के बेहतर प्रतिधारण और निरंतरता को दर्शाता है।
- उच्च प्राथमिक से माध्यमिक स्तर पर ट्रांजिशन रेट भी बेहतर हुआ है, जो मार्च 2018 में 84.11% से बढ़कर अप्रैल 2025 में 89.44% तक पहुंच गया।
- अप्रैल 2025 तक सभी स्कूलों में बालिकाओं के लिए कार्यशील शौचालय उपलब्ध हो गए हैं, जिससे 100% कवरेज हासिल हुआ है। मार्च 2018 में यह आंकड़ा 97.26% था।
- स्कूलों में पेयजल सुविधाओं में भी लगातार सुधार हुआ है। मार्च 2018 में 98.26% से बढ़कर अप्रैल 2025 तक यह 100% कार्यशील स्थिति में पहुंच गई है।
- माध्यमिक स्तर पर बिजली की सुविधा भी पूरी तरह उपलब्ध हो गई है। मार्च 2018 में जहां यह 84.93% थी, वहीं अब 100% कवरेज हासिल कर लिया गया है।
- पाठ्य पुस्तकों के वितरण में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। अप्रैल 2025 तक 100% स्कूलों में बच्चों को एक माह के भीतर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई गईं, जबकि मार्च 2018 में यह आंकड़ा शून्य था।
- कायाकल्प अभियान के अंतर्गत 3000 स्कूलों का नवीनीकरण।

## बहराइच का बुनियादी ढांचा विकास




**ऑल वेदर रोड**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत कार्य


100% कवरेज (2018-2025)

100% पूर्णता

**पेयजल (पीने योग्य पानी)**


पेयजल (40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन): ग्रामीण बस्तियां

100% ग्रामीण बस्तियां




## बहराइच जिले का आधार: कृषि

- माइक्रो इरिगेशन के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र मार्च 2018 में 0.28% था, जो अगस्त 2025 तक बढ़कर 10.25% हो गया।
- मनरेगा के तहत पुनर्जीवित किए गए जल निकायों की संख्या मार्च 2018 में 46 थी, जो अगस्त 2025 तक बढ़कर 790 हो गई।
- खरीफ फसल बीमा (प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना) का कवरेज मार्च 2018 में 22.46% से बढ़कर मार्च 2025 में 34.19% हो गया।
- रबी फसल बीमा (पीएमएफबीवाई) का कवरेज भी मार्च 2018 के 25.1% से बढ़कर मार्च 2025 में 32.17% तक पहुंच गया।
- कृषि ऋण में अर्ध वार्षिक अवधि के दौरान 50.70% की वृद्धि दर्ज की गई।
- प्रमाणित बीजों का वितरण मार्च 2018 के 92,170 क्विंटल से बढ़कर मार्च 2025 में 1,82,989 क्विंटल हो गया, यानी इसमें दोगुनी बढ़ोतरी हुई।
- ई-नाम से जुड़ी मंडियों की संख्या मार्च 2018 में 2 थी, जो अगस्त 2025 तक बढ़कर 3 हो गई।
- गेहूं की कीमत प्राप्ति में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो मार्च 2018 में -12.31% से बढ़कर मार्च 2025 में +3.09% हो गई।






## पर्यावरण-अनुकूल कला को बढ़ावा



- यूपी के बहराइच में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत गेहूं के डंठल (गेहूं का डंठल) से बनी पारंपरिक और पर्यावरण-अनुकूल कला को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा रहा है, जो जिले की ग्रामीण विरासत से गहराई से जुड़ी हुई है।
- स्थानीय कारीगरों द्वारा अपनाई जाने वाली यह विशिष्ट कला बेकार समझे जाने वाले गेहूं के डंठलों को आकर्षक सजावटी और उपयोगी वस्तुओं में बदल देती है, जो रचनात्मकता के साथ-साथ सतत विकास का भी संदेश देती है।

## चित्तौरा झील का पुनरुद्धार विरासत पर्यटन को नई गति





चित्तौरा झील का विकास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संतुलित क्षेत्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत बहराइच जैसे जिलों को पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन के क्षेत्र में प्रोत्साहन और निवेश मिल रहा है। बहराइच में स्थित चितौरा झील (चितूर झील) तथा महाराजा सुहेलदेव स्मारक के विकास कार्यों का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया था।

## स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के प्रयास

- जिले के स्वास्थ्य उपकेंद्रों में आवश्यक उपकरण, फर्नीचर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, साथ ही बिजली, पानी और इन्वर्टर जैसी बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की गई है।
- 378 नई एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) की नियुक्ति की गई है।
- विभिन्न स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों का निर्माण किया गया है।
- स्वास्थ्य उपकेंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निर्माण से दूरदराज और दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में एनसीडी स्क्रीनिंग, टीकाकरण, परिवार नियोजन सेवाएं, संस्थागत प्रसव आदि सभी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।
- वर्ष 2024 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा और 25 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ।
- टीबी-मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत वर्ष 2023 में 15 ग्राम पंचायतों और वर्ष 2024 में 87 ग्राम पंचायतों को टीबी-मुक्त घोषित किया गया।
- सरकारी मेडिकल कॉलेज, बहराइच चिकित्सा शिक्षा, आधुनिक सुविधाओं और स्थानीय समुदायों को सुलभ व गुणवत्तापूर्ण इलाज प्रदान करके क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बना रहा है।

बहराइच मेडिकल कॉलेज



## वित्तीय समावेशन और कौशल विकास

- कम लागत वाला बांस बी2 बाजार स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को अपने उत्पादों को दिखाने और बेचने के लिए उचित मंच उपलब्ध कराता है।
- स्वयं सहायता समूह उत्पादों को बी2 'ब्रांड बहराइच' की साझा पहचान के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे ब्रांडिंग और दृश्यता में सुधार हो रहा है।
- यह पहल मजबूत उत्पादन क्षमता के बावजूद स्वयं सहायता समूहों को ब्रांडिंग और मार्केटिंग से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करती है।
- इसके माध्यम से स्वयं सहायता समूह सदस्यों की मार्केटिंग, वित्तीय प्रबंधन और उद्यमिता क्षमताओं में वृद्धि हो रही है।
- साथ ही, इससे स्वयं सहायता समूह सदस्यों में आत्मविश्वास बढ़ रहा है, आय सृजन के अवसर बन रहे हैं और आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूती मिल रही है।
- पोर्टल पर पंजीकृत कुल प्रशिक्षुओं में से प्रशिक्षण पूरा करने वाले अप्रेंटिस का प्रतिशत (वेटेज 1.25) मार्च 2025 में 77.09% था, जो अप्रैल 2025 में बढ़कर 87.85% हो गया।

### लखपति दीदी

सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीआरपी)
**1,417**

संभावित लखपति दीदियां (पीएलडी)
**1,10,988**

डिजिटल आजीविका रजिस्टर (डीएआर)
**3,03,568**

### कनेक्टिविटी

राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-927): बहराइच को बाराबंकी और लखनऊ से जोड़ता है

निकटतम हवाई अड्डा: चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (लखनऊ)

नई परियोजना: पर्यटन और आकांक्षी जिलों से कनेक्टिविटी बढ़ाने के उद्देश्य से बहराइच से खलीलाबाद (श्रावस्ती के रास्ते) तक एक नई ब्रॉडगेज रेल लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।



## बाराबंकी-बहराइच हाईवे बनेगा उत्तर प्रदेश का पहला डिजिटल हाईवे

- 101 किलोमीटर लंबा, चार लेन वाला बाराबंकी-बहराइच हाईवे उत्तर प्रदेश का पहला डिजिटल हाईवे बनने की दिशा में अग्रसर है। इससे सड़क सुरक्षा, यातायात की दक्षता और कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) इस परियोजना में ऑप्टिकल फाइबर केबल, 24×7 नेटवर्क उपलब्धता, एनपीआर कैमरे और आधुनिक लाइटिंग सिस्टम जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल करेगा, जिससे यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।
- यह हाईवे एनएच-927 का हिस्सा होगा और बाराबंकी को श्रावस्ती एयरपोर्ट, एनएच-27 और भारत-नेपाल सीमा से जोड़ेगा। मार्ग के साथ तीन मीटर चौड़ी डक्ट में ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई जाएंगी, जिससे मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं बेहतर होंगी। कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए कंपनियां इस मार्ग के किनारे भूमि भी लीज पर ले सकेंगी।
- यह परियोजना महादेवा कॉरिडोर के चलते बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए तैयार की गई है और उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का लक्ष्य रखती है। वर्तमान में इस मार्ग पर प्रतिदिन करीब 25,000 वाहन चलते हैं, जिससे संजय सेतु पुल पर दबाव बढ़ता है। चार लेन विस्तार से बाराबंकी, बहराइच, गोंडा और बलरामपुर जिलों के लोगों के साथ-साथ नेपाल जाने वाले यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की देशव्यापी डिजिटल हाईवे पहल के तहत यह परियोजना दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और हैदराबाद-बेंगलुरु कॉरिडोर की सफलता के बाद एक और अहम कदम है, जो भारत के सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# मां की हत्या और बेटी के अपहरण से गांव में तनाव, 2 पर केस दर्ज

## मेरठः पुलिस की 10 से ज्यादा टीमें युवती की तलाश में जुटीं

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ : सरधना थाना इलाके के कपसाड़ गांव में अनुसूचित जाति की महिला सुनीता की हत्या और उसकी बेटी के अपहरण का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद जब सुनीता का शव गांव पहुंचा तो परिवारीजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और बेटी की सकुशल बरामदगी होने तक अंतिम संस्कार से साफ इनकार कर दिया। सूचना पर जिले के सीनियर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भारी पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचे और परिवारीजनों को समझाने की कोशिश की लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। हालात को देखते हुए गांव में काफी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

एसपी सिटी विपिन टाडा ने बताया कि परिवारीजनों की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी और युवती की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस की 10 से ज्यादा टीमें लगाई गई हैं। पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जा रही है।

**गांव के लोगों पर ही हत्या का आरोप**



आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन हुआ।

जानकारी के मुताबिक, कपसाड़ गांव की रहने वाली सुनीता गुरुवार को अपनी बेटी रूबी के साथ खेत पर गई थीं। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही रहने वाले पारस सोम और सुनील सोम ने रूबी का अपहरण किया है। विरोध करने पर आरोपियों ने सुनीता पर हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। इलाज के दौरान सुनीता की मौत हो गई।

**पिता देख रहे बेटी की राह :** बेटी के पिता ने नम आंखों से बताया कि अगर उनकी बेटी सकुशल लौट आती तो उसके हाथ पीले करने की तैयारी थी। पहले उसकी शादी 2 मई को तय की गई थी लेकिन बाद में अप्रैल में शादी करने का फैसला लिया गया था। इसके लिए तारीख तय की जानी थी। उन्होंने कहा कि खुशियां आने से पहले ही घर में मातम छा गया। पत्नी की भी हत्या हो गई और बेटी अब तक लापता है। 24 घंटे से ज्यादा समय बीत चुका है लेकिन पुलिस अभी तक उनकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

### सियासत भी हो गई तेज

मामले को लेकर राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। शुक्रवार को सपा विधायक अतुल प्रधान को पुलिस ने कपसाड़ गांव जाने से रोक दिया। इस दौरान पुलिस और सपा कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। इसके बाद अतुल प्रधान गांव के बाहर ही धरने पर बैठ गए। जानकारी के मुताबिक सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी पीड़ित परिवार से फोन पर बातचीत की है। आजाद समाज पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल के नेताओं ने भी बच्ची की जल्द बरामदगी और आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग भी उठाई गई है।

# सीतापुर में जीएसटी चोरी का संगठित गिरोह पकड़ा, सात गिरफ्तार



■ NBT न्यूज, सीतापुर : जनपद में जीएसटी चोरी के एक बड़े और संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए खैराबाद पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने सात अंतरजनपदीय शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 8 लाख रुपये नकद, 5 लैपटॉप, 37 मोबाइल फोन, 80 सिम कार्ड, 37 एटीएम कार्ड, 39 स्टांप, 18 बिल बुक, 10 पैन कार्ड, 57 चेक बुक, 10 बैंक पासबुक, 135 विभिन्न बैंकों के चेक, 9 डिजिटल सिग्नेचर यूएसबी डिवाइस, 2 हार्ड डिस्क, 651 फर्जी बिल, टैक्स इनवॉइस व ई-वे बिल तथा 2 चार पहिया वाहन बरामद हुए हैं।

8 लाख रुपये नकद, 5 लैपटॉप, 37 मोबाइल फोन, 37 एटीएम कार्ड, 39 स्टांप, 18 बिल बुक बरामद

एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि थाना खैराबाद और एसओजी की टीम ने ग्राम अटेश्वर के पास उस समय कार्रवाई की, जब आरोपित सबूतों और नकदी के साथ फरार होने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में मो. आतिफ, अनवारुल हक, मो. अम्मार (सीतापुर), दनैर (कानपुर), अब्दुल नासिर, जीशान और मो. आरिफ (सीतापुर) शामिल हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपित खुद को लकड़ी कारोबारी बताकर भोले-भाले और कम पढ़े-लिखे लोगों को सरकारी योजनाओं व मुनाफे का लालच देते थे। उनके दस्तावेज लेकर 60 से 70 फर्जी फर्में बनाई जाती थीं और कूटरचित लकड़ी व्यापार दिखाकर फर्जी जीएसटी बिल तैयार किए जाते थे, जिससे सरकार को लाखों रुपये की राजस्व हानि हो रही थी।

## फटाफट खबरें

### नगर पालिका का लिपिक घूस लेते गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : ऐंटी करप्शन यूनिट प्रयागराज ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद प्रतापगढ़ के लिपिक प्रशांत सिंह को ठेकेदार से 87 हजार 500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। आरोपित ने पूछताछ में नगर पंचायत ढकवा के अधिशासी अधिकारी (ईओ) के भी इसमें शामिल होने की बात बताई, जिस पर ऐंटी करप्शन टीम ने ईओ अभिनव यादव और लिपिक प्रशांत सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। भदोही के ऊंज मूल निवासी ठेकेदार प्रवीण रामपाल वर्तमान में झूसी, प्रयागराज में रहते हैं। प्रवीण ने छह जनवरी को ऐंटी करप्शन यूनिट प्रयागराज में ईओ और लिपिक पर रिश्वत मांगने की लिखित शिकायत की थी।

### संक्रांति स्नान की तैयारियों की समीक्षा आज

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : सीएम योगी आदित्यनाथ 10 जनवरी को प्रयागराज आ रहे हैं। वह माघ मेला के साथ डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय भी जाएंगे। सीएम सतुआ बाबा के शिविर में जगद्गुरु रामानंदाचार्य की जयंती पर आयोजित समारोह में भी शामिल होंगे। इस मौके पर शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। इसके बाद वह प्रयागराज मेला प्राधिकरण में बैठककर मकर संक्रांति व मौनी अमावस्या स्नान पर्व को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

### सीतापुरः 3 ऐतिहासिक इमारतें होंगी कब्जा मुक्त

■ NBT न्यूज, सीतापुर : नगर पालिका परिषद सीतापुर ने नजूल संपत्तियों को कब्जा मुक्त करवाने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है। टाउन हॉल के बाद अब रंग महल, रानी कोठी और लालकपड़ा कोठी पर अवैध कब्जेदारों को 15 दिन में परिसर खाली करने के नोटिस जारी किए गए हैं। पालिका ने चेतावनी दी है कि समय पर कब्जा न हटाने पर बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी और खर्च की वसूली की जाएगी।

### केरल-हरियाणा व रेलवे-सर्विसेज सेमीफाइनल में

■ NBT न्यूज, वाराणसी : डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही 72वीं सीनियर नैशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में यूपी की महिला और पुरुष टीमों की चुनौती समाप्त हो गई। महिला वर्ग के क्वॉर्टर फाइनल में केरल ने यूपी को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि हरियाणा ने बंगाल को 3-0 से शिकस्त दी। पुरुष वर्ग में रेलवे ने हरियाणा को 3-1 से और सर्विसेज ने राजस्थान को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इससे पहले रेलवे टीम ने 3-2 से शिकस्त देकर यूपी टीम को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। मैचों के दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' सहित कई लोग मौजूद रहे।

### बनारस में बनेगा प्रदेश का पहला खादी प्लाजा

■ NBT न्यूज, वाराणसी : बनारस में उत्तर प्रदेश का पहला खादी प्लाजा बनेगा। यह जानकारी क्षेत्रीय गांधी आश्रम के मंत्री श्रीप्रकाश पांडेय ने दी। खादी प्लाजा बनाने का प्रस्ताव खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग मुंबई के निदेशक विपणन को भेज दिया गया है। वहां से मंजूरी मिलते ही निर्माण प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बताया कि प्लाजा का निर्माण खादी आश्रम के चार मंजिला भवन के 3600 वर्ग फुट क्षेत्र में किया जाएगा।

### आगरा से 38 बांग्लादेशी घुसपैठिए डिपोर्ट होंगे

■ NBT रिपोर्ट, आगरा : आगरा में अवैध रूप से रह रहे 38 बांग्लादेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस शनिवार को सभी को अपनी कस्टडी में लेकर कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच पश्चिम बंगाल के लिए रवाना होगी। वहां इंटेलिजेंस ब्यूरो से तालमेल के बाद इन सभी को बीएसएफ के हवाले किया जाएगा। बीएसएफ 13 जनवरी को इन्हें सीमा पार करवाकर बांग्लादेश भेजेगी।

### पार्षदों का निलंबन वापस होने के आसार

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर : कानपुर नगर निगम में महापौर और पार्षदों के बीच जारी तनातनी खत्म होने के आसार हैं। गुरुवार को महापौर प्रमिला पांडेय ने लखनऊ में सीएम से मुलाकात की थी। शुक्रवार सुबह वह बीजेपी कानपुर उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित से मिलीं। दीक्षित ने बताया कि अब मान जाना चाहिए कि मामले का पटाक्षेप हो जाएगा। महापौर से 2 पार्षदों का निलंबन वापस लेने पर चर्चा हुई है। बीते दिनों कानपुर नगर निगम के सदन की बैठक में दो पार्षदों अंकित मौर्य और पवन गुप्ता को अगली 4 बैठकों से निलंबित कर दिया गया था।

### कानपुर में टीचर पर रेप का आरोप, अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर : किदवई नगर में एक कोचिंग टीचर पर 10वीं की छात्रा से रेप करने का आरोप लगा है। आरोप है कि लड़की को धमकाकर एक महीने से उससे रेप किया जा रहा था। गुरुवार को छात्रा ने कोचिंग जाने से इनकार किया तो बातचीत में मां को पूरा सच पता चला। इसके बाद परिवार ने एफआईआर दर्ज करवाई। डीसीपी ने बताया कि आरोपित कोचिंग टीचर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### स्कूल में मजहबी शिक्षा देने पर विवाद, जांच

■ NBT न्यूज, वाराणसी: आजमगढ़ के एक CBSE मान्यता प्राप्त स्कूल का वीडियो सामने आने के बाद हिंदू संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा है। जिला प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में स्कूल शिक्षिका द्वारा 5-6 साल के बच्चों को मजहबी सवाल-जवाब सिखाते हुए सुना जा सकता है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हरवंश मिश्र का कहना है कि बच्चों को मजहबी शिक्षा देना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## मजदूरों को मिलने वाले रोजगार में भ्रष्टाचार समाप्त होगा : स्वतंत्र देव

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : प्रदेश के जल शक्ति मंत्री और प्रयागराज के जिला प्रभारी स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार ऐंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम से ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को मिलने वाले रोजगार में भ्रष्टाचार समाप्त होगा। शुक्रवार को सर्किट हाउस में उन्होंने कहा कि इसमें हर ग्रामीण परिवार के एक सदस्य को 125 दिन रोजगार मिलेगा जबकि पहले 100 दिन का रोजगार मिलता था। इस योजना में आदिवासियों के लिए 25 दिन के अतिरिक्त रोजगार का प्रावधान भी है। मजदूरों को बैंकों के जरिए हर सप्ताह भुगतान किया जाएगा। वहीं, बुआई और कटाई के लिए 60 दिन का विराम होगा।

कहा कि डिजिटल माध्यम से फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा कि कुछ लोग इस योजना को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं। मजदूर को आगे बढ़ाया जा रहा, इसलिए विपक्ष को दर्द हो रहा है। कांग्रेस के समय की सभी योजनाएं एक खानदान के नाम से होती थीं।



जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव ने शुक्रवार को प्रयागराज में प्रेस वार्ता की।

## वीबी-जीरामजी बिल से 125 दिन रोजगार मिलेगा : शाही

■ NBT न्यूज, अयोध्या : कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विकसित भारत-जीरामजी बिल को 125 दिन रोजगार की गारंटी वाला बताया है। उन्होंने कहा कि बिल लागू होने से ग्रामीण रोजगार योजना को कानूनी गारंटी मिली है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि विकसित भारत-जीरामजी बिल के तहत अब रोजगार गारंटी की अवधि 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। इससे मजदूरों को पूरे 125 दिन काम मिलने की सुनिश्चित व्यवस्था की गई है।



कहा कि पहले मनरेगा के अंतर्गत केवल मिट्टी से जुड़े काम ही करवाए जाते थे, लेकिन अब कार्यों का दायरा बढ़ाया गया है। योजना में नाले-नालियों का निर्माण, आरसीसी सड़कों का निर्माण और जल निकासी से जुड़े कार्यों को भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से बचाव के कार्य भी अब योजना के तहत कराए जा सकेंगे।

## माघ का पलट प्रवाह, दो लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे विश्वनाथ दरबार



■ NBT न्यूज, वाराणसी : संगम में स्नान के साथ ही काशी में माघ मेले का पलट प्रवाह शुरू हो गया है। माघ मेले के श्रद्धालुओं के काशी आने से शुक्रवार को काशी विश्वनाथ धाम की सड़कों-गलियों से लेकर गंगा घाटों पर रेला दिखाई दिया। काशी विश्वनाथ मंदिर में सुबह से शाम तक करीब दो लाख लोगों ने दर्शन-पूजन किया। रात तक यह संख्या और बढ़ेगी। मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि माघ मेले के सभी प्रमुख स्नान पर्वों के दौरान श्रद्धालुओं को ऐंड-टु-ऐंड बैरिकेडिंग से झांकी दर्शन करवाया जाएगा।

### वाराणसी में चोरी का खुलासा, तीन करोड़ का सोना बरामद

■ NBT न्यूज, वाराणसी : वाराणसी में अब तक की सबसे बड़ी चोरी का खुलासा हुआ है। पुलिस ने दो किलो सोने के आभूषणों को बरामद करने के साथ पांच चोरों को गिरफ्तार किया है। बरामद सोने की कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है। डीसीपी सरवणन टी. ने बताया कि बीते मंगलवार को कर्णघंटा थोक सराफा बाजार में महाराष्ट्र के कारोबारी दिवाकर राणा की दुकान से दो किलो 120 ग्राम सोने के आभूषणों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। 48 घंटों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूरा सोना बरामद कर लिया है।

डीसीपी के मुताबिक पकड़े गए दीपेश चौहान, विकास बैनर्जी, शुभम विश्वकर्मा, सैफुद्दीन अंसारी और तारक घोषाई दुकान पर आभूषण बनाने का काम करते थे। चोरों ने दुकान की डुप्लिकेट चाबी बनाकर तिजोरी से सोने के आभूषण उड़ा दिए थे।

### परिवहन मंत्री समेत 14 आरोप से मुक्त



■ NBT न्यूज, वाराणसी : बलिया के विशेष न्यायिक मैजिस्ट्रेट अनिल कुमार मिश्र ने सूबे के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह सहित 14 लोगों को निषेधाज्ञा उल्लंघन के आरोप से मुक्त कर दिया है। मामला 9 सितंबर 2015 को चक्का जाम करने से संबंधित था, जिसमें आरोपियों पर धारा 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने दयाशंकर समेत 14 नामजद लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान विशेष न्यायिक मैजिस्ट्रेट की अदालत में शासन के निर्देश पर अभियोजन की ओर से मुकदमे को वापस लेने का प्रार्थना पत्र दिया गया था। विशेष न्यायिक मैजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष ने अपनी याचिका में मामले की कमियां बताई हैं और कहा है कि इसके सफल होने के अवसर कम लग रहे हैं। उपरोक्त तथ्यों को देखते हुए अभियोजन पक्ष को मामला वापस लेने की इजाजत देना सही है।

### वाराणसी केस में अमिताभ को जमानत

■ NBT न्यूज, वाराणसी : वाराणसी के चौक थाने में दर्ज मामले में पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को अदालत से शुक्रवार को राहत मिली है। जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत ने अमिताभ ठाकुर की जमानत अर्जी मंजूर करते हुए 50-50 हजार की दो जमानत एवं बंधपत्र पर रिहा करने का आदेश दिया है। अमिताभ ठाकुर द्वारा कफ सिरप प्रकरण को लेकर किए गए एक पोस्ट पर हिंदू युवा वाहिनी के नेता अंबरीष सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था।



## खबरें कोर्ट से

### कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ रेप केस की डायरी तलब

■ NBT न्यूज, लखनऊ : इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के विरुद्ध सीतापुर में दर्ज दुराचार मामले की पूरी केस डायरी तलब की है। कोर्ट ने ट्रायल प्रक्रिया पर अंतरिम रोक भी लगा रखी है। न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश राठौर की पुनरीक्षण याचिका पर दिया। अभियुक्त की ओर से राजनीतिक द्वेष का आरोप लगाया गया है, जबकि राज्य सरकार ने याचिका का विरोध किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई 21 जनवरी तय की है और संबंधित क्षेत्राधिकारी को केस डायरी सहित उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

### पुलिस अभिरक्षा में मौत की शिकायत करने वाले को HC से राहत

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने झांसी के सिपरी बाजार थाना क्षेत्र निवासी हेमंत सोनी उर्फ पिंटू के खिलाफ सीजेएम झांसी की कोर्ट में चल रही आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने शिकायतकर्ता और राज्य सरकार से याचिका पर जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति एस.के. पचौरी की एकलपीठ ने यह आदेश दिया। याची का कहना है कि उसने पुलिस अभिरक्षा में मौत की शिकायत डीजीपी से की थी, जिससे नाराज पुलिस ने शिकायतकर्ता की मिलीभगत से झूठा केस दर्ज कराया। कोर्ट ने मामले को विचारणीय मानते हुए नोटिस जारी किया है।

## अयोध्या/बाराबंकी


### मंदिर के 15 किमी के दायरे में नॉनवेज सप्लाई पर रोक

■ NBT न्यूज, अयोध्या : अयोध्या धाम और पंचकोसी परिक्रमा के भीतर नॉनवेज की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। यह रोक ऑनलाइन डिलिवरी पर भी रहेगी। अयोध्या प्रशासन ने शुक्रवार को राम मंदिर के 15 किलोमीटर के दायरे में मांसाहारी भोजन की सप्लाई पर प्रतिबंध लगा दिया है।

यह जानकारी सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विदेशी ऑनलाइन फूड डिलिवरी कंपनियों पर सीधे रोक लगाने का अधिकार विभाग के पास नहीं है, लेकिन मंदिर क्षेत्र और अयोध्या नाम से संचालित होटलों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी ग्राहक को बाहर से नॉनवेज भोजन की आपूर्ति न करें। कुछ श्रद्धालुओं की शिकायत के बाद यह कदम उठाया गया है, हालांकि अब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आया है।

### डीएम अयोध्या, नगर पंचायत पर हर्जाना

■ NBT न्यूज, लखनऊ : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने डीएम अयोध्या पर 7,700 रुपये और नगर पंचायत गोसाईगंज पर 5,500 रुपये का हर्जाना लगाया है। कोर्ट ने पाया कि आदेश के बावजूद डीएम ने जवाब दाखिल नहीं किया, जबकि नगर पंचायत ने बिना दस्तावेज के औपचारिक हलफनामा दाखिल किया। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति एके चौधरी की बेंच ने लियाकत अली की जनहित याचिका पर यह आदेश दिया। याचिका में गोसाईगंज नगर पंचायत की कथित तालाब दर्ज भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप है।



### मुश्किल : 122 पेड़ और पावर ट्रांसमिशन लाइन बनी बाधा

# अयोध्या एयरपोर्ट के विस्तार में लगा अतिक्रमण का ब्रेक

■ गौरव दास, अयोध्या

महर्षि वाल्मीकि इंटरनैशनल एयरपोर्ट के सेकंड इंटरनैशनल ब्लॉक का निर्माण प्रशासन की ओर से उपलब्ध करवाई गई जमीन पर मौजूद अतिक्रमण और अन्य तकनीकी बाधाओं के कारण शुरू नहीं हो पा रहा है। एयरपोर्ट प्रशासन इस मुद्दे को लेकर कई बार जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चुका है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। दो दिन पहले एक बार फिर इस समस्या को लेकर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई, जिसमें अतिक्रमण समेत सभी बाधाओं को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया गया है।

**ये है प्रमुख बाधाएं:** एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि इंटरनैशनल मानकों के अनुरूप एयरपोर्ट विस्तार के सेकंड फेज का निर्माण प्रस्तावित है। इसके पहले चरण में 5 किमी लंबी बाउंड्री वॉल का निर्माण होना है, लेकिन अभी केवल 3 किमी बाउंड्री वॉल ही बन सकी है।

निर्माण में 122 पेड़, पावर ट्रांसमिशन लाइन की शिफ्टिंग, पुरानी सड़क का डायवर्जन और अधिग्रहीत भवनों में रह रहे लोगों को हटाना बड़ी बाधाएं हैं। इन समस्याओं के समाधान के बाद ही अतिरिक्त 5 किमी लंबी बाउंड्री वॉल के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो सकेगी।

**सेकंड फेज का पूरा प्लान**

- 64,000 वर्गमी. में होना है इंटरनैशनल ब्लॉक का निर्माण
- 6 एरोब्रिज बनेंगे
- 18 हैंगर और उच्च स्तरीय एटीसी टावर
- 1,000 वाहनों की मल्टीलेवल पार्किंग
- 2,200 मी लंबा रनवे बढ़ाकर 3,750 मी. तक किया जाएगा



**AAI को भेजा प्लान**

निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि सेकंड फेज के इंटरनैशनल ब्लॉक की डिजाइन और पूरा प्लान एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) को भेज दिया गया है। निर्माण शुरू होने के बाद इसे पूरा होने में लगभग दो साल का समय लगेगा। हालांकि, इससे पहले सीसीईए से अप्रूवल, डीपीआर तैयार करने, एईए से एनओसी और फिर टेंडर प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

**वर्तमान स्थिति**

फिलहाल एयरपोर्ट से इंडिगो, स्पाइसजेट, अकासा, एयर इंडिया एक्सप्रेस और अलायंस एयर की कुल 24 उड़ानों का संचालन देश के प्रमुख महानगरों के लिए हो रहा है। मार्च से अकासा एयरलाइंस बेंगलुरु के लिए उड़ान शुरू करेगी, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस पुणे के लिए फ्लाइट शुरू करने जा रही है।

### अभ्युदय की कक्षाएं अयोध्या मंडल में भी

■ NBT न्यूज, अयोध्या : मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत मंडल के अयोध्या, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, सुलतानपुर और अमेठी में निःशुल्क शिक्षण कार्यक्रम शुरू होगा। मंडलीय कमिश्नर राजेश कुमार ने बताया कि राजकीय या राज्य से अनुदानित इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्व प्रशिक्षण केंद्रों के भवन निःशुल्क कक्षाओं के लिए उपयोग किए जाएंगे।

### पटेल महिला महाविद्यालय के पदाधिकारियों सहित 10 पर केस

गबन व धोखाधड़ी का मामला, जिला सहकारी बैंक के फ्रीज खाते से दो करोड़ निकलने का भी आरोप

■ NBT न्यूज, बाराबंकी : सीजेएम सुधा सिंह के आदेश पर कोतवाली नगर पुलिस ने मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय की प्रबंध समिति के पदाधिकारी उमाशंकर वर्मा मुन्नू भईया व धीरेंद्र कुमार वर्मा सहित 10 लोगों के खिलाफ गबन व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

महाविद्यालय की प्रबंध समिति की संरक्षक सदस्य व संस्थापक कृष्णा चौधरी ने सीजेएम के समक्ष तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। आरोप लगाया कि महाविद्यालय की प्रबंध समिति के चुनाव फर्जी तरीके से करवाए गए और पदाधिकारी बनाए गए लोगों ने 50 लाख रुपये आठ नवंबर 2021 को दयाराम ऐंड संस के संचालक राजेश गुप्ता के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। कथित पदाधिकारी उमाशंकर वर्मा ने 20 लाख रुपये अपने बेटे मयंक पटेल के बैंक खाते में भेजे। इसका अनुमोदन तक संस्था की बैठक में नहीं लिया गया। संस्था का एक अकाउंट बिना अनुमोदन के जिला सहकारी बैंक में खोला गया। बाद में शिकायत पर यह बैंक खाता फ्रीज किया गया तो उससे दो करोड़ रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। इसमें बैंक के तत्कालीन चेयरमैन धीरेंद्र कुमार वर्मा भी शामिल थे। आरोप लगाया कि उमाशंकर वर्मा व धीरेंद्र कुमार वर्मा ने महाविद्यालय के कर्मचारियों अखिलेश, मान सिंह, अजय वर्मा, राकेश कुमार, विजय, सुनील, राजीव, अशोक के नाम 15 जुलाई 2022, 26 जुलाई 2022, 18 अगस्त 2023 व 20 अगस्त 2023 को सेल्फ व कुछ नाम से चेक काटे और रकम निकालकर हड़प ली। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### साइबर फ्रॉड की रकम खाते में मंगवाने में तीन पर केस

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: साइबर फ्रॉड की रकम मंगवाने के लिए बैंक अकाउंट को किराए पर देने में कोतवाली नगर पुलिस ने खाताधारक सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जांच में मिले के ऐसे 34 बैंक अकाउंट चिह्नित हुए जिनमें साइबर फ्रॉड की रकम मंगाई जा रही है।

कोतवाली नगर में साइबर सेल के एसआई इंस्पेक्टर इश्तियाक अहमद खां ने मुकदमा दर्ज कराया है कि पोर्टल साइबर की ओर से मिली बैंक खातों की सूची की जांच में पता चला कि आंध्रप्रदेश के नंदयाल के राजकुमार से 2,48,226 रुपये, आंध्रप्रदेश के ही जयप्रकाश से 29 जनवरी 2024 को 10 हजार व गौतमबुद्धनगर के बिसरख के विवेक से 1,30,000 रुपये बाराबंकी नगर के आनंद विहार कॉलोनी के हर्षित सिंह के फेडरल बैंक स्थित खाते में मंगवाए गए थे। हर्षित ने रकम का 2% कमिशन के तौर पर लेकर बैंक अकाउंट संचालन के लिए कोटवाधाम के आदर्श वर्मा को दिया था। आदर्श ने 8100 रुपये कमिशन लेकर हर्षित के खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर पश्चिम बंगाल के दीनाजपुर के निरंजन मालाकार के नाम के नंबर से बदलवाया। जांच में आदर्श की निरंजन के मोबाइल पर बातचीत भी सामने आई है।

## फटाफट खबरें

### 77 किलो पोस्ता छिलका बरामद, 2 अरेस्ट

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: पुलिस ने दो कारों से ले जाए जा रहा 77 किलो पोस्ता छिलका का बुरादा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि जैदपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस टीम ने एक कार को रोककर तलाशी ली तो उसमें बोरे में भरा हुआ पोस्ता का छिलका का बुरादा मिला। कार सवार सफदरगंज थाना के पल्हरी निवासी फिरोज व जैदपुर कस्बे के मोहल्ला बजारन के उस्मान को दबोच कर मुकदमा दर्ज किया गया।

### मॉर्फीन तस्कर को 10 साल का कारावास


■ NBT न्यूज, बाराबंकी: 13 साल पहले मॉर्फीन तस्करी के आरोपित रामनगर थाना क्षेत्र के अमोली कला के निवासी तेग बहादुर सिंह उर्फ मिट्टू को अपर जिला जज ने 10 साल के कारावास की सजा सुनाई। एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। सहअभियुक्त जैदपुर के टिकरा मुर्तजा के इश्तियाक को दोषमुक्त करार दिया। एडीजीसी राजेश मिश्र ने बताया कि जैदपुर पुलिस ने 12 जुलाई 2012 को तेग बहादुर सिंह व इश्तियाक को 300 ग्राम मॉर्फीन के साथ पकड़ा था।

### FSSAI सर्टिफाइड होगा रामलला का भोग

■ NBT न्यूज, अयोध्या : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान रामलला को रोजाना लगने वाले भोग प्रसाद की खाद्य सुरक्षा विभाग फरवरी से FSSAI मानक पर जांच करेगा। भोग प्रसाद के निर्माण के किचन की जांच के लिए दिल्ली से टीम आएगी जो इसकी शुद्धि का सर्टिफिकेशन करेगी। यह जानकारी खाद्य सुरक्षा के सहायक आयुक्त मानिक चंद्र सिंह ने शुक्रवार को दी।

### नशे के खिलाफ निकाली मिनी मैराथन

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले शुक्रवार को जिला सत्र न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने कोर्ट गेट से नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एडीजे व डालसा के सचिव श्रीकृष्णचंद्र सिंह, क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर, कोच मयंक त्रिवेदी, रियाज, पंकज पांडेय, कीर्ति, हिना खान, सुनील, टीएसआई राम बरन यादव मौजूद रहे।



### लापरवाही से सहकर्मी की मौत पर सजा

■ NBT न्यूज, बाराबंकी : लापरवाही से गोली चलने से हुई मौत के मामले में अपर जिला जज राकेश कुमार सिंह ने आरोपित सिक्योरिटी गार्ड नैमीलाल को दो साल के कारावास की सजा सुनाई है। 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। घटना 30 सितंबर 2019 की सुबह देवा रोड स्थित टाटा मोटर्स के पास हुई थी। ड्यूटी के दौरान नैमीलाल ने लोडेड बंदूक एम्बुलेंस पर रख दी। इसी दौरान बंदूक उठाने पर छीना-झपटी हुई और गोली चलने से सत्यपाल सिंह की मौत हो गई।


CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL11 User: kranti.mishra Time: 01-10-2026 00:21 Color:



# विधायक SIR में सुस्त तो मुश्किल होगी 2027 की राह

Deep.Singh@timesofindia.com

■ रिपोर्ट कार्ड में SIR होगा अहम, केंद्रीय नेतृत्व तक भेजी जा रही रिपोर्ट
■ सख्ती के बाद आई सक्रियता, सबसे ज्यादा दावे और आपत्तियां भाजपा के



AI Image

लखनऊ : विशेष मतदाता पुनरीक्षण (SIR) के तहत आपत्तियों और दावों का दौर शुरू हुआ तो इसमें सबसे सक्रिय भाजपा ही नजर आ रही है। पहले दो दिन में 95% आपत्तियां और दावे भाजपा की ओर से दाखिल किए गए हैं। इसकी वजह है SIR को लेकर पार्टी नेतृत्व की चिंता और सख्ती। शुरुआत में SIR में बड़ी संख्या में लोगों के नाम कटने के बाद पार्टी नेतृत्व ने सख्त चेतावनी दी है। खासतौर से विधायकों और मंत्रियों पर सीधी निगाह है कि वे कितना सक्रिय हैं। इसकी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व तक भेजी जा रही है। उनका रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा, उसमें भी SIR की अहम भूमिका होगी। यदि इस काम में ढिलाई बरती तो उनके लिए 2027 की राह बहुत मुश्किल हो सकती है।

**लगातार जताई जा रही चिंता :** भाजपा केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का SIR पर शुरुआत से ही काफी फोकस रहा है। इसके लिए लगातार बैठकें और कार्यशालाएं हुईं। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रदेश से लेकर निचले स्तर के पदाधिकारियों, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों की जिम्मेदारी तय की गई। इसके बावजूद बड़ी संख्या में मतदाता कम होने पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व ने चिंता जताई। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसको लेकर कई बार चिंता जता चुके हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले हुई कार्यशाला में विधायकों को सचेत किया था कि यदि वे SIR में ठीक से काम नहीं कर रहे तो ये उनके लिए खतरे की घंटी हो सकती है। उन्होंने सभी काम छोड़कर SIR में जुटने के निर्देश दिए थे।

**यहां सबसे ज्यादा कटे नाम :** पिछली बैठक में सीएम ने कई ऐसी विधानसभाओं के नाम गिनाए थे जिनमें सबसे ज्यादा नाम कटे हैं। इनमें लखनऊ कैंट, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ दक्षिणी, हरदोई, मिल्कीपुर, आगरा दक्षिणी, लखीमपुर सहित कई विधान सभाएं शामिल हैं। भाजपा की चिंता इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि महानगरों में बड़ी संख्या में वोट कटे हैं। सबसे ज्यादा 30.04% वोट लखनऊ में कटे हैं। गाजियाबाद में 28.83%, कानपुरनगर में 25.98%, बलरामपुर में 25.98%, मेरठ में 24.65%, प्रयागराज में 24.64%, गौतम बुद्ध नगर में 23.25%, हापुड़ में 22.30% और आगरा में 23.25% वोट कटे हैं। इतने वोटरों के नाम कटने के बाद पार्टी नेतृत्व का पूरा फोकस अब आपत्तियों और दावों पर है। यही वजह है कि इतनी बड़ी संख्या में भाजपा की ओर से आपत्तियां की जा रही हैं।

## आसान नहीं होगी टिकट मिलना

पार्टी सूत्रों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व SIR की कड़ी मॉनिटरिंग कर रहा है। खासतौर से विधायकों की सक्रियता पर नजर रखी जा रही है। पार्टी पदाधिकारियों से उनके बारे में फीडबैक लिया जा रहा है। विधायकों को भी इस बात का इशारा कर दिया गया है कि वे इस काम में ठीक से नहीं जुटते तो 2027 में उनके लिए चुनाव लड़ना आसान नहीं होगा। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली कार्यशाला में ऐसी कई विधानसभाओं का नाम भी लिया था, जहां सबसे ज्यादा वोट कटे हैं। उन्होंने दावे और आपत्तियों के लिए स्पष्ट निर्देश दिए थे ताकि अधिक से अधिक नाम जोड़े जा सकें।

## राज्य कर विभाग शिकायतों का करेगा ऑनलाइन समाधान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राज्य कर विभाग अब व्यापारियों की शिकायतों की ऑनलाइन सुनवाई करेगा। विभाग इसके लिए तैयारी कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक शिकायतों से संबंधित पत्रावलियां अब ई-ऑफिस से आगे बढ़ाई जाएंगी। शिकायतकर्ता हर शिकायत को ट्रैक कर सकेंगे और निपटारे के बाद विभाग उन्हें अलग से जानकारी भी देगा।

शासन की ई-ऑफिस व्यवस्था से राज्य कर आयुक्त कार्यालय को जोड़ा जाएगा। कर्मचारियों व अधिकारियों को इस काम में प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी एनआईसी को दी गई है। शिकायतों की ऑनलाइन सुनवाई में विभाग की प्रमुख सचिव भी हिस्सा लेंगी। हर शिकायत के एवज में शिकायतकर्ता को ई-रसीद दी जाएगी, जिसके माध्यम से वह अपनी शिकायत को चरण दर चरण देख सकेंगे।

# 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने किया 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान

बिजली कंपनियों के निजीकरण, श्रम संहिता और विद्युत संशोधन बिल का करेंगे विरोध

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने 12 फरवरी को एक दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। उन्होंने बिजली कंपनियों के निजीकरण, श्रम संहिता और विद्युत संशोधन बिल के ड्राफ्ट पर आपत्ति जताई है। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच में एटक, एआईयूटीयूसी, सीटू, एआईसीसीटीयू, इंटक, एचएमएस, सेवा, एलपीएफ, यूटीयूसी शामिल हैं। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि सभी ट्रेड यूनियन सहमत हैं कि विद्युत संशोधन बिल का ड्राफ्ट आम उपभोक्ताओं, किसानों और कर्मचारियों के हितों के विपरीत है। अगर यह बिल संसद से पास हो गया तो इसके बेहद घातक परिणाम होंगे। ऊर्जा क्षेत्र को पूरी तरह तबाह कर देगा।

यूनियनों ने तय किया है कि 16 जनवरी को विद्युत संशोधन बिल और बीज बिल के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले देश भर में प्रतिरोध दिवस मनाया जाएगा।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अनुदानित मदरसों पर मांगी रिपोर्ट


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी के अनुदानित मदरसों में फर्जी नियुक्तियों, छात्रों के मानवाधिकारों के हनन और कथित भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर ऐक्शन टेकन रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने यह नोटिस बाराबंकी के सामाजिक कार्यकर्ता मो.तलहा अंसारी की ओर से दाखिल शिकायत के आधार पर जारी की है। तलहा अंसारी ने दो जनवरी 2026 को अपनी शिकायत एनएचआरसी में दर्ज करवाई थी।

**SBI**
तृतीय-पक्ष प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट सेंटर, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021
शुद्धिपत्र-2
तृतीय-पक्ष लाइफसाइकल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन की खरीद
कृपया हमारे रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिए आमंत्रण संख्या SBI:TPM:CC:EOI:2025-26:01, दिनांक 05.12.2025 देखें और शुद्धिपत्र-01 दिनांक 25.12.2025 को जारी किया गया। शुद्धिपत्र-2 अपलोड किया गया है और इसे बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर प्रोक्योरमेंट न्यूज के तहत एवं ई-प्रोक्योरमेंट एजेंसी पोर्टल https://etender.sbi/SBI/ पर देखा जा सकता है। प्री-बिड प्रश्नों का उत्तर बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर अपलोड कर दिया गया है।
बोलियाँ जमा करने की संशोधित अंतिम तिथि एवं समय 19.01.2026 को 16:00 बजे तक, सिर्फ https://etender.sbi/SBI/ के माध्यम से ऑनलाइन।
दिनांक: 09.01.2026 उप महाप्रबंधक (विक्रेता प्रबंधन, नॉन-आईटी)

# SIR: महिलाओं के नाम ज्यादा कटे, बदलेंगे सियासी समीकरण

## ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में जेंडर रेशियो घटा, आंकड़ों को लेकर चुनाव आयोग ने साधी चुप्पी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ


AI Image

यूपी की सियासत में पिछले कुछ चुनावों में महिला वोटर गेम चेंजर रही हैं। लेकिन, वोटर लिस्ट को लेकर चलाए गए 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR)' अभियान में सबसे अधिक गाज उनके ही नाम पर पड़ी है। प्रदेश में वोटर लिस्ट से हटाए गए नामों में पुरुषों से अधिक महिलाएं हैं। कई जिलों में वोटर लिस्ट में पुरुषों एवं महिलाओं के अनुपात का अंतर 3-5% बढ़ गया है। इसका सीधा असर प्रदेश की सियासत पर देखने को मिल सकता है। फिलहाल, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय जेंडर रेशियो और SIR में हटाए गए नामों के जेंडर आधारित विवरण पर चुप्पी साधे हुए है।

वोटर लिस्ट में पुरुषों और महिलाओं के अनुपात का अंतर 3-5% बढ़ गया

6 जनवरी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने यूपी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी। इसमें 2.89 करोड़ वोटरों के नाम कट गए थे। उस दौरान रिणवा से यह सवाल पूछा गया था कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में जेंडर रेशियो क्या है, तो वह बाद में इसका आकलन करने की बात कह सवाल टाल गए थे। ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के तीन दिन बाद भी जेंडर रेशियो पर आयोग ने स्थिति साफ नहीं की है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक असर :** कुशीनगर जिले में 2.20 लाख पुरुषों और 2.82 लाख महिलाओं के नाम कटे हैं। यहां की सभी 7 विधानसभाओं में महिलाओं के नाम पुरुषों की अपेक्षा अधिक हटाए गए हैं। बलरामपुर जिले में SIR के बाद 1.88 लाख पुरुषों और 2.23 लाख महिलाओं का नाम वोटर लिस्ट से बाहर हो गया है। जिले की वोटर लिस्ट में पहले महिलाओं की भागीदारी 46% से अधिक थी, जबकि अब यह घटकर 43% के करीब रह गई है। शाहजहांपुर जिले में जहां SIR के पहले पुरुषों की अपेक्षा 1.71 लाख महिलाएं कम थीं, ड्राफ्ट लिस्ट में यह अंतर बढ़कर 2.05 लाख पहुंच गया है। सूत्रों के अनुसार ग्रामीण आबादी वाले अधिकतर जिलों में यही ट्रेंड है। खासकर पूर्वांचल के कई जिलों में पुरुषों के अपेक्षा महिलाओं के नाम अधिक कटे हैं। अगर पूरे प्रदेश की बात करें तो पुरुषों की अपेक्षा 10% से अधिक महिलाओं के नाम वोटर लिस्ट से बाहर हो गए हैं।

### शिफ्टिंग का दिखा असर

SIR की प्रक्रिया से जुड़े एक प्रमुख राजनीतिक दल के पदाधिकारी का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के नाम अधिक कटने के पीछे की अहम वजह गिनाते हैं। उनका कहना है कि शादी के बाद महिलाओं का पता बदल कर ससुराल का हो जाता है। इस शिफ्टिंग का असर खूब पड़ा है। वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए वर्ष 2003 की सूची में माता-पिता का विवरण दिया जाना जरूरी थी। इसमें चूक के चलते बहुत से नाम कट गए हैं। हालांकि, आयोग और सियासी दल दोनों की यह कोशिश है कि दावे और आपत्ति की प्रक्रिया के दौरान और इससे इतर भी अभियान चलाकर वोटरों को जोड़ा जाए। लेकिन, अगर जेंडर रेशियो का यह अंतर जितना बढ़ेगा राजनीतिक समीकरण भी उतने ही बदलेंगे।

**U.P. COOPERATIVE SUGAR FACTORIES FEDERATION LTD**
9-A, RANA PRATAP MARG, LUCKNOW-226001
Tel No. (0522) 2200183, (0522)2628310, Fax: (0522) 2627994
Email: upsugarfed@yahoo.co.in | Website: www.upsugarfed.org
**Short Term e-Auction Notice on GEM Portal** Date:08.01.2026
Online E-Auctions on GEM Portal are invited for sale of free molasses in steel tanks from co- operative sugar mills of UP. to bonafide Consumers to whom license have been issued by the Excise Commissioner & Molasses Controller, Prayagraj, UP. E-Auction can be uploaded up to 06:55 PM on 08/01/2026.

| S.NO. | Particulars | Start Date and Time | End Date and Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Document and EMD deposit upload time | 08/01/2026 06:55 P.M. | 15/01/2026 12:00 P.M. |
| 2. | Evaluation | 15/01/2026 12:05 P.M. | 15/01/2026 03:00 P.M. |
| 3. | Auction Start | 15/01/2026 03:05 P.M. | 16/01/2026 03:05 P.M. |

The e-Auctions EMD is Rs. 20 per quintals, Total quantity for sale of free C-heavy molasses 631000.00 quintals.
The details for submission of e-Auctions on GEM Portal will be available on the GEM portal https://gem.gov.in and also on Federation website www.upsugarfed.org from 08/01/2026 at 06:55 P.M. The Federation reserves the right to cancel any or all the e-Auctions without assigning any reason. The decision of the Managing Director shall be the final and binding.
इस निविदा के संबंध में सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय वृद्धि आदि को केवल http://gem.gov एवं www.upsugarfed.org पर ही दिया जायेगा। निविदादाता नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से इन वेबसाइट्स को चेक करें।
MANAGING DIRECTOR

विज्ञापन संख्या 3/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
**टेलीकम्युनिकेशन्स कंसलटेंट्स इंडिया लिमिटेड में निदेशक (परियोजना)**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
**30 जनवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।**
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
**09 फ़रवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।**
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in में लॉग इन करें।

**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम | A Government of India Undertaking | सिंडिकेट Syndicate
सर्कल सत्र: लखनऊ
क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली
**ई-नीलामी बिक्री सूचना**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित सुरक्षित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के अंतर्गत 15 दिन नोटिस पर 'ई-नीलामी' द्वारा अचल सम्पत्तियों की बिक्री सूचना
**EMD प्राप्त होने की अंतिम तिथि 30.01.2026 सांय 5 बजे तक**
**नीलामी की तिथि व समय 31.01.2026 पूर्वाह्न 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक**
ऋणी व जमानतकर्ता को विशेष रूप से व सर्वसाधारण को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित सुरक्षित ऋण प्रदाता बैंक द्वारा बंधक/ प्रभारित अचल सम्पत्ति का केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सांकेतिक/भौतिक कब्जा लिया गया है। बंधक सम्पत्ति की बिक्री (जो है, जहाँ है, जैसी है एवं जैसी भी स्थिति में है) के आधार पर दिनांक 31.01.2026 को की जायेगी। पांच मिनट के अन्तराल से स्वतः विस्तार के साथ बिक्री पूर्ण होने तक।

| लॉट सं. | ऋणी/गारन्टर/बंधककर्ता का नाम एवं पता | सम्पत्ति का विवरण | कुल देयधनराशि / धरोहर राशि का खाता विवरण / कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा (EMD) |
|---|---|---|---|---|
| | **शाखा: गौरंगाबाद, मो. 9532444452, ई-मेल आईडी: cb19351@canarabank.com** | | | |
| 1. | ऋणी: मेसर्स श्री संकट ट्रेडर्स प्रोप श्री रोहन तिवारी, बसंत बिहार कॉलोनी छाउछ, जिला लखीमपुर खीरी 262701. श्री रोहन तिवारी, बसंत बिहार कॉलोनी, छाउछ, जिला लखीमपुर खीरी 262701. श्रीमती गीता तिवारी पत्नी श्री आलोक तिवारी, बसंत बिहार कॉलोनी, छाउछ, जिला लखीमपुर खीरी 262701. | प्लॉट नंबर 11 और 12एम, ग्राम छाउछ, गाटा नंबर 989 का भाग, मोहल्ला बसंत बिहार कॉलोनी, जिला लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश में श्रीमती गीता तिवारी पत्नी आलोक तिवारी के नाम से स्थित है। क्षेत्रफल 172.862 वर्गमीटर चौहद्दी: पूर्व: विक्रेता का प्लॉट नंबर 10, पश्चिम: अन्य की आराजी, उत्तर: अन्य की आराजी, दक्षिण: 20 फीट चौड़ी कच्ची रोड। | रु. 6,60,577.78/- + दि. 21.08.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे / A/c No. 125003386484 IFSC Code: CNRB0019351 / सांकेतिक कब्जा | रु. 39,78,000/- / रु. 3,97,800/- |

बिक्री के नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी केनरा बैंक की वेबसाईट (www.canarabank.com) पर उपलब्ध है अथवा उपर्युक्त शाखा के द्वारा शाखा प्रबंधक से किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में सम्पर्क करें। कार्यालय समय के दौरान 19.01.2026 से 21.01.2026 तक उपरोक्त शाखा के अधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व नियुक्ति के साथ सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है। धरोहर राशि का खाता विवरण ऊपर दिया गया है या Demand Draft जो प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के नाम सम्बन्धित शाखा पर देय हो। उपर्युक्त ई-नीलामी हेतु सेवा प्रदाता: E-BKRAY (M/s PSB ALLIANCE PVT. LTD) Website: https//ebkray.in, Mobile No- 7046612345, 6354910172, Email: support.ebkray@psballiance.com, support.ebkray@procure247.com
दिनांक: 10.01.2026 स्थान: लखीमपुर खीरी प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

## पंचायत, MLC और विधानसभा चुनावों की तैयारी करेगी कांग्रेस


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव और यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि यह चुनावी साल है, हमारे समक्ष पंचायत चुनाव, एमएलसी चुनाव और विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनौतियों के मद्देनजर पार्टी को एक विस्तृत रोडमैप तैयार करना है, जिसके जरिए हमें यूपी की सभी 403 विधानसभाओं पर एक मजबूत संगठन खड़ा करना है।

अविनाश पांडेय शुक्रवार को पीसीसी में आयोजित पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक के साथ ही उन्होंने मनरेगा कोऑर्डिनेटरों के साथ भी बैठक की। इसमें SIR कोऑर्डिनेशन कमिटी के सदस्य, जिला व शहर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, फ्रंटल, विभाग और प्रकोष्ठों के चेयरमैन मौजूद थे।

कांग्रेस सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि आगामी 12 जनवरी को प्रियंका गांधी के जन्मदिवस के मौके पर प्रदेश के सभी मंडलों पर कांग्रेसी नेता अगले सौ दिन की कार्य योजना की घोषणा करेंगे।

# भ्रष्टाचार के आरोप में हटाए भिनगा के नपाप अध्यक्ष को मिली राहत

हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के आदेश को किया खारिज, कहा- हटाने से पहले नहीं की गई समुचित जांच



■ NBT न्यूज, लखनऊ : भ्रष्टाचार और आर्थिक मामलों में अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने के आरोप में श्रावस्ती जनपद की भिनगा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष इरफान अहमद को हटाने के राज्य सरकार के आदेश को हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने उनको बहाल करने का आदेश देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने उनके खिलाफ समुचित जांच नहीं की थी। हालांकि, कोर्ट ने राज्य सरकार को नियमानुसार जांच करने की छूट भी दे दी है। यह आदेश जस्टिस शेखर बी सर्राफ और जस्टिस मंजीव शुक्ला की पीठ ने इरफान की रिट याचिका को मंजूर करते हुए पारित किया है।

याची ने राज्य सरकार के 29 अक्टूबर 2025 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसके जरिये उसे नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। याची की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एलपी मिश्रा का तर्क था कि इस मामले में याची के खिलाफ समुचित जांच नहीं की गई थी, जबकि यदि किसी सरकारी अधिकारी को भी हटाया जाता है तो उसके भी खिलाफ समुचित जांच होती है। याची तो एक बड़े पद को धारण करता है तो ऐसे में उसके खिलाफ बिना विधिवत जांच किये और जांच में उसे सुनवाई का पूरा मौका दिए पद से हटाना राज्य सरकार का अवैध और मनमाना कृत्य है। मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सूर्य भान सिंह राठौड़ का तर्क था कि इरफान को हटाने से पहले समुचित जांच की गई थी। उनको हटाने संबंधी आदेश विधि सम्मत है, जिसमें दखल की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने सरकार के तर्कों को नकारते हुए कहा कि देखने से स्पष्ट है कि इस मामले में समुचित जांच नहीं की गई और न ही याची को बचाव का पूरा मौका दिया गया है।

**कालीचरण पी०जी० कॉलेज**
हरदोई रोड, चौक, लखनऊ
Website:kcpgclko.in
स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत
विज्ञान संकाय में निर्धारित मानदेय पर लैब हेतु लैब असिस्टेंट (01) पद की आवश्यकता है।
योग्यता : विज्ञान में स्नातक उत्तीर्ण
आवेदन फार्म महाविद्यालय की वेबसाइट अथवा कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। आवेदन फार्म दिनांक 05.02.2026 तक कार्यालय में जमा करना आवश्यक है।
पूर्ण विवरण के लिये महाविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करें।
प्राचार्य / प्रबन्धक

## ब्रिटिश नागरिक शमसुल हुदा के मदरसे की मान्यता रद्द

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उप्र मदरसा शिक्षा परिषद ने मुबारकपुर (आजमगढ़) के उस अनुदानित मदरसे (मदरसा अशरफिया मिस्बाह उल उलूम) की मान्यता निलंबित कर दी है, जहां से ब्रिटेन की नागरिकता लेने के बाद भी शमसुल हुदा को अवैध तरीके से वेतन, वीआरएस और पेंशन मुहैया करवाई गई थी। इस मदरसे को सितंबर 1948 में उच्च आलिया स्तर की स्थाई मान्यता दी गई थी।

मदरसा शिक्षा परिषद की रजिस्ट्रार अंजना सिरोही ने बताया कि जांच में सामने आया था कि शमसुल के ब्रिटेन की नागरिकता लेने के बाद भी मदरसे से वेतन लिया। बाद में वीआरएस मंजूर करवाई और पेंशन, जीपीएफ व अन्य सेवानिवृत्त देय का गलत तरीके से भुगतान करवाया। रजिस्ट्रार ने बताया कि यह मामला शमसुल हुदा के साथ मिलकर मदरसे द्वारा सरकार को वित्तीय नुकसान पहुंचाने वाला संगठित आपराधिक कार्य जैसा है। मदरसा सेवा नियमावली और वित्तीय अनुशासन के उल्लंघन पर मदरसे की मान्यता निलंबित की गई है।

**डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली**
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा द्वारा अधिनियम के माध्यम से स्थापित)
**शैक्षणिक एवं अन्य शैक्षणिक स्टाफ पदों के लिए भर्ती सूचना**
**(आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाने के संबंध में सूचना)**
No. AUD/55-1(49)/Rect./2025/519 दिनांक: 07.01.2026
डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, जो कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा द्वारा अधिनियम के माध्यम से स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय है, योग्य उम्मीदवारों से शैक्षणिक पदों (प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर) तथा अन्य शैक्षणिक पदों (लाइब्रेरियन, असिस्टेंट लाइब्रेरियन और असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स) पर नियमित आधार पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदन करने की बढ़ी हुई अंतिम तिथियाँ इस प्रकार है:
ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि: 23.01.2026 (रात 23:59 बजे तक)
हार्ड कॉपी (दस्तावेज) प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 30.01.2026 (शाम 05:30 बजे तक)
योग्यताएँ, पात्रता मानदंड, सामान्य निर्देश, ऑनलाइन आवेदन फॉर्म, शुल्क भुगतान एवं अन्य विवरणों के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aud.delhi.gov.in पर जाएँ।
कुलसचिव
DIP/Shabdarth/Classified/0399/25-26
उच्च शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

# ईडी ने की बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह और अमित टाटा से पूछताछ

तीन घंटे चली पूछताछ में आलोक ने संपत्ति के बारे में कुछ नहीं बताया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार की जांच कर रही ईडी की टीम ने शुक्रवार को लखनऊ जिला जेल में बंद बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह और उसके सहयोगी अमित टाटा से पूछताछ की। हालांकि, अमित टाटा से ईडी को शनिवार को पूछताछ करनी थी। पूछताछ के दौरान पूरे समय आलोक सिंह यही कहता रहा कि उसकी सिर्फ दो फर्म हैं और उनसे कोई गलत काम नहीं हुआ।

करीब तीन घंटे की पूछताछ में आलोक सिंह ने कहा कि वह कागज देखने के बाद ही अपनी संपत्ति के बारे में बता सकता है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में मिली जानकारियों की अब पड़ताल की जाएगी और उसके बाद जरूरत पड़ी तो उनकी टीम फिर से जेल में आलोक सिंह से पूछताछ करेगी। हालांकि, ईडी के कई सवालों का जवाब आलोक सिंह ने नहीं दिया। ईडी ने उससे उसके मकान और फर्मों से जुड़े कई सवाल किए। उसकी फर्म के टर्नओवर के बारे में पूछताछ की। पूछा कि उसकी फर्म से कितनी कंपनियों की दवाओं की बिक्री की जाती थी। ईडी ने आलोक सिंह से यह भी जानने की कोशिश की कि फर्म के बैंक खातों से जो पैसा दूसरों को भेजा गया, वह किस लिए भेजा गया था। उन लोगों से उसका क्या रिश्ता था? इन सवालों का या तो उसने गोल मोल जवाब दिया या फिर चुप्पी साध गया।


सूत्रों के मुताबिक, आलोक से पूछताछ के दौरान ही ईडी की टीम ने अमित टाटा को भी बुलाया। लेकिन, अमित ने भी ईडी के सवालों का गोलमोल ही जवाब दिया। अमित टाटा ने कहा कि फर्म तो उसकी थी, लेकिन उस पर पूरा कारोबार शुभम जायसवाल ही करता था। उसने यह भी बताया कि शुभम के कहने पर ही उसने फर्म का लाइसेंस लिया था। लाइसेंस भी शुभम के जरिए ही मंजूर हुआ था। शुभम के कहने पर वह फर्म में पैसा लगाता था।

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** भारत सरकार का उपक्रम **Union Bank of India** A Government of India Undertaking
**अधिग्रहण सूचना**
शाखा: एआरबी, लखनऊ, भूतल, विभूति खंड, मंत्री आवास के पास, गोमती नगर, लखनऊ, यूपी-226010
अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन (द्वितीय) अधिनियम 2002 (2002 की अधिनियम सं. 54) के अन्तर्गत और धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने को कहा था।
ऋणी के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी / जमानतदार और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतत्रिम नीचे वर्णित सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा कर लिया गया है।
ऋणधारिता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और नीचे वर्णित सम्पत्ति का किसी प्रकार से कोई क्रय-विक्रय यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया का बकाया धनराशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के अधीन होगा। अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधान के अनुसार ऋणी को अवगत कराया जाता है कि दिये गये समय के अन्तर्गत भुगतान करके बंधक आस्ति को मुक्त करा लें। जिसका विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | ऋणी का नाम एवं पता | प्रतिभूति का विवरण | देय सूचना / अधिग्रहण की तिथि / सांकेतिक / भौतिक बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी: श्रीमती अलका तिवारी पत्नी श्री मुकेश कुमार तिवारी, पता: 193-ए, इंद्र पुरी, आईआईएम रोड, लखनऊ, 226003 सह-आवेदक: श्री मुकेश कुमार तिवारी, पता: 193-ए, इंद्र पुरी, आईआईएम रोड, लखनऊ, 226003 जमानतकर्ता: श्री किशोर कुमार पाल, पता: 610/22 ए, केशव नगर, सीतापुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | श्रीमती अलका तिवारी पत्नी श्री मनीष कुमार तिवारी के स्वामित्व में भूमि एवं भवन का साम्यिक बंधक स्थित प्लॉट संख्या 265, खसरा संख्या 311 मिन जुमला, ग्राम- सेमरा गौरी, बैकुंठगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 187.286 वर्ग मीटर, विक्रय विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व- अन्य का प्लॉट, पश्चिम- अन्य का प्लॉट, उत्तर- 20.00 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण- अन्य का प्लॉट | 20.05.2023 / 08.01.2026 (सांकेतिक) रू. 21,27,857.00 + कानूनी/अन्य खर्चे एवं दिनांक 01.05.2023 से अतिरिक्त ब्याज एवं उपरान्त कानूनी/अन्य खर्चे |

दिनांक: 08.01.2026, स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया





NBT AI टाइम मशीन


## जब हुआ था पहला विश्व हिंदी सम्मेलन

आज विश्व हिंदी दिवस है। पहली बार इसकी घोषणा 2006 में हुई थी। आज ही के दिन 1975 में नागपुर में पहला 'विश्व हिंदी सम्मेलन' हुआ था, जिसमें 30 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया था। आज ही के दिन 1949 में पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी गूंजी थी। आज का दिन हिंदी के प्रचार और इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए समर्पित है। 2026 की थीम इसे तकनीक और AI से जोड़ने पर केंद्रित है।

NBT
Front Page-2
कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। शनिवार, 10 जनवरी 2026 > पेज 12

## भविष्य में हिंदी होगी एक ग्लोबल भाषा

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में हिंदी अत्याधुनिक और ग्लोबल भाषा बनेगी। यह दुनिया की 3-4 सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से होगी और करीब 2 अरब लोग इसे बोल या समझ रहे होंगे। हिंदी तकनीक, विज्ञान, AI और स्पेस रिसर्च की सशक्त भाषा होगी। यह पूरी तरह बराबरी की भाषा बनेगी, जिसमें जेंडर-न्यूट्रल शब्द आम होंगे। हिंदी का नया रूप हाइब्रिड होगा, जिसमें संस्कृत, उर्दू, लोकभाषाओं और तकनीकी सरलता का संतुलन दिखेगा।



AI Images

## फटाफट खबरें

### NSG का नैशनल IED डेटा प्लैटफॉर्म शुरू

■ भाषा, गुड़गांव : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को एक राष्ट्रीय डिजिटल आईईडी डेटा प्रबंधन मंच की शुरुआत की, जो आतंकवाद के खिलाफ अगली पीढ़ी के सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करेगा।



अमित शाह

### इस्राइल का गाजा पर हमला, 13 की मौत

■ एपी, दीर अल बलाह : इस्राइल की ओर से गाजा पर किए गए हमले में 13 फलस्तीनियों की मौत हो गई। यह हमला ऐसे समय किया गया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा युद्धविराम सुनिश्चित कराने के लिए 'शांति बोर्ड' की घोषणा किए जाने की उम्मीद है।

### रूस ने यूक्रेन पर दागी ओरेशनिक मिसाइल

■ एपी, कीव : रूस ने शुक्रवार रात यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 22 से ज्यादा घायल हुए। हमले में रूस ने दूसरी बार परमाणु-क्षमता वाले बैलिस्टिक मिसाइल 'ओरेशनिक' का इस्तेमाल किया, जो ध्वनि की गति से दस गुना तेज और किसी भी मिसाइल रक्षा प्रणाली से 'अजेय' है।

### US: कोकीन तस्करी में दो भारतीय अरेस्ट

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क: अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे दो भारतीय नागरिकों को 300 पाउंड से अधिक कोकीन की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान गुरप्रीत सिंह और जसवीर सिंह के रूप में हुई है। उनके पास कैलिफोर्निया राज्य द्वारा जारी कमर्शल ड्राइविंग लाइसेंस भी था।

### छत्तीसगढ़ में 63 नक्सलियों का सरेंडर

■ भाषा, रायपुर: छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 63 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें 18 महिलाएं हैं। इनमें 36 पर 1.19 करोड़ से अधिक का इनाम था। इनमें कालाहांडी एरिया कमेटी सचिव पाकलू उर्फ रैनू (45), पश्चिम बस्तर डिवीजन छात्र संगठन अध्यक्ष मोहन उर्फ राजय (32) शामिल हैं।

# 44% शहरों में सालभर प्रदूषण, इनमें सबसे ज्यादा यूपी के

**CREA ने जारी की PM2.5 पर बेस्ड 4041 शहरों की रिपोर्ट, क्लीन एयर प्रोग्राम के दायरे में सिर्फ 4% शहर**


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**देश के** महज 4 फीसदी प्रदूषित शहर नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (NCAP) के दायरे में आते हैं। देश के लगभग आधे शहर (44 प्रतिशत) लगातार पांच से अधिक सालों तक पीएम 2.5 मानकों का पालन नहीं कर पाए हैं। प्रदूषण के लगातार बने रहने से साफ है कि यह समस्या मौसमी नहीं बल्कि सालभर बनी रहती है। प्रदूषण की समस्या परिवहन, उद्योग और पावर प्लांट जैसे क्षेत्रों से होने वाले निरंतर उत्सर्जन की वजह से है।

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी ऐंड क्लीन एयर (CREA) ने शुक्रवार को एक विश्लेषण जारी किया है। इसमें सेटलाइट डेटा का इस्तेमाल करते हुए CREA ने दावा किया कि देश के 4041 शहरों में से 1787 शहरों में पांच साल (2019-24) के दौरान हर साल पीएम 2.5 मानकों से अधिक रहा, इन शहरों में सबसे ज्यादा यूपी के हैं। इसमें कोविड वर्ष 2020 शामिल नहीं है। इसका साफ मतलब है कि देश के लगभग 44 प्रतिशत शहर लंबे समय से प्रदूषण का सामना कर रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस स्थिति के बावजूद देश का बड़ा कार्यक्रम NCAP इस बोझ का सिर्फ एक छोटा हिस्सा कवर करता है। एनसीएपी में कुल 130 शहर शामिल हैं। इनमें से सिर्फ 67 शहर इन 1787 शहरों में शामिल हैं।

CREA के इंडिया एनालिस्ट मनोज कुमार के अनुसार, भारत के लिए आगे का एकमात्र रास्ता है कि पीएम 10 की तुलना में पीएम 2.5 और गैस प्रदूषण जैसे SO2, NO2 आदि को कम करने का काम करे। NCAP में इन प्रदूषकों को आधार बनाए। उद्योगों और पावर प्लांट्स के लिए सख्त उत्सर्जन मानक निर्धारित करे और सोर्स अपोर्शनमेंट रिपोर्ट के आधार पर फंड आवंटित करे।

### कहां के कितने शहर प्रदूषित




### प्रदूषित शहर (पीएम 2.5)

| | |
|---|---|
| बर्नीहाट (मेघालय) | 100 MGCM |
| दिल्ली | 96 MGCM |
| गाजियाबाद | 93 MGCM |
| नोएडा | 83 MGCM |
| गुरुग्राम | 77 MGCM |
| ग्रेटर नोएडा | 77 MGCM |
| भिवाड़ी | 74 MGCM |
| हाजीपुर | 71 MGCM |
| मुजफ्फरनगर | 69MGCM |
| हापुड़ | 67MGCM |

### 130 NCAP शहरों में 28 में मॉनिटरिंग स्टेशन नहीं

रिपोर्ट के अनुसार 130 एनसीएपी शहरों में 28 शहरों में अब भी सीएएक्यूएमएस (लगातार रियल टाइम मॉनिटरिंग स्टेशन) नहीं है। जिन 102 शहरों में स्टेशन हैं उनमें से 100 शहरों में पीएम 10 डेटा कवरेज 80 प्रतिशत या उससे अधिक रहा।

- 13.41 हजार करोड़ मिले अब तक NCAP को
- 9.92 हजार करोड़ (74 प्रतिशत) खर्च किए जा चुके
- 68 फीसदी फंड का इस्तेमाल सड़क की धूल के लिए हुआ
- 14 फीसदी बायोमास जलाने पर

# आपराधिक गिरोह की तरह काम कर रहे थे लालू: HC

Prachi.Yadav@timesofindia.com



RJD प्रमुख समेत 46 पर नौकरी के बदले जमीन घोटाले में आरोप तय

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को RJD प्रमुख लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी समेत 46 लोगों पर रेलवे से जुड़े कथित 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले में आरोप तय किए। इस मामले में कुल 98 जीवित आरोपियों में से 52 को अदालत ने बरी कर दिया।

स्पेशल जज (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने कहा कि सीबीआई की अंतिम रिपोर्ट से 'गंभीर संदेह के आधार पर एक व्यापक साजिश' का खुलासा होता है। उन्होंने लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों समेत आरोपियों द्वारा बरी किये जाने की याचिका को भी 'अनुचित' बताते हुए खारिज कर दिया और इस बात पर जोर दिया कि पूर्व रेल मंत्री और उनके परिवार के सदस्य एक आपराधिक गिरोह के तौर पर काम कर रहे थे और बड़ी साजिश में शामिल थे। इन लोगों ने संपत्तियां हासिल करने के लिए सरकारी नौकरी का इस्तेमाल सौदेबाजी के हथियार की तरह किया। आदेश में कहा कि लालू अदालत के अनुसार, रेलवे में ग्रुप-डी की नौकरियों के बदले जमीन ली गई, जो नियमों का उल्लंघन था। इससे पहले, सीबीआई ने मामले में आरोपी व्यक्तियों की स्थिति के बारे में एक सत्यापन रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें कहा गया था कि उसके आरोप-पत्र में नामजद 103 आरोपियों में से पांच की मौत हो गई है।

# केंद्र का हथियार है ED: ममता कुछ छिपाने की कोशिश: BJP

■ भाषा, कोलकाता/नई दिल्ली

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री और TMC प्रमुख ममता बनर्जी ने राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के कार्यालय और इसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर ईडी की छापेमारी के खिलाफ कोलकाता में शुक्रवार को निकाले गए मार्च का नेतृत्व किया। प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और उस पर विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक प्रतिशोध के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। वहीं, बीजेपी ने ईडी की छापेमारी के दौरान ममता बनर्जी के आचरण की लेकर शुक्रवार को निंदा की।

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी TMC की रणनीति को चोरी करने के लिए ईडी केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी के राजनीतिक हथियार के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ईडी द्वारा आई-पैक के कार्यालय और उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर गुरुवार को छापेमारी के दौरान उनका वहां पहुंचना गलत नहीं था।

> छापे के दौरान संवेदनशील सामग्री हटाने की कोशिश हुई: BJP

ममता बनर्जी ने 10 किलोमीटर लंबे विशाल विरोध मार्च के बाद वहां आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने छापेमारी स्थल पर विशुद्ध रूप से तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष के रूप में हस्तक्षेप किया था, न कि मुख्यमंत्री के रूप में। वहीं, बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने नई दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनर्जी को ईडी के अधिकारियों को धमकाने और छापेमारी के दौरान उनसे दस्तावेज छीनने के लिए आरोपी बनाया जाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी की क्रूर कार्रवाई की परिस्थितियां संदिग्ध हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता के कृत्यों से संकेत मिलता है कि उन्होंने कुछ संवेदनशील चीज को बचाने की कोशिश की, जिससे वह और उनकी पार्टी कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में फंस सकती है। वहीं, ममता ने छापेमारी के संबंध में ईडी के खिलाफ दो शिकायत दर्ज कराई हैं।



ममता ने कोलकाता में ED के खिलाफ मार्च का नेतृत्व किया।

### गृहमंत्री ऑफिस के बाहर TMC का धरना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कोलकाता में ED की कार्रवाई के विरोध में TMC के 8 सांसदों ने शुक्रवार सुबह दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यालय के बाहर धरना दिया। प्रदर्शन कर रहे सांसदों को कुछ ही देर में दिल्ली पुलिस ने वहां से हटा दिया और बस में बैठाकर ले गई। इस कार्रवाई के बाद टीएमसी ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र कुचलने और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। धरने में शामिल सांसदों में डेरेक ओ'ब्रायन, सताब्दी रॉय, महुआ मोइत्रा, बापी हलदार, साकेत गोखले, प्रतिमा मंडल, कीर्ति आजाद और शर्मिला सरकार शामिल थे। ये सभी सांसद कोलकाता में राजनीतिक सलाहकार कंपनी आई-पैक पर ईडी के छापे के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी का इस्तेमाल अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कर रही है। ईडी को आई-पैक पर छापे के लिए इसलिए भेजा गया, ताकि टीएमसी की राजनीतिक रणनीति से जुड़े दस्तावेज, हार्ड डिस्क और सामग्री जब्त की जा सके। सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि बीजेपी बंगाल का अपमान कर रही है, इसका जवाब जनता देगी।

> पुलिस TMC के 8 सांसदों को बस में बैठाकर ले गई।

### ममता ने की सांसदों के खिलाफ कार्रवाई की निंदा

■ भाषा, कोलकाता : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दिल्ली में गृह मंत्रालय के कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन के दौरान पार्टी सांसदों के साथ हुए कथित बर्ताव की निंदा की और इसे शर्मनाक, अस्वीकार्य और लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला करार दिया। ममता 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'चुने हुए प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करने पर सड़कों पर घसीटना वर्दी में अहंकार है।'

### ED के छापे को लेकर सुनवाई टली

■ भाषा, कोलकाता: कलकत्ता HC ने आई-पैक के ऑफिस और उसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर ईडी की रेड से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई शुक्रवार को अदालत कक्ष के भीतर अनियंत्रित भीड़ के कारण 14 जनवरी तक स्थगित कर दी। ईडी ने ममता और राज्य सरकार के अधिकारियों को प्रतिवादी बनाया है। TMC ने केंद्र के खिलाफ अर्जी दी है।

### ED ने CBI जांच का किया अनुरोध

■ भाषा, नई दिल्ली : ईडी ने आई-पैक के खिलाफ छापेमारी के दौरान कथित तौर पर बाधा डालने को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और अन्य के खिलाफ सीबीआई जांच का अनुरोध करते हुए HC का रुख किया है। याचिका में दावा है कि तलाशी अभियान पर सरकारी तंत्र का पूर्ण नियंत्रण हो गया।

### 'दस्तावेज़ का मिसयूज रोके HC'

■ भाषा, कोलकाता : TMC ने कलकत्ता HC में ईडी की छापेमारी के खिलाफ याचिका दायर कर आई-पैक के कार्यालय और इसके प्रमुख के आवास पर तलाशी के दौरान जब्त दस्तावेजों के दुरुपयोग और प्रसार पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। TMC ने आरोप लगाया है कि ईडी ने चुनाव से जुड़े संवेदनशील, गोपनीय राजनीतिक डेटा को जब्त कर लिया है।

# खामेनेई बोले, हम पीछे नहीं हटेंगे ट्रंप ने कहा, वो देश छोड़ सकते हैं

### 'हजारों ईरानियों के खून से सने हैं ट्रंप के हाथ'

**ईरान में** विरोध प्रदर्शनों के बीच सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शुक्रवार को स्पष्ट और सख्त संदेश दिया कि इस्लामिक गणराज्य किसी भी हालत में पीछे नहीं हटेगा। सरकारी टीवी पर प्रसारित भाषण में 86 वर्षीय खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों को 'विदेश समर्थित तत्व' करार दिया और कहा कि उनका उद्देश्य ईरान को अस्थिर करना है। खामेनेई ने विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति के हाथ हजारों ईरानियों के खून से सने हैं। उन्होंने 12 जून को हुए अमेरिकी हमलों का हवाला देते हुए कहा कि उन हमलों में उनके देशवासियों की मौत हुई और यह साबित करता है कि ट्रंप की नीति और हस्तक्षेप निर्दयी हैं। खामेनेई ने साफ संकेत दिए हैं कि अब सुरक्षा बल सख्त कार्रवाई के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को तेहरान में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों पर तीखा हमला बोला और कहा कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को खुश करने के लिए 'अपनी ही सड़कों को बर्बाद कर रहे हैं।' खामेनेई ने ट्रंप को 'ईरानियों के खून से सने हाथों वाला व्यक्ति' बताया। खामेनेई ने ट्रंप को चेतावनी देते हुए कहा कि इतिहास में घमंडी और तानाशाह शक्तियां अपने शिखर पर ही गिर गईं।



सुरक्षाबल सख्त कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार

#### 'तत्परता और एकता बनाए रखें युवा'

देशभर में लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शन को देखते हुए अपने समर्थकों को एकजुट रहने का संदेश देते हुए खामेनेई ने कहा कि प्रिय युवा, अपनी तत्परता और एकता बनाए रखें। एकजुट राष्ट्र किसी भी दुश्मन को परास्त कर सकता है।

#### 'बाहरी ताकत कमजोर नहीं कर सकती'

खामेनेई ने यह भी याद दिलाया कि इस्लामिक गणराज्य सैकड़ों हजारों सम्मानित लोगों के खून से सत्ता में आया और कोई भी बाहरी या आंतरिक ताकत इसे कमजोर नहीं कर सकती। ईरानी सत्ता प्रतिष्ठान विरोध प्रदर्शनों के आगे नहीं झुकेगा।

### प्रदर्शन करने वालों को मारा तो जवाब देंगे: ट्रंप

**ईरान में** तेज होते विरोध प्रदर्शनों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई मौजूदा संकट के बीच देश छोड़ने की योजना पर विचार कर रहे हैं। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने संकेत दिया कि खामेनेई के पास प्लान-बी है और वह रूस या किसी अन्य देश में शरण लेने की सोच सकते हैं। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह ईरान में जारी प्रदर्शनों पर नजर रखे हुए हैं और क्या उन्होंने यह खबर पढ़ी है कि खामेनेई मास्को जाने की योजना बना रहे हैं, तो उन्होंने साफ कहा कि हां, मैं इसे बहुत करीब से देख रहा हूं। वह कहीं जाने की सोच में हैं। ईरान में भारी संख्या में लोग सड़कों पर उतरकर मौजूदा शासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। इंटरव्यू के दौरान ट्रंप ने ईरानी सरकार को सख्त चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरानी सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाते हैं या उन्हें मारते हैं, तो अमेरिका कड़ा जवाब देगा। ट्रंप ने कहा कि अगर वे लोगों को मारते हैं, तो हम उन्हें जोर से जवाब देने के लिए हम तैयार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अतीत में ईरानी अधिकारी निहत्थे लोगों पर मशीनगनों से फायरिंग करते रहे हैं और कई लोगों को जेलों में डालकर फांसी दी गई।



ट्रंप ने संकेत दिया कि खामेनेई के पास प्लान-बी है

#### 'ईरान के ढहने की संभावना'

ट्रंप ने यह भी कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के ढहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि अब तक हालिया प्रदर्शनों में बड़े पैमाने पर ऐसी हिंसा नहीं दिखी है जैसी पहले देखी गई थी।

#### 'सड़क पर उतरे लोगों में जोश'

ट्रंप ने कहा कि सड़कों पर उतरने वाले लोगों की संख्या और जोश यह दिखाता है कि मौजूदा शासन को हटाने की 'अविश्वसनीय उत्सुकता' है। उन्होंने कहा कि भीड़ बहुत विशाल है। लोग बड़ी संख्या में प्रदर्शन कर रहे हैं।

### रजा पहलवी की वापसी की उठी मांग

ईरान में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के बीच कई प्रदर्शनकारी रजा पहलवी (Reza Pahlavi), ईरान के अंतिम शाह के निर्वासित पुत्र की वापसी की मांग कर रहे हैं। पहलवी ने खुद लोगों से सड़कों पर उतरने की अपील की है। 65 वर्षीय पहलवी ने 1979 की क्रांति के बाद अमेरिका में शरण ली। अब अपने देश के भविष्य में सक्रिय भूमिका निभाने की ओर बढ़ रहे हैं। पहलवी ने अपने परिवार की व्यक्तिगत त्रासदियों और लंबे निर्वासन से अनुभव प्राप्त किया। हाल के वर्षों में उनका रुख अधिक निर्णायक और सार्वजनिक हुआ है। पहलवी कहते हैं कि वह अतीत की बहाली नहीं है, बल्कि सभी ईरानियों के लिए लोकतांत्रिक भविष्य सुनिश्चित करने की कोशिश है।



रजा पहलवी

### '47 साल से मरी हूं: विरोध की गूंज

प्रदर्शनों के बीच एक बुजुर्ग महिला का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें महिला प्रदर्शनकारी खून से सने चेहरे के साथ सड़कों पर मार्च करती दिखती है। वह चिल्लाकर कहती है, 'मुझे डर नहीं लगता, मैं 47 साल से मरी हुई हूं।' यह वाक्य 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान में लागू धार्मिक शासन की ओर इशारा करता बताया गया है।

(इनपुट: AP/CNN/BBC/ET)

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. ऑस्कर 2026 के लिए जारी शुरुआती एलिजिबिलिटी लिस्ट में भारत की कितनी फिल्में बेस्ट फिल्म कैटिगरी के लिए पात्र पाई गई हैं?
A) दो B) तीन C) चार
2. रूस ने यूक्रेन पर हमले में किस नई परमाणु-क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल के इस्तेमाल का दावा किया?
A) किंझल B) ओरेशनिक C) इस्कंदर
3. आतंकवाद से निपटने के लिए अमित शाह ने किस नए राष्ट्रीय डिजिटल मंच की शुरुआत की है?
A) IED डेटा प्रबंधन मंच B) राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा पोर्टल C) राष्ट्रीय खुफिया सूचना नेटवर्क
4. आवाकाई-अमरावती फेस्टिवल किस राज्य में चल रहा है?
A) तेलंगाना B) आंध्र प्रदेश C) तमिलनाडु
5. संसद का बजट सत्र किस तारीख से शुरू होगा?
A) 25 जनवरी B) 28 जनवरी C) 1 फरवरी

**कल के जवाब**

A1 A) सैकरामेंटो रेसिपी एक्ट 2025 A2 C) 2024 A3 C) अमेरिका A4 B) 66 A5 B) जयपुर

**लकी विनर्स**



1. डॉ. दीपशिखा अग्रवाल, लखनऊ
2. मनीष कुमार, नई दिल्ली
3. दीपक कुमार, नई दिल्ली


**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेज की खबरों में ही छिपे हैं।

# पॉक्सो में 'रोमियो-जूलियट' खंड शामिल करे केंद्र: SC

■ भाषा, नई दिल्ली: यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के व्यापक दुरुपयोग को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र से इस खतरे को रोकने के लिए 'रोमियो-जूलियट' खंड शामिल करने का निर्देश दिया, ताकि 'वास्तविक किशोर संबंधों' को इसके कठोर प्रावधानों से छूट दी जा सके। इस संबंध में इलाहाबाद HC के एक आदेश को रद्द करते हुए कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट पॉक्सो अधिनियम के तहत मामलों में जमानत के चरण में पीड़ितों की अनिवार्य चिकित्सा आयु निर्धारण का आदेश नहीं दे सकते।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, 'चूंकि इन कानूनों के दुरुपयोग का बार-बार न्यायिक संज्ञान लिया गया है, इसलिए इस फैसले की एक प्रति भारत सरकार के विधि सचिव को भेजी जाए।' मामला यूपी सरकार द्वारा इलाहाबाद HC के उस आदेश को चुनौती देने से जुड़ा है जिसमें एक नाबालिग लड़की से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी को जमानत दी गई थी। जमानत देते समय, HC ने कई निर्देश जारी किए, जिनमें यह भी शामिल था कि पॉक्सो अधिनियम के तहत प्रत्येक मामले में, पुलिस को शुरुआत में ही चिकित्सा आयु-निर्धारण परीक्षण करना होगा।



### गुजरात के सौराष्ट्र में भूकंप के 21 झटके

■ भाषा, राजकोट : गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में गुरुवार रात से शुक्रवार शाम तक भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। इनकी तीव्रता 2.6 से 3.3 के बीच रही। भूकंप से राजकोट जिले के तीन तालुका के लोगों में दहशत फैल गई। DM ओम प्रकाश ने कहा कि भूकंप के 21 झटके महसूस किए गए, जिनमें भूकंप की तीव्रता 1.4 से लेकर 3.3 तक रही। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### आवाकाई-अमरावती फेस्टिवल शुरू

■ NBT रिपोर्ट, विजयवाड़ा: आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आवाकाई-अमरावती फेस्टिवल के जरिए तेलुगु सिनेमा, साहित्य, संस्कृति और फूड की झलक पेश की गई। तीन दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल की शुक्रवार को शुरुआत हुई।

विजयवाड़ा में यह आयोजन कृष्णा नदी के पुन्नामी घाट और भवानी द्वीप पर हुआ। इसकी शुरुआत पुन्नामी घाट पर कृष्णा नदी की आरती के साथ हुई। फेस्टिवल में लोक नृत्य, लाइव म्यूजिक और स्टोरी टेलिंग के अलावा कई प्रस्तुतियों ने एक मंच पर आकर लोगों का मन मोहा।

### अंकिता हत्याकांड के मामले में PM, CM का 'डीपफेक' विडियो बनाने पर मुकदमा दर्ज

■ भाषा, देहरादून: पुलिस ने अंकिता भंडारी हत्या मामले में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चेहरे और आवाज की हू-ब-हू नकल कर 'डीपफेक' विडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर जारी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार को साइबर अपराध पुलिस थाने में दर्ज मामले जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता ने इस कृत्य को संवैधानिक पदों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश बताते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।

# कैरेबियन में अमेरिका की सख्ती जारी, एक और तेल टैंकर ज़ब्त

■ एपी, वॉशिंगटन

**अमेरिकी सेना** ने कैरेबियन सागर में एक और प्रतिबंधित तेल टैंकर को रोककर अपने नियंत्रण में ले लिया है। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला से जुड़े तेल टैंकरों के खिलाफ सख्त अभियान चला रहा है। अमेरिकी साउदर्न कमांड के अनुसार, तड़के की गई इस कार्रवाई में अमेरिकी मरीन और नौसेना के जवान शामिल थे। जब्त किए गए जहाज का नाम 'ओलीना' (Olina) बताया गया है। साउदर्न कमांड ने कहा कि अपराधियों के लिए कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है, और यह ऑपरेशन कैरेबियन क्षेत्र में पिछले कई महीनों से जारी अमेरिकी सैन्य तैनाती का हिस्सा है। नौसेना अधिकारियों ने फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया है कि इस ऑपरेशन में कोस्ट गार्ड भी शामिल थी या नहीं, जैसा कि इससे पहले हुए कुछ मामलों में देखा गया था। 'ओलीना' उन टैंकरों में पांचवां है, जिन्हें अमेरिकी बलों ने जब्त किया है।

> यह 5वां टैंकर है, जिसे अमेरिका ने जब्त किया

AFP



ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला से जुड़े तेल टैंकरों के खिलाफ अभियान चला रहा है।

### टैंकर विवाद: अमेरिकी रिहाई पर रूस का आभार

पीटीआई, मॉस्को: नॉर्थ अटलांटिक महासागर में अमेरिकी सुरक्षा बलों द्वारा जब्त किए गए रूसी ध्वज वाले तेल टैंकर मेरिनेरा के मामले में रूस ने अमेरिका के फैसले का स्वागत किया है। रूस ने टैंकर पर सवार अपने दो नागरिकों को रिहा किए जाने के अमेरिकी निर्णय पर संतोष जताते हुए आभार प्रकट किया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि रूस के अनुरोध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अभियान के दौरान जब्त किए गए टैंकर के दो रूसी चालक दल सदस्यों को रिहा करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मॉस्को इस फैसले का स्वागत करता है और अमेरिकी नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।

### इमिग्रेशन अफसरों की कार्रवाई पर अमेरिका में हंगामा



इमिग्रेशन अधिकारियों की गोलीबारी में दो लोग घायल


■ एपी, पोर्टलैंड: अमेरिका के पोर्टलैंड शहर में फेडरल इमिग्रेशन अधिकारियों द्वारा की गई फायरिंग में एक वाहन में सवार दो लोग गोली लगने से घायल हो गए। यह घटना एक अस्पताल के बाहर हुई, जिसने शहर में पहले से मौजूद तनाव को और बढ़ा दिया। गोलीबारी के बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारी रात में यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (ICE) की इमारत के बाहर जमा हो गए। विभाग ने दावा किया कि वाहन का यात्री वेनेजुएला का अवैध प्रवासी था।

> दावा, वाहन का यात्री वेनेजुएला का अवैध प्रवासी था

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT2 User: cci Time: 01-10-2026 00:21 Color:



युई सुसाकी दुनिया की बेस्ट रेसलर है। वह 50 किग्रा वर्ग की है और मैं 53 किग्रा वर्ग की हूं। मैं उनसे छोटी हूं। उनके मुकाबले बहुत ध्यान से देख रही हूं कि वह कैसे खेलती है, कैसे बचाव करती है, किस तरह की गलतियां नहीं करती। - अंतिम पंघाल, भारतीय रेसलर



**1750** रन बनाए हैं सचिन तेंडुलकर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल (ODI) में। वह इस टीम के खिलाफ ODI में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय हैं, जबकि ओवरऑल लिस्ट में वह रिकी पॉन्टिंग (1971 रन) के बाद दूसरे स्थान पर हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. विमिंस हॉकी इंडिया लीग 2025/26 का फाइनल किस शहर में खेला जाएगा?
A) दिल्ली B) हैदराबाद C) रांची D) चेन्नै

2. बैडमिंटन प्लेयर अकाने यामागुची किस देश की हैं?
A) चीनी ताइपे B) चीन C) इंडोनेशिया D) जापान

**कल के जवाब**
1. B) जेमिमा रॉड्रिग्स 2. B) साउथ अफ्रीका 3. B) मिचेल स्टार्क

**लकी WINNERS**



1 अर्चना सक्सेना, लखनऊ, यूपी



2 रूपा मलिक, शालीमार बाग



3 मनीष सिन्हा, प. विहार, दिल्ली



4 अशोक गोगिया, ठाणे, मुंबई



5 अमन खान, गाजियाबाद, यूपी

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### जादुमणि की जीत

■ ग्रेटर नोएडा: युवा बॉक्सर जादुमणि सिंह ने नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अनुभवी अमित पंघाल को चौंकाते हुए फाइनल में जगह बनाई, जबकि निखत जरीन और लवलीना बोरगोहेन ने सेमीफाइनल में जीत के साथ गोल्ड मेडल की ओर कदम बढ़ा दिए। जादुमणि (55 किग्रा) ने पंघाल के खिलाफ सर्वसम्मत 5-0 का फैसला अपने नाम किया।

### मैराथन में रेकॉर्ड धावक

■ मुंबई: टाटा मुंबई मैराथन के 21वें सीजन का आयोजन यहां 18 जनवरी को होगा जिसमें हिस्सा लेने के लिए 60,000 से अधिक धावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ल्ड ऐथलेटिक्स 'गोल्ड लेबल' दौड़ में रेकॉर्ड 69,100 प्रतिभागी शामिल होंगे। इनमें 65,400 से अधिक प्रतिभागी प्रत्यक्ष रूप से जबकि 3,700 वर्चुअल (ऑनलाइन) रन में शिरकत करेंगे।

हजारे में फिटनेस साबित करने के बाद टीम से जुड़े

# श्रेयस नंबर-4 पर फिर से चमक बिखेरने को तैयार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**वनडे इंटरनैशनल फॉर्मेट में** टीम इंडिया के मिडल ऑर्डर के 'स्तंभ' माने जाने वाले प्रतिभाशाली बल्लेबाज श्रेयस अय्यर फिर से कमर कस चुके हैं। श्रेयस को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल करते हुए क्रिकेट बोर्ड की ओर से कहा गया था कि उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा। ऐसे में श्रेयस ने विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी करते हुए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ तेज-तर्रार 82 रन बनाए तो पंजाब के खिलाफ भी 45 रन की पारी खेली। इस तरह उन्होंने अपनी फिटनेस से जुड़ी चिंताओं को दूर करते हुए भारतीय कैंप में शामिल होने की हरी झंडी हासिल कर ली है। वह फिर से नंबर-4 की अपनी पसंदीदा पोजिशन पर चमक बिखेरने को तैयार हैं।

भारत vs न्यूजीलैंड व्हाइट बॉल चैलेंज

**पुराने टच में दिखे:** वनडे फॉर्मेट में हमेशा लय और आत्मविश्वास के साथ खेलने वाले श्रेयस ने विजय हजारे ट्रॉफी में अब तक जो दो पारियां खेली हैं उनमें उन्होंने साफ तौर पर दिखाया कि वह अपने पुराने टच में हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मुंबई के लिए खेलते हुए केवल 53 बॉल पर 82 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 10 फोर और तीन सिक्स जड़े। मुंबई ने वह मैच जीती और श्रेयस टीम के टॉप स्कोरर रहे। पंजाब के अटैक के सामने भी उन्होंने आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए 34 बॉल पर 45 रन की पारी खेली। यह दर्शाता है कि वह चोट से पूरी तरह से उबर चुके हैं और वे मानसिक रूप से भी इस फॉर्मेट का चैलेंज लेने को तैयार हैं।

**विराट के बाद बेस्ट:** श्रेयस और कप्तान शुभमन गिल के लौटने से भारतीय बैटिंग ऑर्डर में थोड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। हालांकि, इतना तय है कि श्रेयस अपनी निर्धारित नंबर-4 पोजिशन पर ही उतरेंगे। गिल और रोहित शर्मा ओपन करेंगे तो यशस्वी जायसवाल को बाहर बैठना पड़ सकता है। नंबर-3 पर विराट आएंगे तो चौथे पर श्रेयस बैटिंग करेंगे। श्रेयस नंबर-4 पर भारत के अब तक के बेस्ट बैटर्स में शामिल हैं। इस पोजिशन पर श्रेयस रन के मामले में बेशक कुछ भारतीय दिग्गजों से पीछे हैं, लेकिन औसत (51.16) के मामले में सिर्फ विराट कोहली (55.22) ही उनसे आगे हैं। श्रेयस ने अपने करियर में 67 वनडे इंटरनैशनल इनिंग्स में से 43 नंबर-4 पर खेली हैं। इनमें उनके नाम 1893 रन हैं। उनका बैटिंग स्ट्राइक रेट भी 100 के करीब है जो वनडे फॉर्मेट में बेहतरीन है।



**73** वनडे इंटरनैशनल मैच खेले हैं श्रेयस अय्यर ने। उन्होंने 47.81 औसत से 2917 रन बनाए हैं

### कीवी बैटर यंग ने बताया वनडे फॉर्मेट का महत्व

वनडे क्रिकेट की प्रासंगिकता को लेकर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के बैटर विल यंग ने कहा कि यह फॉर्मेट आज भी बेहद अहम है। टी20 वर्ल्ड कप और फिर आईपीएल के आयोजन के कारण वनडे सीरीज का महत्व थोड़ा कम हो गया है, लेकिन यंग इसके 'बड़े परिप्रेक्ष्य' को देख रहे हैं। उन्होंने बड़ौदा क्रिकेट संघ के मैदान में प्रैक्टिस सेशन के बाद कहा, "जब टी20 वर्ल्ड कप बिल्कुल सामने हो, तो इस सीरीज का महत्व थोड़ा कम होना लाजिमी है, लेकिन जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं, तो जुनून और प्रेरणा हमेशा होनी चाहिए। आजकल हम इसे थोड़ा कम खेलते हैं। हालांकि याद रखना जरूरी है कि अब भी आईसीसी के दो बड़े टूर्नामेंट चैंपियंस ट्रॉफी और वर्ल्ड कप हैं जो इसी फॉर्मेट में खेले जाते हैं।"



विल यंग

### घरेलू परिस्थितियों में अधिक आक्रामक

**श्रेयस स्वभाव** से एक आक्रामक बैटर हैं। हालांकि, घरेलू परिस्थितियों में उनके बल्ले का तेवर देखते बनता है। उन्होंने अपने करियर के 73 ODI में से 34 भारत में खेले हैं। इनमें उन्होंने 56.6 औसत और 106.8 स्ट्राइक रेट से 1585 रन बनाए हैं। ODI में उनके पांच में से चार शतक भारत में ही बने हैं। स्पिनर्स पर अटैक करने और स्ट्राइक रोटेट करने में माहिर श्रेयस विदेशी धरती पर 32 पारियों में 39.81 औसत और 93.72 स्ट्राइक रेट से 1075 रन बनाए हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

# नडिन ने बेंगलुरु को दिलाई रॉयल जीत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: 'प्लेयर ऑफ द मैच' नडिन डी क्लर्क (4/32 विकेट, 63* रन) के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के चौथे सीजन की शुरुआत एक बेहद रोमांचक मुकाबले को जीतकर की। बेंगलुरु को 155 रन का पीछा करते हुए आखिरी ओवर में 18 रन की जरूरत थी। लक्ष्य दूर लग रहा था, लेकिन नडिन क्रीज पर थीं। उन्होंने नैट सिवर-ब्रंट के खिलाफ पहली दो गेंद डॉट खेलने के बाद तीसरी गेंद पर सिक्स, चौथी गेंद पर फोर और पांचवीं गेंद पर फिर सिक्स जमा दिया। आखिरी गेंद पर RCB को जीतने के लिए 2 रन चाहिए थे और डी क्लर्क ने चौके के साथ मैच फिनिश कर दिया। मुंबई आज लीग के अपने दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी।

विमिंस प्रीमियर लीग 2026



नडिन डी क्लर्क ने चार विकेट लेने के अलावा मैच विनिंग अर्धशतक भी लगाया

इससे पहले, मुंबई के डीवाई पाटील स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मुंबई इंडियंस ने सजीवन सजना (45 रन, 25 बॉल, 7 फोर, 1 सिक्स) और निकोला कैरी (40 रन, 29 बॉल, 4 फोर) की आक्रामक पारियों की बदौलत खराब शुरुआत से उबरते हुए 20 ओवर्स में छह विकेट पर 154 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। मुंबई ने एक समय 67 रन पर चार विकेट खो दिए थे और उनका रन रेट 6 के करीब था। यहां से सजीवन और निकोला ने मोर्चा संभाला और 82 रन की साझेदारी। बेंगलुरु की कसी हुई बोलिंग ने मुंबई के टॉप ऑर्डर पर अंकुश लगा दिया। नडिन डी क्लर्क चार विकेट लेकर बेंगलुरु की ओर से सबसे सफल गेंदबाज रहीं।

**ब्रीफ स्कोर**

**मुंबई इंडियंस:** 20 ओवर्स में 154/6 (सजीवन सजना 45, निकोला कैरी 40, नडीन डी क्लर्क 4/26)

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** 20 ओवर्स में 157/7 (नडिन डी क्लर्क 63*, ग्रेस हैरिस 25, अमेलिया केर 2/13)

**11**वीं बॉल पर खाता खोला था अमेलिया केर ने। यह WPL में पहला रन बनाने के लिए दूसरी सबसे ज्यादा गेंद का सामना करने का रेकॉर्ड है

## वॉरियर्स के सामने आज होंगे जायंट्स

■ एजेंसियां, नवी मुंबई: यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स शनिवार को यहां विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। पिछले सीजन में विपरीत प्रदर्शन करने वाली दोनों टीमें इस बार बेहतर शुरुआत के साथ खिताबी दौड़ में मजबूत मौजूदगी दर्ज कराना चाहेंगी। यूपी वॉरियर्स की सबसे बड़ी उम्मीदें नई कप्तान मेग लैनिंग से जुड़ी होंगी। उनकी अगुआई में दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीन फाइनल खेल चुकी है। पिछले सीजन में एलिसा हीली की अनुपस्थिति में टीम निरंतरता के लिए जूझती दिखी थी। उधर, एश्ले गार्डनर की कप्तानी वाली गुजरात जायंट्स का आत्मविश्वास पिछले सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने से बढ़ा है। टीम में बेथ मूनी और सोफी डिवाइन जैसी अनुभवी विदेशी बल्लेबाज हैं, हालांकि एक प्रमुख भारतीय बैटर की कमी खल सकती है। गेंदबाजी में रेणुका सिंह ठाकुर, किम गार्थ और काशवी गौतम के साथ स्पिन में गार्डनर, जॉर्जिया वेयरहैम, राजेश्वरी गायकवाड़ और तनुजा कंवर जायंट्स को संतुलित आक्रमण प्रदान करते हैं।

विमिंस प्रीमियर लीग




कप्तान मेग लैनिंग

**टेलिकास्ट:** दोपहर 3:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

विमिंस हॉकी इंडिया लीग

## पाइपर्स और टाइगर्स के बीच खिताबी भिड़ंत आज



बंगाल टाइगर्स टीम की प्लेयर अगस्टिना गोरजेलानी

■ एजेंसियां, रांची: एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स शनिवार को यहां विमिंस हॉकी इंडिया लीग के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। दो हफ्तों तक चले टूर्नामेंट में कुल 12 मुकाबलों के बाद ये दोनों टीमें अंक तालिका में शीर्ष दो स्थान हासिल करते हुए फाइनल में पहुंची हैं। पाइपर्स लीग तालिका में शीर्ष स्थान पर रही थी, जबकि बंगाल टाइगर्स ने दूसरा स्थान हासिल किया था।

**बंगाल की टीम ने दो बार हराया:** इस सीजन में दोनों टीमों का प्रदर्शन काफी हद तक समान रहा है। लीग स्टेज में दोनों टीमें दो बार भिड़ीं और दोनों ही मुकाबलों में बंगाल टाइगर्स ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की। हालांकि, पूरे लीग स्टेज के आंकड़े पाइपर्स के पक्ष में नजर आते हैं। पाइपर्स टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा गोल करने वाली टीम रही है, जिसने 11 गोल किए हैं। कप्तान नवनीत कौर चार गोल के साथ शीर्ष स्कोरर्स में शामिल हैं। लोला रिएरा (तीन गोल) और सुनेलिता टोप्पो (दो गोल) ने भी अहम योगदान दिया है। डिफेंस में भी पाइपर्स मजबूत रहा है और टीम ने पूरे चरण में सिर्फ नौ गोल खाए हैं। दूसरी ओर, बंगाल टाइगर्स ने अब तक सात गोल किए हैं, जिनमें से पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ अगस्टिना गोरजेलानी ने किए हैं। कप्तान वंदना कटारिया के नेतृत्व में यह टीम फाइनल में फिर दबाव में बेहतर खेल दिखाने की कोशिश करेगी।

**टेलिकास्ट:** शाम 7:30 बजे से HIL के यूट्यूब चैनल, वेव्स ओटीटी, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और डीडी स्पोर्ट्स पर

पिछले सीजन में सबसे नीचे रहने से लेकर इस साल शीर्ष पर पहुंचना बेहद खास है। अब हमारा लक्ष्य इसी लय को बनाए रखते हुए खिताब जीतना है। - नवनीत कौर, कप्तान, एसजी पाइपर्स

### शूटआउट में सूरमा और ड्रैगंस ने मारी बाजी

नई दिल्ली: जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब और अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगंस ने मेंस हॉकी इंडिया लीग के अपने-अपने मुकाबले पेनल्टी शूटआउट में जीते। दिन के पहले मुकाबले में सूरमा हॉकी क्लब और हैदराबाद तूफान्स नियमित समय में 1-1 गोल कर पाए थे। जिसके बाद सूरमा ने पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से बढ़त बनाते हुए मौजूदा सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की। दूसरा मैच ड्रैगंस और एसजी पाइपर्स के बीच नियमित समय में 4-4 से ड्रॉ रहा। ड्रैगंस ने शूटआउट में 5-4 से मैच जीत लिया।

**1.50** करोड़ रुपये मिलेंगे विमिंस HIL जीतने वाली टीम को। उपविजेता को 1 करोड़ और तीसरे स्थान पर रहने वाली रांची रॉयल्स को 50 लाख रुपये मिलेंगे

## BCB भावनाओं में बहकर ना करे कोई फैसला: तमीम

■ एजेंसियां, ढाका: बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और उसके सबसे बेहतरीन ओपनर्स में शामिल तमीम इकबाल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) से अपील की है कि अगले महीने भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में टीम की भागीदारी के बारे में फैसला जन भावनाओं में बहकर नहीं होना चाहिए, क्योंकि ऐसे किसी भी फैसले का असर अगले दस साल तक पड़ सकता है।

**भारत का एजेंट बता दिया:** हालांकि, बीसीबी डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम ने अपने फेसबुक पोस्ट में बाएं हाथ के इस बैटर को 'भारतीय एजेंट' करार दे दिया और कहा कि इस बार बांग्लादेश की जनता अपनी आंखों से एक भारतीय एजेंट को उभरते हुए देख रही है। तमीम ने एक क्रिकेट वेबसाइट से बातचीत में कहा, 'स्थिति फिलहाल थोड़ी गंभीर है, लेकिन सब मिलकर काम करें तो कई मसले बातचीत से हल हो सकते हैं। यह देखना होगा कि बांग्लादेश क्रिकेट का भविष्य क्या हो सकता है। फिर उसी आधार पर फैसला लेना चाहिए।' तमीम यह भी कहा कि अगर हम बीसीबी को स्वतंत्र संस्था मानते हैं तो इसे अपने निर्णय लेने का अधिकार भी होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जब हम खेलते हैं तो दर्शक भावनाओं से प्रभावित होकर कई बातें कहते हैं। लेकिन अगर आप उन सब के आधार पर निर्णय लेने लगेंगे तो इतनी बड़ी संस्था नहीं चला पाएंगे।'

T20 टी20 वर्ल्ड कप 2026

पूर्व कप्तान की अपील



तमीम इकबाल

### सरकार के बयानों की प्लेयर्स ने की आलोचना

छत्तीस वर्षीय तमीम ने अपने करियर में 70 टेस्ट, 243 वनडे और 78 टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं। उन्होंने बीसीबी और सरकार द्वारा हर दिन जारी बयानों की भी आलोचना की। वहीं, तमीम को उनकी राय पर 'भारतीय एजेंट' करार देने वाले नजमुल के पोस्ट पर मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई। तस्कीन अहमद, मोमिनुल हक और ताइजुल इस्लाम समेत कई खिलाड़ियों ने इसका विरोध किया। 'बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर असोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी)' ने भी नजमुल की टिप्पणी पर रोष व्यक्त किया। नजमुल से माफी मांगने को कहा गया है।

## सिंधु सेमीफाइनल में, सात्विक-चिराग हारे

■ एजेंसियां, कुआलालंपुर: पीवी सिंधु ने जापान की अकाने यामागुची के चोट के कारण क्वॉर्टर फाइनल से रिटायर होने के बाद मलयेशिया ओपन सुपर-1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सिंधु ने पहला गेम 21-11 से जीत लिया था, लेकिन इसके बाद तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची ने मैच से हटने का फैसला किया। वह घुटने में ब्रेस पहने हुए थीं। हालांकि, मेंस डबल्स में भारत की चुनौती खत्म हो गई जब तीसरी वरीयता प्राप्त सात्विक साईराजरंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वॉर्टर फाइनल में हार गई। भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया के फजर अलफियान और मोहम्मद शोहिबुल फिकरी की जोड़ी ने 21-10, 23-21 से हरा दिया।

मलयेशिया ओपन बैडमिंटन



सिंधु को मैच में मिला वॉकओवर

इससे वर्ल्ड रैंकिंग्स में 18वें स्थान पर काबिज सिंधु का यामागुची के खिलाफ जीत का रेकॉर्ड 15-12 हो गया। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद सिंधु अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं। अब सेमीफाइनल में उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त वांग ने इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी को क्वॉर्टर फाइनल में कड़े मुकाबले में हराया। वांग हालांकि सीधे गेम में 21-17, 21-18 से हरा दिया लेकिन यह मैच 50 मिनट तक चला।

## 'किंग काजू' 59 की उम्र में भी दिखेंगे मैदान पर

■ एजेंसियां, तोक्यो: दुनिया के सबसे उम्रदराज प्रफेशनल फुटबॉलर जापान के काजुयोशी मियूरा का मानना है कि बढ़ती उम्र के साथ उनका खेल और बेहतर होता जा रहा है। 'किंग काजू' के नाम से पहचाने जाने वाले मियूरा अगले महीने 59 बरस के हो जाएंगे।

उन्होंने शुक्रवार को तोक्यो में जे-लीग (जापान की घरेलू फुटबॉल लीग) की तीसरी डिवीजन क्लब फुकुशिमा यूनाइटेड एफसी से जुड़ने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं जितना ज्यादा अपने जुनून का पीछा करता हूं, वह उतना ही वह बढ़ता जाता है। भले ही मेरी उम्र बढ़ रही है, लेकिन मुझे लगता है कि मेरा जोश पहले से भी ज्यादा बढ़ रहा है।'



जापान के काजुयोशी मियूरा

**गोल कर बनाया था रेकॉर्ड:** मियूरा 2017 में, 50 वर्ष की उम्र में प्रफेशनल मैच में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। इससे पहले यह रेकॉर्ड इंग्लैंड के स्टेनली मैथ्यूज के नाम था।

## निहाल को खिताब, आनंद दूसरे पर

■ एजेंसियां, कोलकाता: भारतीय ग्रैंडमास्टर (GM) निहाल सरीन ने टाटा स्टील चेस इंडिया टूर्नामेंट का रैपिड खिताब जीत लिया। 21 वर्षीय निहाल ने नौवें राउंड में पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद से ड्रॉ खेलकर 6.5 अंक के साथ पहला स्थान पक्का किया। आनंद छह अंक के साथ दूसरे, जबकि अर्जुन एरिगैसी पांच अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। निहाल ने यह खिताब हाल ही में दिवंगत नाना को समर्पित किया। महिला वर्ग में रूस की GM कैटरीना लाग्नो विजेता रहीं।




निहाल सरीन

## सबालेंका ने कीज पर दर्ज की आसान जीत

■ एजेंसियां, ब्रिस्बेन: बेलारूस की आरिना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारियों के लिए आयोजित ब्रिस्बेन इंटरनैशनल में अमेरिका की मेडिसन कीज को एकतरफा मुकाबले में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। टॉप सीड सबालेंका ने कीज पर 6-3, 6-3 से जीत हासिल की। अब सबालेंका का सामना 11वीं वरीय कैरोलिना मुचोवा से होगा।

टेनिस राउंड अप



वर्ल्ड नंबर-1 आरिना सबालेंका

**स्वितोलिना सेमी में:** टॉप सीड एलिना स्वितोलिना ने सोने कार्टल को तीन सेट में हराकर ऑकलैंड में चल रहे डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वितोलिना ने कार्टल को 6-4, 6-7, 7-6 से हराया। अंतिम चार में स्वितोलिना की भिड़ंत आज अमेरिका की इवा जोविच से होगी।

THE ECONOMIC TIMES

# कर्मचारी UPI से निकाल सकेंगे PF का पैसा

## मार्च से पहले आएगा EPFO का मोबाइल ऐप, सरकार कर रही है तैयारी

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : एंप्लॉयीज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) के सब्सक्राइबर्स को इस साल कई सहूलियतें मिलने जा रही हैं। श्रम मंत्रालय ने EPFO में अनिवार्य रूप से होने वाले अंशदान के लिए बेसिक सैलरी की सीमा 15000 रुपये से बढ़ाकर 25000 रुपये महीने करने का बजट प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के पास भेजा है। वहीं, सब्सक्राइबर्स के लिए फंड निकालने में सहूलियत के लिए EPFO फरवरी अंत तक ATM जैसी व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। इसी साल मार्च तक EPFO अपना मोबाइल ऐप भी जारी करने की तैयारी में है।

श्रम मंत्रालय का बजट प्रस्ताव, EPFO में अनिवार्य अंशदान के लिए बेसिक सैलरी की सीमा 25000 रुपये

**ATM के जरिए निकासी**

EPFO में फैसले करने वाली शीर्ष इकाई सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की श्रम मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में अक्टूबर में बैठक हुई थी। इसमें यह फैसला किया गया था कि प्रॉविडेंट फंड सर्विसेज को कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस से जोड़ा जाएगा। सूत्रों ने बताया, 'इसके तहत फरवरी अंत तक UPI के जरिए ATM से क्लेम की निकासी की सुविधा शुरू हो जाएगी। EPFO 2.0 के तहत इस पर काम हो रहा है।'

AI image



### क्या करना होगा?

- यह सुविधा शुरू होने पर ATM में UPI का विकल्प चुनना होगा।
- UAN और OTP वेरिफिकेशन के बाद सब्सक्राइबर्स के जो बैंक खाते होंगे, उनकी जानकारी सामने आएगी।
- अडवांस क्लेम की लिमिट के हिसाब से क्लेम अमाउंट सब्सक्राइबर के यूपीआई आईडी से जुड़े बैंक खाते में ट्रांसफर होगा।
- सूत्रों ने बताया, ' EPFO 3.0 के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर अपग्रेडेशन का काम चल रहा है। मार्च अंत तक EPFO का अपना मोबाइल ऐप भी लॉन्च करने की तैयारी है।'

### बेसिक सैलरी की लिमिट बढ़ेगी

EPFO में अनिवार्य अंशदान से जुड़ी बेसिक सैलरी की सीमा 2014 में 6500 रुपये से बढ़ाकर 15000 रुपये महीने की गई थी। सूत्रों ने बताया, 'श्रम मंत्रालय ने फाइनैंस मिनिस्ट्री को कई बजट प्रस्ताव दिए हैं। उनमें यह भी है कि अनिवार्य अंशदान की लिमिट बढ़ाकर 25000 रुपये कर दी जाए। पूरी उम्मीद है कि वित्त मंत्री इसे हरी झंडी दिखा देंगी।' कानूनी प्रावधानों के तहत 20 से अधिक कर्मचारियों वाली फर्म के लिए पीएफ के तहत अंशदान जरूरी है। कर्मचारी की सैलरी का कम से कम 12% और इतना ही हिस्सा एंप्लॉयर की ओर से अनिवार्य रूप से PF में जाता है।

### एंप्लॉयर्स को बढ़ाना पड़ेगा योगदान

बेसिक सैलरी की लिमिट बढ़ाने पर एंप्लॉयर्स को कॉन्ट्रिब्यूशन बढ़ाना पड़ेगा। इससे पहले एंप्लॉयर्स की ओर से इसका विरोध होता रहा है। एक अधिकारी ने कहा, 'यह विकल्प भी है कि इसमें कर्मचारियों को इजाजत दे दी जाए कि वे इस सीमा से ऊपर के वेतन में से जितना हिस्सा चाहें पेंशन और रिटायरमेंट बेनेफिट के लिए कॉन्ट्रिब्यूट कर सकते हैं। अभी EPFO से एग्जेम्प्टेड कैटिगरी वाली और अपना पीएफ ट्रस्ट चलाने वाली इकाइयों में वॉलंटरी पीएफ का विकल्प है।'

## डिजिटल फ्रॉड, हिडन चार्ज पर RBI गवर्नर ने बैंकों को चेताया

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को बैंकों सहित तमाम वित्तीय संस्थानों से कहा कि वे नियमों को केवल खानापूर्ति की तरह न अपनाएं, बल्कि उनके पीछे छिपे असल मकसद और भावना को समझें। डिजिटल फ्रॉड पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने इस पर लगाम लगाने के लिए सबको मिलकर काम करने पर जोर दिया।

यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गवर्नर ने कहा कि डिजिटल माध्यम से लोगों तक बैंकिंग पहुंचाना और सुविधाएं देना आसान हुआ है। लेकिन सुरक्षा का इंतजाम न होना, ग्राहकों से छिपे हुए चार्ज वसूलना, उन्हें पूरी जानकारी न देना और कर्ज वसूली के गलत तरीके अपनाने के नुकसान भी हो सकते हैं।

## इक्विटी MF में निवेश घटा, गोल्ड ETF का जलवा कायम

AI image



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के चलते दिसंबर महीने में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 6% गिरकर 28,054 करोड़ रुपये रहा। वहीं छोटे निवेशकों ने SIP (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए निवेश का नया रेकॉर्ड बना दिया है। AMFI की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इंडस्ट्री की कुल संपत्ति भी नवंबर के 80.80 लाख करोड़ रुपये से घटकर दिसंबर में 80.23 लाख करोड़ रुपये रह गई। इसकी सबसे बड़ी वजह Debt स्कीम्स से बड़े पैमाने पर पैसा निकाला जाना रहा।

**SIP का जादू कायम**

दिसंबर में SIP के जरिए निवेश 31,000 करोड़ रुपये के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह नवंबर में 29,445 करोड़ रुपये था। आनंद राठी वेल्थ के जॉइंट CEO फिरोज अजीज ने बताया कि साल 2025 में कुल SIP निवेश 3.34 लाख करोड़ रुपये रहा, जो दिखाता है कि लोग भरोसेमंद निवेश कर रहे हैं।

**सोने की चमक बढ़ी**


दिसंबर में गोल्ड ETF में 11,647 करोड़ रुपये का भारी निवेश आया। नवंबर में यह सिर्फ 3,742 करोड़ रुपये था। साल 2025 में सोने ने 70% से ज्यादा का शानदार रिटर्न दिया है।

**Debt फंड में निकासी**

डेट म्यूचुअल फंड (Debt) से 1.32 लाख करोड़ रुपये की भारी निकासी हुई। विशेषज्ञों का कहना है कि साल के अंत में कंपनियां टैक्स भरने और अपने बिजनेस की दूसरी जरूरतों के लिए पैसा निकालती हैं, इसलिए दिसंबर में ऐसी निकासी होना सामान्य बात है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 01-10-2026 00:20 Color:





NSG का नैशनल IED डेटा प्लैटफॉर्म शुरू
▸p12

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

श्रेयस फिर से नंबर-4 पर चमक बिखेरने को तैयार
▸देखें स्पोर्ट्स









खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें स्पोर्ट्स पेज

WPL आज के मैच
यूपी वॉरियर्स vs गुजरात जायंट्स
3:00pm से, नवी मुंबई में
मुंबई इंडियंस vs दिल्ली कैपिटल्स
7:30pm से, नवी मुंबई में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स, जियो हॉटस्टार
▸▸देखें स्पोर्ट्स पेज

## फटाफट खबरें

### ED छापों के खिलाफ ममता का मार्च



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म I-PAC के दफ्तर पर ED के छापे के खिलाफ कोलकाता में मार्च निकाला। केस कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंचा। इतना हंगामा हुआ कि जज ने सुनवाई स्थगित कर दी। अगले बुधवार को होगी। ▸▸पेज 12

### अंकिता केस में CBI जांच की सिफारिश

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अंकिता भंडारी मामले की CBI जांच की सिफारिश कर दी। कहा कि अंकिता के माता-पिता के अनुरोध पर उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए CBI जांच की संस्तुति की गई है। ▸▸पेज 12

### लैंड फॉर जॉब स्कैम में लालू पर आरोप तय

रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले में दिल्ली की कोर्ट ने शुक्रवार को RJD प्रमुख लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी समेत 46 लोगों पर आरोप तय कर दिए। कोर्ट ने कहा कि लालू और उनके परिवार के सदस्य आपराधिक गिरोह के तौर पर काम कर रहे थे। ▸▸पेज 12

### चचेरे भाई की बलि दी थी, फांसी की सजा

बहराइच स्थित नानपारा के परसा अगैय्या में तीन साल पहले चचेरे भाई की बलि देने के दोषी अनूप वर्मा को ACJM-4 सुनील प्रसाद ने शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई। उसने बलि के लिए 23 मार्च 2023 को अपने चचेरे भाई विवेक (10) की हत्या कर दी थी।

### कुत्तों के हमलों के सैकड़ों विडियो: SC

आवारा कुत्तों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान SC ने शुक्रवार को कहा कि यूट्यूब पर ऐसे सैकड़ों विडियो हैं, जिनमें आवारा कुत्तों को बच्चों-बुजुर्गों पर हमला करते देखा जा सकता है। अगली सुनवाई मंगलवार को होगी।

### हैपी मॉर्निंग

**पति:** भगवान ने तुम्हें दो आंखें दी हैं, चावल से पत्थर नहीं निकाल सकती?
**पत्नी:** भगवान ने तुम्हें 32 दांत दिए हैं, 2-4 पत्थर चबा नहीं सकते?

*14+4 Lucknow Times

# भारत ने खारिज किया डील पर US का आरोप

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत सरकार** ने अमेरिकी कॉमर्स मिनिस्टर हॉवर्ड लुटनिक के उस बयान को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को कॉल नहीं करने की वजह से ट्रेड डील फाइनल नहीं हो सकी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, इन टिप्पणियों में जो ब्योरा दिया गया है वो ठीक नहीं है। भारत और अमेरिका पिछले साल 13 फरवरी से ही एक द्विपक्षीय ट्रेड डील पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध थे। तब से दोनों पक्षों ने संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी ट्रेड डील पर पहुंचने के लिए कई दौर की बातचीत की है।

**भारत ने कहा, दोनों पक्ष डील करने को प्रतिबद्ध थे**

**लुटनिक ने कहा-** भारत कॉल करने में असहज महसूस कर रहा था, इसलिए मोदी ने फोन नहीं किया। लेकिन जब भारत ने फोन कर कहा हम तैयार हैं, तो मैंने उनसे पूछा क्या आप उस ट्रेन को पकड़ने के लिए तैयार हैं जो तीन हफ्ते पहले स्टेशन से निकल चुकी है?

**भारत बोला,** पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 2025 के दौरान 8 बार फोन पर बात हुई, जिसमें व्यापक साझेदारी के पहलुओं पर बात हुई। ट्रंप और पीएम के बीच दोस्ताना संबंध हैं।

> मोदी से ट्रंप को कॉल करने का अनुरोध किया था, लेकिन कॉल नहीं की, जब की तो ट्रेन निकल चुकी थी। -हॉवर्ड लुटनिक

> कई दौर की बात हुई। चर्चा का जो ब्योरा दिया गया, वह सही नहीं है। कई मौकों पर, हम समझौते के बहुत करीब रहे हैं। - भारत


AI Image

### अमेरिका के 500% टैरिफ वाले विधेयक पर है भारत की नज़र

**सरकार खास** से कच्चे तेल की खरीद पर 500% टैरिफ लगाने से जुड़े प्रस्तावित अमेरिकी विधेयक पर करीब से नजर रखे हुए है। ट्रंप ने इस प्रस्तावित कानून को अपनी ओर से हरी झंडी दे दी है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम इस प्रस्तावित बिल की जानकारी है। हम घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं। ऊर्जा स्रोतों को लेकर हमारा रुख साफ है। उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा खरीद ग्लोबल बाजार की गतिशीलता और नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने से प्रेरित है।

**ट्रंप ने इस बिल को पेश करने की मंजूरी दी है, वोटिंग बाकी**

### ममदानी को जवाब- पूर्वाग्रह ज़ाहिर न करें

**न्यू यॉर्क** सिटी के हाल ही में मेयर बने जोहरान ममदानी ने हाल ही में दिल्ली में जेल में बंद उमर खालिद को एक चिट्ठी लिखी थी। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रवक्ता ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से उम्मीद की जाती है कि वो दूसरे लोकतंत्रों में न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करें। अहम पद पर बैठे लोगों को इस तरह से अपने निजी पूर्वाग्रहों को जाहिर करना को शोभा नहीं देता। इस तरह की टिप्पणियां करने से बेहतर है कि वो अपनी जिम्मेदारियों पर फोकस करें।



### करीब 2100 अंक गिरा सेंसेक्स पांच दिन में

**शेयर बाजार** में शुक्रवार को लगातार पांचवें कारोबारी दिन भी गिरावट रही। सेंसेक्स 604.72 अंक गिरकर 83,576.24 पर बंद हुआ। बीते 5 दिनों में करीब 2100 अंक की गिरावट दर्ज हुई। वहीं शुक्रवार को 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 193.55 अंक टूटकर 25,683.30 पर बंद हुआ।

# KGMU वीसी ऑफिस पहुंचीं महिला आयोग उपाध्यक्ष, हंगामा

## लव-जिहाद का आरोपित डॉक्टर देर शाम गिरफ्तार

NBT न्यूज, लखनऊ : लव-जिहाद के आरोपित डॉ. रमीजउद्दीन नायक पर कार्रवाई न होने से नाराज उप्र महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव शुक्रवार दोपहर समर्थकों संग किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) पहुंच गईं। उनके समर्थकों ने वीसी ऑफिस में हंगामा मचाया और तोड़फोड़ की। KGMU प्रशासन ने चौक कोतवाली में अपर्णा व उनके समर्थकों के खिलाफ तहरीर दी है। साथ ही आरोपित डॉक्टर का दाखिला रद्द करने के लिए चिकित्सा शिक्षा निदेशक (DGME) को पत्र भेजा। वहीं, चौक पुलिस ने देर शाम आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

**अपर्णा के समर्थकों पर तोड़फोड़ का आरोप, विवि प्रशासन ने थाने में दी तहरीर**

अपर्णा समर्थकों संग दोपहर 1:30 बजे वीसी दफ्तर पहुंचीं। वहां बीजेपी नेता अभिजात मिश्र के साथ कई समर्थक पहले से थे। वीसी चैंबर बंद देख सभी ने हंगामा शुरू कर दिया। समर्थक दरवाजे की सिटकनी तोड़कर चैंबर में घुसे और तोड़फोड़ की। इसके बाद अपर्णा समर्थकों संग ब्राउन हाल पहुंचीं और प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया कि वीसी बिना मिले चली गईं। उन्होंने पीड़िता डॉक्टर को डराने-धमकाने और दो साल तक बिना लाइसेंस के ब्लड बैंक चलाने का आरोप लगाया।

अपर्णा के जाने के बाद केजीएमयू वीसी प्रो. सोनिया नित्यानंद ने ब्राउन हॉल में ही प्रेस वार्ता की और बताया कि आरोपित डॉ. रमीजउद्दीन का दाखिला रद्द करने के लिए DGME को पत्र भेजा गया है। ▸▸पेज 5

Sunil Kumar Raidas


अपर्णा यादव समर्थकों संग केजीएमयू कैंपस पहुंचीं। इस दौरान काफी हंगामा हुआ।



**पिछले दरवाजे से जाना पड़ा**
केजीएमयू प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया कि चैंबर में हंगामा होता देख वीसी और कर्मचारी सहम गए। वीसी और स्टाफ को पिछले दरवाजे से बाहर जाना पड़ा।

> मुझे लगता है कि अपर्णा कोई जानकारी लेनी गई थीं। आयोग की पदाधिकारी कहीं भी जा सकती हैं। वीसी को उनसे बात करनी चाहिए थी। गेट बंद करवाना उचित नहीं था। -बबीता सिंह चौहान, अध्यक्ष, उप्र महिला आयोग

**सिटी स्टेशन के पास पकड़ा**
पुलिस ने आरोपित डॉ. रमीजउद्दीन को शाम को सिटी स्टेशन गेट के पास पकड़ा। DCP पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि उस पर ₹50 हजार का इनाम था।

# वाराणसी में गंगा किनारे बनी टेंट सिटी अवैध

## NGT ने दो कंपनियों पर लगाया 17-17 लाख का जुर्माना, तीन माह में होगी वसूली

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/वाराणसी : नैशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल (NGT) ने वाराणसी में साल 2023 में गंगा किनारे बनाई गई टेंट सिटी को अवैध करार दिया है। NGT की प्रिंसिपल बेंच ने टेंट सिटी बसाने वाली दोनों कंपनियों- प्रवेग कम्युनिकेशंस (इंडिया) लिमिटेड और निराण कंपनी पर जुर्माना लगाया है। उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (UPPCB) को तीन महीने में हर कंपनी से 17.20 लाख जुर्माना वसूलना होगा।

NGT ने फैसले में कहा कि टेंट सिटी बिना किसी मंजूरी के पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करते हुए बनाई गई थी। इससे गंगा में प्रदूषण बढ़ा और जलीय जीवों को नुकसान पहुंचा। यह भी साफ किया कि भविष्य में गंगा या इसकी सहायक नदियों किनारे टेंट सिटी नहीं बनाई जाएगी।

File



**20** हेक्टेअर में 140 टेंट लगाए थे प्रवेग कम्युनिकेशंस ने

**10** हेक्टेअर में थी निराण कंपनी की टेंट सिटी। 120 टेंट थे

# प्रदर्शनों से सुलग उठा ईरान, ट्रंप-खामेनेई में बढ़ा टकराव

एपी, दुबई

गिरती अर्थव्यवस्था और बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शनों ने करीब पूरे ईरान को चपेट में ले लिया है। 12 दिन से हो रहे प्रदर्शनों में अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है। इंटरनेट और अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन सेवाएं बंद कर दी गई हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने शुक्रवार को कहा, हम पीछे नहीं हटेंगे। प्रदर्शनकारी दूसरे देश के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए अपनी सड़कें बर्बाद कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने उनकी मदद करने की बात कही। ईरान विदेशियों के लिए काम करने वाले भाड़े के लोगों को बर्दाश्त नहीं करेगा। US राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपनी धमकी को फिर दोहराते हुए एक इंटरव्यू में प्रदर्शनकारियों को मजबूत, बहादुर बताया। कहा- ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को हिंसक तरीके से मारेगा तो अमेरिका उन्हें बचाने को तैयार है। ये बात उन्हें अच्छे से बता दी गई है। ▸▸पेज 12

AP


सड़कों पर लोग, ट्रंप ने दावा किया- मशहद प्रदर्शनकारियों के कब्जे में।

> उनके (ट्रंप) हाथ ईरानियों के खून से सने हैं, ये अपने देश पर ध्यान दें। -अली खामेनेई



> प्रदर्शनकारियों को मारने की कीमत चुकानी होगी। खामेनेई देश छोड़ने का रास्ता देख रहे हैं। -डॉनल्ड ट्रंप



### डेनमार्क बोला- पहले गोली, फिर करेंगे बात

ट्रंप की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी पर डेनमार्क ने कहा है कि हमला होने पर सैनिक तुरंत कार्रवाई करेंगे। CNN ने यह रिपोर्ट किया है।

### वेनेजुएला पर दूसरा हमला रद्द किया: ट्रंप

वेनेजुएला ने तमाम राजनीतिक कैदी को रिहा कर दिए हैं। इसके बाद ट्रंप ने वेनेजुएला पर होने वाले दूसरा हमला रद्द कर दिया है। ▸▸पेज 12

### समाज कल्याण अधिकारी सस्पेंड

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर शासन ने हरदोई के जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकांत को निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की है। उन पर दो सर्वोदय विद्यालयों में संविदा पर कर्मचारियों की तैनाती के लिए सेवा प्रदाता फर्म के चयन में हेराफेरी करने और अफसरों को गुमराह करने का आरोप है। इसकी जांच उप निदेशक से राम को सौंपी गई है।

### PNG 50 पैसे, CNG 75 पैसे सस्ती

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: ग्रीन गैस लिमिटेड (GGL) ने शुक्रवार को लखनऊ, आगरा, अयोध्या और उन्नाव में PNG और CNG की दरों में कटौती की। बदली दरें शनिवार सुबह छह बजे से लागू होंगी। ग्रीन गैस के DGM मार्केटिंग प्रवीण सिंह ने बताया कि CNG की दरें 75 पैसे प्रति किलो और PNG की दरें 50 पैसे प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर घटाई गई हैं। लखनऊ में CNG 96 रुपये/किलो और PNG 57 रुपये/एससीएम के रेट पर मिलेगी।

**खुली नई राह** सरोजनीनगर में अशोक लेलैंड के EV प्लांट की शुरुआत

# संभावनाओं को परिणाम में बदल रहा यूपी: योगी

NBT रिपोर्ट, लखनऊ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सरोजनीनगर में अशोक लेलैंड के इलेक्ट्रिक वीइकल (EV) प्लांट की शुरुआत की। प्लांट में हर साल 2500 EV बसों का निर्माण करेगा। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साल 2017 के पहले यूपी की अराजकता किसी से छिपी नहीं थी और निवेशक पलायन कर रहे थे, लेकिन आज यूपी असीमित संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन गया है।

कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीएम की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में यूपी आर्थिक विकास का पर्याय बन चुका है। यह EV प्लांट प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। सीएम योगी ने कहा कि EV प्लांट की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता अभी 2500 यूनिट प्रति वर्ष है। इसे 5000 यूनिट प्रतिवर्ष तक बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आज यूपी के सभी 75 जिलों में निवेश हो रहा है। देश में एक्सप्रेस-वे का 55% सिर्फ यूपी में है। देश में पहली रैपिड रेल भी यूपी में ही शुरू होगी। उन्होंने कहा कि फियरलेस बिजनेस, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस नए यूपी की पहचान बन चुके हैं। यहां पर कोई निवेशक पॉलिसी पैरालिसिस का शिकार नहीं हो सकता।

**बढ़ेगी युवाओं की स्किल:** युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए हिंदुजा ग्रुप सरकार के साथ एमओयू करेगा। प्लांट में हर साल 10 हजार युवाओं को स्किल डिवेलपमेंट की ट्रेनिंग दी जाएगी। ▸▸पेज 2

| 18 | 2023 | 2024 | 2500 |
|---|---|---|---|
| महीने में तैयार हुआ प्लांट | सितंबर में हुआ था एमओयू | जनवरी में ट्रांसफर हुई जमीन | EV बसें बनेंगी हर साल |

NBT


सीएम ने कहा, प्लांट की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता 5000 यूनिट प्रति वर्ष की जाएगी।

> मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत@2047 का जो लक्ष्य तय किया है, उसका रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही जाएगा। -राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

> साल 2017 के पहले यूपी पहचान का मोहताज और उपद्रव से ग्रसित था, लेकिन आज यूपी उत्सव का प्रदेश है। -योगी आदित्यनाथ, सीएम



## फटाफट खबरें

### राजभवन में पीएसी के लिए बनेगा मॉडल बैरक

■ NBT रिपोर्ट , लखनऊ : राजभवन में तैनात पीएसी के लिए मॉडल बैरक बनाया जाएगा। शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इसका प्रेजेंटेशन देखा। उन्होंने कहा कि बैरक का निर्माण सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए, मानवीय आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाए। बैरकों में अलमारी, बेड, बाथरूम सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। राज्यपाल ने कहा कि भोजन, विश्राम, नींद और आराम सभी के लिए आवश्यक है, इसलिए सभी कार्मिकों के लिए समुचित सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए। राशन की खरीद इकट्ठा की जाए, जिससे लागत में कमी आएगी। इससे होने वाली बचत का उपयोग भोजन में अन्य आवश्यक एवं पौष्टिक उत्पाद उपलब्ध करवाने में किया जा सकता है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए टेस्टिंग किट खरीदी जाए, ताकि सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच हो सके।

### 'डिजिटल कौशल को रणनीतिक सहयोग' पर प्रशिक्षण

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी पुलिस की तकनीकी सेवाएं शाखा द्वारा सिस्को के सहयोग से 'डिजिटल कौशल को रणनीतिक सहयोग' विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को पूरा हो गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस की प्राथमिकताओं के हिसाब से साइबर अपराध नियंत्रण और पुलिस बल की तकनीकी दक्षता मजबूत करने के उद्देश्य से किया आयोजित किया गया था। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से साइबर सुरक्षा और कंप्यूटर नेटवर्किंग पर केंद्रित था, जिसमें सीआईएससीओ से इशविन्दर सिंह सहित चार विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न तकनीकी सत्रों का संचालन किया गया। प्रशिक्षण में प्रदेश के सभी जोन, रेंज, जिलों और कमिश्नरेट से 120 से अधिक प्रतिभागियों के साथ पुलिस मुख्यालय के 14 पुलिसकर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण समापन यूपी पुलिस कंप्यूटर केंद्र के सहायक निदेशक और एसपी शुभम पटेल ने किया।

### भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी करने की मांग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : एक्स-रे लैब टेक्निशन भर्ती के अभ्यर्थियों ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को पत्र लिखकर रिजल्ट जल्द घोषित करने की मांग की है। अभ्यर्थियों ने लिखा है कि भर्ती के लिए पांच जुलाई 2023 तक आवेदन लिए गए थे। तब से ढाई साल हो चुके हैं। उसके बाद लिखित परीक्षा और अभिलेखों की जांच भी हो चुकी है, लेकिन अभी तक रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। उसके बाद हुई परीक्षाओं का रिजल्ट जारी किया जा चुका है। अभ्यर्थियों की मांग है कि जल्द रिजल्ट जारी किया जाए।

### यूपी में संगठन को मजबूत बनाने में जुटी रालोद

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राष्ट्रीय लोकदल ने नगरीय निकाय समिति के सदस्यों को यूपी के शहरों में संगठन को और मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई नगरीय निकाय समिति की बैठक में समिति के सदस्यों को मंडल व क्षेत्रवार यह काम सौंपा गया। बैठक में समिति के सदस्य और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा को अवध और मध्य क्षेत्र में शहरी संगठन को सशक्त करने का दायित्व दिया गया है। समिति के सदस्य और पूर्व विधायक नूर सलीम राणा को मुरादाबाद-सहारनपुर मंडल के शहरों की, इंद्रजीत सिंह मेरठ मंडल के शहरों की, जावेद सलीम पूर्वी क्षेत्र के शहरों की और महेश जाटव आगरा मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। सभी प्रभारियों को अपने जिलों का दौरा कर जिला और नगर अध्यक्ष के साथ संगठन की समीक्षा करनी होगी। उन्हें 15 दिनों के अंदर समीक्षा रिपोर्ट पार्टी के केंद्रीय कार्यालय को सौंपनी होगी।

### हिंदुओं पर अत्याचार, आप कल करेगी प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आम आदमी पार्टी 11 जनवरी को यूपी के सभी जिलों में प्रदर्शन करेगी। साथ ही इस मुद्दे पर पीएम मोदी की चुप्पी के खिलाफ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपेगी। आप के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने बयान जारी कर कहा कि इस प्रदर्शन के जरिए बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे जुल्म को भारत की धरती से, उत्तर प्रदेश की धरती से बर्दाश्त न किए जाने का स्पष्ट संदेश दिया जाएगा। केंद्र सरकार को मजबूर किया जाएगा कि वह इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़े।

# यूपी में आज स्थापित हो रहीं बड़ी-बड़ी इकाइयां: राजनाथ

## अशोक लेलैंड प्लांट के उद्घाटन पर रक्षामंत्री ने की सीएम की तारीफ

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ



सरोजनीनगर स्थित प्लांट में आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री के साथ ही डिप्टी सीएम और कई मंत्री मौजूद रहे।

अशोक लेलैंड के प्लांट के उद्घाटन के मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदेश में बढ़ रहे औद्योगिक निवेश की तारीफ की। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह लखनऊ की भूमि है, जो सभी को आसानी से अपने हृदय में जगह देती है और पूरा सहयोग करती है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, जो कभी बीमारू राज्य कहा जाता था, जो गुंडों और अपराधियों के नाम से पहचाना जाता था, आज वहां उद्योग की बड़ी-बड़ी इकाइयां स्थापित हो रही हैं। रक्षामंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की और कहा कि उन्होंने जिस तरह से प्रदेश की कानून-व्यवस्था और औद्योगिक निवेश के लिए सकारात्मक माहौल तैयार किया है, वह प्रशंसनीय है। आज प्रदेश आर्थिक विकास का पर्याय बन चुका है। यहां राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियां बढ़-चढ़ कर निवेश कर रही हैं। डिफेंस निर्माण के क्षेत्र में भी प्रदेश गोला-बारूद से लेकर एयरक्राफ्ट व ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण कर रहा है।

**18 महीने में शुरू हुई यूनिट :** रक्षामंत्री ने कहा कि इस इकाई की स्थापना में जहां 60 महीने लगने थे, मगर इस प्लांट को रेकॉर्ड 18 महीने में इसे पूरा कर लिया। इसके लिए हिंदुजा ग्रुप, अशोक लेलैंड और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल भविष्य का परिवहन है और आने वाले समय में पेट्रोलियम आधारित वाहनों की संख्या धीरे-धीरे कम होती जाएगी। ऐसे में अशोक लेलैंड की यह यूनिट न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश को स्वच्छ और हरित परिवहन के साथ भविष्य की तकनीक के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धि दिलाएगी।

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी फरवरी में :** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अगली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी फरवरी में होने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि पिछले 8-9 वर्ष में यूपी में 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए। इसमें से 15 लाख करोड़ के प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। अगले महीने छह लाख करोड़ के अन्य निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग की जाएगी। पांच लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव अभी पाइपलाइन में और हैं।

**देशभर में बनेंगे 70,000 से अधिक ईवी चार्जिंग स्टेशन :** कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि सरकार लगातार इलेक्ट्रिक व्हीकल परिवहन को बढ़ावा दे रही है। पीएम ई-ड्राइव स्कीम के तहत 70,000 से अधिक चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया जाना है। इसके लिए 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' से निवेश को प्रोत्साहन

प्लांट के उद्घाटन के मौके पर अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, मजबूत कनेक्टिविटी, प्रभावी कानून व्यवस्था और जवाबदेह प्रशासन आज उत्तर प्रदेश की पहचान है जो उद्योगपतियों और निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। प्रदेश में निवेश के साथ ही इससे बड़ी संख्या में रोजगार का भी सृजन होगा। उन्होंने इस परियोजना को धरातल पर उतारने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्पष्ट नीति और मजबूत नेतृत्व के साथ कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। धीरज हिंदुजा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रक्षा तंत्र की मजबूती और स्थायित्व से देश में निवेश का भरोसेमंद वातावरण बना है।

### एक नजर में

- अशोक लेलैंड के सरोजनीनगर प्लांट में करीब 252 करोड़ का हुआ निवेश।
- इस परियोजना के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 20 फरवरी 2024 को हुई थी।
- ₹15 लाख करोड़ से अधिक निवेश की 16,000 से अधिक परियोजनाओं के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह हो चुके हैं।
- करीब ₹5 लाख करोड़ से अधिक निवेश वाली 8,300 से परियोजनाएं वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका।

# प्रेरणा स्थल में मनेगा यूपी दिवस, अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि

- 24 से 26 जनवरी तक होगा आयोजन
- पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने किया स्थलीय निरीक्षण, यूपी दिवस को भव्य बनाने की कवायद



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल में 24 से 26 जनवरी तक यूपी दिवस-2026 का आयोजन होगा। इस आयोजन को भव्य तरीके से किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में गृह मंत्री अमित शाह को आमंत्रित किया गया है। शुक्रवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं, स्टॉल, कार्यक्रम संरचना और प्रस्तुतियों की समीक्षा की।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने संस्कृति विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि 24 से 26 जनवरी तक प्रस्तावित कार्यक्रमों में किसी भी स्तर पर अव्यवस्था, लापरवाही या चूक स्वीकार्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस वर्ष यूपी दिवस को पहले की तुलना में अधिक भव्य, दिव्य और नव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अफसरों से कहा है कि सुरक्षा, पार्किंग, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और मेडिकल सुविधाओं में किसी भी स्तर पर कोई कमी स्वीकार्य नहीं होगी।

### 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे

आयोजन के लिए एलडीए और उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) सहित अन्य के 100 से अधिक स्टॉल लगने हैं। उन्होंने कहा कि स्टॉल, दुकानों और प्रदर्शनियों के लिए पर्याप्त जगह की व्यवस्था की जाए। सरकार का प्रयास है कि यूपी दिवस की गूंज देश की सीमाओं से निकलकर विदेश तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश वासी बड़ी संख्या में जिन देशों में रह रहे हैं, वहां के राजदूतों व अधिकारियों से संपर्क साधा जा रहा है, जिससे कि विदेशी धरती पर भी उत्तर प्रदेश दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक (संस्कृति विभाग) सृष्टि धवन, सहायक निदेशक (संस्कृति विभाग) तुहिन द्विवेदी और सहायक निदेशक (राज्य संग्रहालय) डॉ.विनय कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# 'एक जेल-एक उत्पाद योजना को आमजन तक पहुंचाया जाए'

कारागार एवं सुधार सेवाएं विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री दारा सिंह चौहान ने दिए निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि 'एक जेल-एक उत्पाद' योजना के उत्पादों को आयोजनों और सार्वजनिक मंचों के जरिए आमजन तक पहुंचाया जाए। दारा सिंह चौहान शुक्रवार को विभाग की समीक्षा करते हुए जेल मुख्यालय स्थित एआई सक्षम वीडियो वॉल 'जाग्रित' की विस्तृत जानकारी ली और उसकी कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में कारागार विभाग के अधिकारियों द्वारा कई विषयों पर प्रजेंटेशन किया गया। दारा सिंह चौहान ने जिलों में लगे सीसीटीवी कैमरों के संचालन और उनकी सक्रियता तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील बंदियों की लाइव सीसीटीवी के जरिए लगातार निगरानी की जाए। बंदी सुधार के मद्देनजर मंत्री ने निर्देश दिए कि अधीक्षक नियमित रूप से परेड आयोजित कर बंदियों की समस्याएं सुनें। बुजुर्ग और बीमार बंदियों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ समयपूर्व रिहाई के मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करवाया जाए। बैठक में डीजी जेल पीसी मीना, एडीजी जेल (प्रशासन) धर्मेंद्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### राजभवन में गोवंशों की मौत, डॉक्टर-LEO पर कार्रवाई तय

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजभवन की गोशाला में तीन गोवंश की मौत हो गई। इनमें दो बछड़े और एक बछिया है। गंभीर रूप से बीमार होने के कारण इनकी मौत हुई। इसके अलावा दो अन्य गोवंश बीमार हैं। जांच में राजभवन में तैनात पशु चिकित्सक डॉ.उमाकांत जायसवाल और पशुधन प्रसार अधिकारी (LEO) सौरभ गुप्ता को प्रारंभिक जांच में दोषी पाया गया है।

राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) डॉ.सुधीर एम बोबडे ने जांच के आधार पर दोनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए पशुपालन विभाग को पत्र लिखा है। प्रमुख सचिव पशुधन एवं पशुपालन निदेशक को भेजे पत्र में डॉ.बोबडे ने लिखा है कि गोशाला में संरक्षित तीन गोवंश की मृत्यु और दो गोवंशों को बीमार होने के बाद तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारियों की तीन सदस्यीय समिति द्वारा की गई, जिसमें पशुचिकित्साकर्मी (पशु चिकित्सक और पशुधन प्रसार अधिकारी) को अपने कर्तव्यों में शिथिलता बरतने का प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है।

### शिक्षक भर्ती पेपरों की जांच शुरू

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : एडेड जूनियर हाईस्कूलों में प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक भर्ती के चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज की जांच शुरू हो गई है। बेसिक शिक्षा निदेशक ने जारी आदेश में कहा है कि अभ्यर्थी पांच जनवरी को जारी समय सारिणी के अनुसार मूल दस्तावेज और दो-दो स्व प्रमाणित प्रतियों के साथ जांच के लिए पहुंचे। अभिलेखों की जांच राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान, लखनऊ में सुबह 10:30 बजे से होगी। दस्तावेज की लिस्ट और जांच का प्रारूप वेबसाइट पर उपलब्ध है।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम

Union Bank of India
(A Govt. of India Undertaking)

एआरबी, लखनऊ : भू-तल, यूनियन बैंक भवन, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010,
ईमेल:- ubin0578720@unionbankofindia.bank

**मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी अधिनियम के अन्तर्गत)**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के **विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।**

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक / बंधक हैं जिसका सांकेतिक / भौतिक कब्जा यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, का विक्रय दिनांक **28.01.2026** (समय: दोपहर 12:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) को होने वाली ई-नीलामी में **"जहाँ है", "जैसा है", "जो कुछ भी है"** और **"बिना किसी सहारे के आधार"** पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है।

**ऑनलाइन ई-नीलामी की वेबसाइट https://baanknet.com**
**नीलामी दिनांक व समय: 28 जनवरी, 2025, दोपहर: 12:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित)**

| क्र. सं. | ऋणी एवं जमानतकर्ताओं का नाम और पता | ई-नीलामी हेतु सम्पत्तियों का विवरण | 1. आरक्षित मूल्य 2. ई.एम.डी. 3. बढ़ी हुई धनराशि | 1. शाखा प्रमुख/सम्पर्क 2. प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क सूत्र 3. प्राधिकृत अधिकारी की ई-मेल आईडी 4. वसूली अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क सूत्र | ब्याज एवं अन्य खर्च के साथ बकाया धनराशि | कब्जा का विवरण सांकेतिक/भौतिक / ज्ञात ऋणभार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1) **मेसर्स एस टी ट्रेडर्स, प्रो. श्री फारूक जमाल कुरेशी**, पता: 329, संजय गांधी पुरम, सेखपुर कसैला, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016 (ऋणी)<br>2) **श्री फारूक जमाल कुरेशी**, पता: 329, संजय गांधी पुरम, सेखपुर कसैला, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016 (प्रोपराइटर)<br>3) **श्रीमती हिना फारूक**, पता: 329, संजय गांधी पुरम, सेखपुर कसैला, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016 (जमानतकर्ता) | साम्यिक बंधक आवासीय मकान सं. बी-2784, वार्ड मैथली शरण गुप्त, मोहल्ला-बी ब्लॉक, इंदिरा नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल- 49.30 वर्ग मीटर, संपत्ति का स्वामित्व श्रीमती हिना फारूक पत्नी श्री फारूक जमाल, चौहद्दी:-उत्तर-** मकान सं. बी-2862, **दक्षिण-** सड़क 3.5 मीटर चौड़ी, **पूर्व-** मकान सं. बी-2782, **पश्चिम-**मकान सं. बी-2786 | 1.रु. 35,00,000/-<br>2.रु. 3,50,000/-<br>3.रु. 35,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार<br>2. श्री राजीव कुमार वर्मा / 8584884263<br>3.ubin0578720@unionbankofindia.bank<br>4. श्री अनुज कुमार/ 7457071504 | रु. 37,26,671.09 (रुपये सैंतीस लाख, छब्बीस हजार, छः सौ इकहत्तर व पैसे नौ मात्र) मांग सूचना दिनांक 18.02.2024 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 2. | 1) **मेसर्स शुभ इंटरप्राइजेज, श्री विकास शुक्ला पुत्र श्री परमात्मा दीन**, 107, यूनाइटेड नगर, मसवानपुर, कल्यानपुर, कानपुर, उ.प्र.-208017 (ऋणी)<br>2) **श्री विकास शुक्ला पुत्र श्री परमात्मा दीन**, 107, यूनाइटेड नगर, मसवानपुर, कल्यानपुर, कानपुर, उ.प्र.-208017 (प्रोपराइटर/ऋणी)<br>3) **श्रीमती ममता पत्नी श्री विकास चंद्र शुक्ला**, पता 1-ग्राम- बरहट बांगर, पी.ओ.- बिठूर, तहसील एवं जिला-कानपुर नगर, उ.प्र.- 209217, पता 2-107, यूनाइटेड नगर, मसवानपुर, कल्यानपुर, कानपुर, उ.प्र.- 208017 (जमानतकर्ता) | भूमि और भवन निजी प्लॉट संख्या 107 का हिस्सा ग्राम मसवानपुर, तहसील व जिला कानपुर नगर-208017 **क्षेत्रफल 83.613 वर्ग मीटर श्रीमती ममता पत्नी श्री विकास चंद्र शुक्ला के नाम पर, चौहद्दी:-उत्तर-** निजी प्लॉट सं. 73, **दक्षिण-** 9.14 मीटर चौड़ी सड़क, **पूर्व-** निजी प्लॉट सं. 106, **पश्चिम-** निजी प्लॉट सं. 107 का 1/2 भाग | 1.रू. 33,60,000/-<br>2. रू. 3,36,000/-<br>3. रू. 33,600/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार<br>2. श्री राजीव कुमार वर्मा / 8584884263<br>3.ubin0578720@unionbankofindia.bank<br>4. श्री सुनील कुमार गौतम / 8400007996 | रु. 32,35,554.44 (रुपये बत्तीस लाख, पैंतीस हजार, पांच सौ चौवन व पैसे चौवालीस मात्र) मांग सूचना दिनांक 18.11.2024 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 3. | 1) **मेसर्स ओम ब्रिक फील्ड, प्रोपराइटर श्री जय राम सिंह पुत्र श्री हरि नारायण सिंह**, पता कलसहा, सुलखियापुर, रायबरेली-229001, उत्तर प्रदेश (ऋणी)<br>2) **श्री जयराम सिंह पुत्र श्री हरि नारायण सिंह**, पता- ग्राम- पूरे बैसान, पोस्ट- सुल्तानपुर खेड़ा, रायबरेली-229001, उत्तर प्रदेश (प्रोपराइटर)<br>3) **श्री जगराम सिंह पुत्र श्री हरि नारायण सिंह**, पता- ग्राम- पूरे बैसान, पोस्ट- सुल्तानपुर खेड़ा, रायबरेली-229001, उत्तर प्रदेश (जमानतकर्ता)<br>4) **श्री भूला सिंह पुत्र जय राम सिंह**, पता:- ग्राम- पूरे बैसन, पोस्ट- सुल्तानपुर खेड़ा, रायबरेली-229001, उत्तर प्रदेश (जमानतकर्ता) | प्लॉट स्थित गाटा संख्या 288 मिन, ग्राम- चकबहादुरपुर, परगना, तहसील एवं जिला- रायबरेली-229001, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल 379.50 वर्ग मीटर, श्री जयराम सिंह के नाम पर, बिक्री विलेख के अनुसार चौहद्दी-उत्तर-** तालाब, **दक्षिण-** पन्नी व अन्य की भूमि, **पूर्व-** विक्रेता की भूमि व 18 फीट रास्ता, **पश्चिम-** धर्मेंद्र मिश्रा का प्लॉट | 1.रु. 23,40,000/-<br>2.रु. 2,34,000/-<br>3.रु. 23,400/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार<br>2. श्री राजीव कुमार वर्मा / 8584884263<br>3.ubin0578720@unionbankofindia.bank<br>4. श्री नवीन सिंह/ 9767601248 | रु. 59,81,696.00 (रुपये उनसठ लाख, इक्यासी हजार छः सौ छियानबे मात्र) मांग सूचना दिनांक 06.05.2022 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 4. | 1) **श्री रोहित कुमार गुप्ता पुत्र नंद किशोर गुप्ता**, निवासी मकान नंबर 27, पनकी पड़ाव, कानपुर नगर, कानपुर-208020 (ऋणी)<br>2) **श्री जगदीश चंद्र गुप्ता पुत्र नंद किशोर गुप्ता**, निवासी मकान नंबर 27, पनकी पड़ाव, कानपुर नगर, कानपुर-208020 (ऋणी)<br>3) **श्री नंद किशोर गुप्ता पुत्र गंगा प्रसाद गुप्ता** निवासी मकान नं. 28, पनकीपड़ाव, पनकी, कानपुर, उ.प्र.-208020 (जमानतकर्ता) | मकान संख्या 27 (आंशिक) क्षेत्रफल 125.00 वर्ग मीटर, पनकी पड़ाव, पनकी, जिला-कानपुर, उत्तर प्रदेश, **श्री रोहित कुमार गुप्ता और श्री जगदीश चंद्र गुप्ता के नाम पर, चौहद्दी:-पूर्व:** मकान संख्या 27 का भाग, श्री जगदीश तिवारी का मकान, **पश्चिम:** मकान संख्या 27 का भाग, उत्तर: मकान संख्या 27 का भाग, **दक्षिण:** 4.57 मीटर चौड़ी सड़क | 1.रु. 42,75,000/-<br>2.रु. 4,27,500/-<br>3.रु. 42,750/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार<br>2. श्री राजीव कुमार वर्मा / 8584884263<br>3.ubin0578720@unionbankofindia.bank<br>4. श्री गोरखनाथ शर्मा / 9838744960 | रु. 35,72,821.16 (पैंतीस लाख, बहत्तर हजार, आठ सौ इक्कीस रुपये और सोलह पैसे मात्र) मांग सूचना दिनांक 30.05.2022 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>एसए सं. 490/2023 डीआरटी लखनऊ के समक्ष लंबित |
| 5. | 1) **मेसर्स शुभ आरंभ बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड**, पता श्री सदन, 1/21, विशाल खंड, गोमती नगर, लखनऊ उत्तर 226010 (ऋणी)<br>2) **श्री अंशु मिश्रा पुत्र श्री राम चंद्र मिश्रा**, पता फ्लैट नंबर ए1-1301, एमआई रस्टल कोर्ट, गोमती नगर एक्सटेंशन, सेक्टर 6, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (मेसर्स शुभ आरंभ बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के खाते में निदेशक और जमानतकर्ता)<br>3) **श्रीमती एकता मिश्रा पत्नी श्री अंशु मिश्रा**, पता 146, शिव नगर कॉलोनी, राय बरेली रोड, मोती पैलेस के पास, जिला फैजाबाद -224001, उत्तर प्रदेश(मेसर्स शुभ आरंभ बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के खाते में निदेशक और जमानतकर्ता) | आवासीय फ्लैट संख्या 210, द्वितीय तल, अनांशा हाइट्स स्थित प्लॉट संख्या 00263, खसरा संख्या 55 मिन जुमला, गांव- गणेशपुर रहमानपुर, जिला-लखनऊ, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल 1235 वर्ग फीट, स्वामित्व श्रीमती एकता मिश्रा पत्नी श्री अंशु मिश्रा, चौहद्दी:** उत्तर-मार्ग, **दक्षिण-**फ्लैट, **पूर्व-**फ्लैट सं. 209, **पश्चिम-**फ्लैट सं. 211 | 1.रु. 32,40,000/-<br>2.रु. 3,24,000/-<br>3.रु. 32,400/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार<br>2. श्री राजीव कुमार वर्मा / 8584884263<br>3.ubin0578720@unionbankofindia.bank<br>4. श्री अनुज कुमार/ 7457071504 | रु. 35,78,870.23 (रुपये पैंतीस लाख, अठहत्तर हजार, आठ सौ सत्तर व पैसे तेईस मात्र) मांग सूचना दिनांक 22.02.2024 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 6. | **ऋणी-श्रीमती पूजा सिंह पत्नी स्व. श्री राजेश सिंह**, मकान नंबर 551, जुगौली, नारायण नगर, लक्ष्मणपुरी, ब्रह्मपुरी, फैजाबाद रोड, लखनऊ-226016<br>**मृतक श्री राजेश सिंह पुत्र स्व. श्री बाबू सिंह की संपत्ति के विधिक उत्तराधिकारी (1) श्रीमती पूजा सिंह पत्नी स्व. श्री राजेश सिंह**, मकान नंबर 551, जुगौली, नारायण नगर, लक्ष्मणपुरी, ब्रह्मपुरी, फैजाबाद रोड, लखनऊ-226016, **(2) श्री शिखर सिंह पुत्र स्व. श्री राजेश सिंह**, मकान नंबर 551, जुगौली, नारायण नगर, लक्ष्मणपुरी, ब्रह्मपुरी, फैजाबाद रोड, लखनऊ-226016, **(3) श्री साहिल सिंह पुत्र स्व. श्री राजेश सिंह**, मकान नंबर 551, जुगौली, नारायण नगर, लक्ष्मणपुरी, ब्रह्मपुरी, फैजाबाद रोड, लखनऊ-226016 | साम्यिक बंधक मकान नंबर 551, जुगौली नारायण नगर, लक्ष्मणपुरी, ब्रह्मपुरी, फैजाबाद रोड, लखनऊ-226016, **श्रीमती पूजा सिंह पत्नी स्व. श्री राजेश सिंह के स्वामित्व में, क्षेत्रफल -159.61 वर्ग. मीटर, चौहद्दी:-पूर्व-** मकान नंबर 550, **पश्चिम-** मकान नंबर 552, उत्तर-श्री सहाय का मकान, **दक्षिण-**15 फीट चौड़ा रोड | 1.रु. 75,30,000/-<br>2.रु. 7,53,000/-<br>3.रु. 75,300/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार<br>2. श्री राजीव कुमार वर्मा / 8584884263<br>3.ubin0578720@unionbankofindia.bank<br>4. श्री अनुज कुमार/ 7457071504 | रु. 59,21,338.06 (रुपये उनसठ लाख इक्किस हजार तीन सौ अड़तीस व पैसे छः मात्र) मांग सूचना दिनांक 29.04.2023 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत। | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>एसए सं. 798/2023 डीआरटी लखनऊ के समक्ष लंबित |
| 7. | 1) **श्रीमती ममता तिवारी पत्नी श्री पवन कुमार तिवारी**, पता-193, इंदिरा नगर, सेमरा गौरी, आईआईएम रोड, सीतापुर रोड, लखनऊ-226020, उत्तर प्रदेश (ऋणी)<br>2) **श्रीमती सुधा तिवारी पत्नी स्व. रूद्र नाथ तिवारी**, पता- 193, इंदिरा नगर, सेमरा गौरी, आईआईएम रोड, सीतापुर रोड, लखनऊ-226020, उत्तर प्रदेश (जमानतकर्ता) | साम्यिक बंधक आवासीय भूमि व भवन स्थित प्लॉट संख्या 193-ए, खसरा संख्या 310, ग्राम सेमरा गौढ़ी, वार्ड-फैजुल्लागंज, सुभाष बोस अकादमी के पास, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020, संपत्ति का **स्वामित्व: श्रीमती सुधा तिवारी पत्नी स्व. रूद्र नाथ तिवारी, क्षेत्रफल-118.50 वर्ग मीटर, चौहद्दी:-पूर्व:** प्लॉट समिति, **पश्चिम:** सड़क 20.00 फीट चौड़ी, उत्तर: अन्य समिति, **दक्षिण:** सड़क 20.00 फीट चौड़ी | 1. रु. 35,25,000/-<br>2. रु. 3,52,500/-<br>3. रु. 35,250/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार<br>2. श्री राजीव कुमार वर्मा / 8584884263<br>3.ubin0578720@unionbankofindia.bank<br>4. श्री अनुज कुमार/ 7457071504 | रु. 23,12,199.52 (रुपये तेईस लाख, बारह हजार, एक सौ निन्यानवे पैसे बावन मात्र) मांग सूचना दिनांक 15.09.2022 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 8. | 1) **मेसर्स रॉक स्टोन इंटरप्राइजेज**, पता ई-4/1093, कानपुर रोड, सेक्टर-ओ, मानसरोवर योजना, लखनऊ, 226012, उत्तर प्रदेश (मेसर्स रॉक स्टोन इंटरप्राइजेज, ऋणी)<br>2) **सुश्री श्रुति सोनकर पुत्री कृष्ण लाल सोनकर**, पता 28, नजीराबाद रोड, सब्जी मंडी के पास, मैरिस मार्केट, कैसर बाग, अमीनाबाद पार्क, एस.ओ. लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226018 (मेसर्स रॉक स्टोन इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर)<br>3) **श्रीमती कंचन लता सिंह, पत्नी श्री दुर्गा प्रसाद सिंह**, पता मकान संख्या 4/38, विराट खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010 (मेसर्स रॉक स्टोन इंटरप्राइजेज के खाते में जमानतकर्ता)<br>4) **श्रीमती ममता सिंह, पत्नी श्री रोहिताश्व सिंह**, पता 404, सिलाक ए आर 1 ओमेक्स रेजीडेंसी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226002, (मेसर्स रॉक स्टोन इंटरप्राइजेज के खाते में जमानतकर्ता)<br>5) **श्री अरुण कुमार सिंह पुत्र श्री हरिश्चंद्र सिंह**, पता ई4/1093, सेक्टर ओ, मानसरोवर योजना, अमौसी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226008 (मेसर्स रॉक स्टोन इंटरप्राइजेज के खाते में जमानतकर्ता)<br>6) **श्री रोहिताश्व सिंह पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद सिंह**, पता 404, सिलाक ए आर 1 ओमेक्स रेजीडेंसी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226002, (मेसर्स रॉक स्टोन इंटरप्राइजेज के खाते में जमानतकर्ता) | 1) साम्यिक बंधक भूमि व भवन स्थित प्लॉट संख्या 71 का भाग, गाटा संख्या 284, सिमला रेजीडेंसी, ग्राम- भुहेला, परगना-देवा, तहसील- नवाबगंज, जनपद- बाराबंकी, उत्तर प्रदेश-225001, संपत्ति का **स्वामित्व: श्रीमती ममता सिंह पत्नी श्री रोहिताश्व सिंह, क्षेत्रफल-206.93 वर्ग मीटर, चौहद्दी:-पूर्व:** रास्ता कच्चा 22.00 फीट चौड़ा, **पश्चिम:** अन्य भूमि, उत्तर: प्लॉट संख्या 70, **दक्षिण:** प्लॉट संख्या 72 | 1.रु. 30,20,000/-<br>2.रु. 3,02,000/-<br>3.रु. 30,200/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार<br>2. श्री राजीव कुमार वर्मा / 8584884263<br>3.ubin0578720@unionbankofindia.bank<br>4. श्री अनुज कुमार/ 7457071504 | रु. 55,11,248.71 (रुपये पचपन लाख, ग्यारह हजार, दो सौ अड़तालीस व पैसे इकहत्तर मात्र)मांग सूचना दिनांक 22.05.2024 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक |
| | | 2) साम्यिक बंधक भूमि व भवन स्थित प्लॉट संख्या 72 का भाग, गाटा संख्या 284, सिमला रेजीडेंसी, ग्राम- भुहेला, परगना-देवा, तहसील- नवाबगंज, जनपद- बाराबंकी, उत्तर प्रदेश-225001, संपत्ति का **स्वामित्व: श्रीमती कंचन लता सिंह पत्नी श्री दुर्गा प्रसाद सिंह, क्षेत्रफल- 198.16 वर्ग मीटर, चौहद्दी:-पूर्व:** रास्ता कच्चा 22.00 फीट चौड़ा, **पश्चिम:** अन्य भूमि, उत्तर: प्लॉट संख्या 71, **दक्षिण:** प्लॉट संख्या 73 | 1.रु. 27,50,000/-<br>2.रु. 2,75,000/-<br>3.रु. 27,500/- | | | सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 9. | 1) **मेसर्स ए. एस. इंटरप्राइजेज, प्रोप. सुश्री अनीता जैन, पत्नी श्री सुनील चन्द्र जैन के माध्यम से**, पता - 58/52 (प्रथम तल का उत्तरी भाग), जैन भवन, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, जिला-कानपुर, उत्तर प्रदेश-208001 (ऋणी)<br>2) **सुश्री अनीता जैन, पत्नी श्री सुनील चन्द्र जैन**, पता-58/52 (प्रथम तल का उत्तरी भाग), जैन भवन, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, जिला-कानपुर, उत्तर प्रदेश-208001 (प्रोपराइटर)<br>3) **श्री सुनील चन्द्र जैन, पुत्र स्वर्गीय श्री सुखमल चन्द्र जैन**, पता-58/52 (प्रथम तल का उत्तरी भाग), जैन भवन, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, जिला-कानपुर, उत्तर प्रदेश-208001 (जमानतकर्ता) | साम्यिक बंधक आवासीय भूमि व भवन स्थित प्लॉट संख्या 193-ए, खसरा संख्या 310, ग्राम सेमरा गौढ़ी, वार्ड-फैजुल्लागंज, सुभाष बोस अकादमी के पास, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020, संपत्ति का **स्वामित्व: श्रीमती सुधा तिवारी पत्नी स्व. रूद्र नाथ तिवारी, क्षेत्रफल-118.50 वर्ग मीटर, चौहद्दी:-पूर्व:** प्लॉट समिति, **पश्चिम:** सड़क 20.00 फीट चौड़ी, उत्तर: अन्य समिति, **दक्षिण:** सड़क 20.00 फीट चौड़ी | 1. रु. 37,50,000/-<br>2. रु. 3,75,000/-<br>3. रु. 37,500/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार<br>2. श्री राजीव कुमार वर्मा / 8584884263<br>3.ubin0578720@unionbankofindia.bank<br>4. श्री योगेन्द्र कुशवाहा / 7007635206 | रु. 35,76,086.70 (रुपये पैंतीस लाख छिहत्तर हजार छियासी व पैसे सत्तर मात्र) मांग सूचना दिनांक 25.10.2024 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** और **https://baanknet.com** में दिये गए लिंक को देखें। पंजीकरण, ईएमडी भुगतान और बोली-प्रक्रिया के नियमों के लिए वेबसाइट **https://baanknet.com** पर जाएं। ऑनलाईन नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं के पास वैध ई-मेल आईडी, केवाईसी दस्तावेज, बैंक डिटेल और सक्रिय दूरभाष नम्बर अवश्य होना चाहिए। केवाईसी दस्तावेजों के अनुमोदन के लिए बोलीदाताओं/खरीदार के पास **"डिजिलॉकर सुविधा"** होनी चाहिए। इच्छुक बोलीदाता/खरीदार वेबसाइट के होम पेज पर दिए गए क्रेता मैनुअल द्वारा निर्देशित हो सकते हैं।

**Security Interest (Enforcement) Rule, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत 15 दिन की बिक्री सूचना।**

इसे Security Interest (Enforcement) Rule, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई-नीलामी/बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों/जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक: 10.01.2026 स्थान: लखनऊ/कानपुर/रायबरेली प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

## शहर में आज

- श्रीराम कृष्ण मठ में स्वामी विवेकानंद जयंती पर नौ दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत, निराला नगर, सुबह 5 बजे।
- चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की ओर से इंडिया AI कनक्लेव पर सेमिनार, यूनिवर्सिटी कैंपस, कानपुर हाइवे, उन्नाव, सुबह 10 बजे।
- प्रगतिशील ब्राह्मण कल्याण समिति की ओर से वार्षिक सम्मान और तहरी भोज, ओरसिस लॉन, गोकुलधाम कॉलोनी, सुबह 11:30 बजे।
- साहित्यकार ज्ञानरंजन की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा, बलराज साहनी सभागार, कैसरबाग, दोपहर 3 बजे।
- कस्तूरी म्यूजिक फेस्ट, SNA, गोमती नगर, शाम 5 बजे।

## विराजखंड में आज 3 घंटे बंद रहेगी PNG सप्लाई

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विरामखंड में शनिवार को दिन में 12 से 3 बजे तक PNG सप्लाई बंद रहेगी। ग्रीन गैस लिमिटेड के डीजीएम मार्केटिंग प्रवीण सिंह ने बताया कि PNG के रेडियल सिस्टम में कुछ काम किया जाना है। लिहाजा, विराम खंड व उसके आसपास के इलाकों में दोपहर 12 से 3 बजे तक PNG सप्लाई बंद की जाएगी। काम पूरा होते ही पीएनजी सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

वहीं, आशियाना इलाके में एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड सेक्टर-एफ में एक मकान के निर्माण के दौरान पाइप फट जाने से शुक्रवार शाम को करीब दो घंटे तक PNG आपूर्ति बाधित रही। रात 9 बजे सप्लाई शुरू हो सकी।

### सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
लखनऊ ₹1,40,605
चांदी .999 टंच प्रति किलो
लखनऊ ₹2,49,000

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,576.24 (-604.72) |
| निफ्टी | 25,683.30 (-193.55) |
| रु/यूएस डॉलर | 90.13 (-0.24) |
| रु/यूरो | 105.00 (-0.01) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### मौसम

अधि.तापमान 18 डिग्री
न्यून.तापमान 6.2 डिग्री
सूर्यास्त शनिवार 5:30 बजे
सूर्योदय रविवार 6:56 बजे

# मियाद खत्म होने के बाद भी चल रहा कतकी मेला

## 45 दिन के लिए किया था टेंडर, लेकिन नियम दरकिनार

NBT रिपोर्ट, लखनऊ


Sandeep Rastogi

झूलेलाल घाट पर कतकी मेले का आयोजन टेंडर अवधि खत्म होने के बाद भी जारी है। टेंडर की अवधि 7 जनवरी 2026 को ही खत्म हो गई है। बावजूद इसके नगर निगम की नजरों के सामने ही बदस्तूर मेले का आयोजन जारी है, जबकि झूलेलाल वाटिका में मेले के आयोजन के लिए 45 दिनों की अवधि होती है। इसके एवज में आयोजक को टेंडर की धनराशि जमा करनी होती है। इस बार आयोजक ने करीब 2 करोड़ 76 लाख रुपये मेले का शुल्क जमा किया था। टेंडर नियमों के शर्तों के मुताबिक तय वक्त से ज्यादा मेले का आयोजन होने पर प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना एक लाख रुपये अदा करना होगा। इन सभी नियमों के बावजूद नगर निगम के अफसरों की मेला आयोजक पर मेहरबानी जारी है, जिसके चलते नगर निगम के कोष को नुकसान पहुंच रहा है।

### पिछले साल भी दुकानदारों को चूना लगाने का था आरोप

पिछले साल भी कतकी मेले का टेंडर जय शिव शक्ति नाम की फर्म को मिला था। इस बार भी कतकी मेले का टेंडर इसी फर्म को मिला है। आरोप है कि पिछले साल फर्म की ओर से कतकी मेले की अवधि खत्म होने के बाद भी वहां दुकानदारों से 15 दिनों का अतिरिक्त भुगतान करवा लिया गया। इसके बाद मेला आयोजक मौके से भाग गए थे। इस मामले में तत्कालीन जोनल अफसर अमरजीत यादव की ओर से आयोजक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने का दावा किया गया था। लेकिन इस वर्ष भी उसी फर्म को टेंडर अलॉट कर दिया गया।

### किराए को लेकर मेयर ने लिखा था पत्र

एक तरफ मेयर ने झूलेलाल घाट को किराए पर देने के मुद्दे को लेकर तत्कालीन अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। मेयर के पत्र के बाद अपर नगर आयुक्त के खिलाफ शासन स्तर पर जांच चल रही है। उन पर आरोप है कि झूलेलाल घाट को सही वक्त पर किराये पर न देने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ था। अब कतकी मेले के आयोजक को तय अवधि खत्म होने के बाद भी जारी रखने से राजस्व का नुकसान नहीं हो रहा है। आखिर बगैर कोई रकम जमा कराए कैसे आयोजक ने मेले को जारी रखा है। अब इस मामले में जिम्मेदार अफसर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

### मेले से निकलने वाला कूड़ा गोमती नदी में

कतकी मेले में लगी दुकानों से निकलने वाला कूड़ा खुलेआम गोमती नदी में फेंका जा रहा है। इस कारण नदी के किनारे कूड़े से पटे दिख रहे हैं।

### आयोजक पर कूड़ा गोमती नदी में फेंकने का आरोप

झूलेलाल घाट के गोमती नदी के ठीक किनारे है। आरोप है कि मेला आयोजक मौके से निकलने वाले सभी कचरे को गोमती नदी में फेंक रहे हैं। नदी किनारे प्लास्टिक का ढेर लगा हुआ है। ऐसे में नगर निगम की ओर से स्वच्छता का दावा बेमानी साबित होता नजर आ रहा है।



मेला आयोजक को मैदान खाली करने के लिए नोटिस देकर तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। गंदगी को लेकर अधिकारी रोजाना मौके पर निरीक्षण करते हैं। गंदगी मेले के कारण नहीं बल्कि आसपास के स्लम से हो रही है।

– आकाश कुमार, जोनल अफसर, जोन 3

### पार्षद बोले, बंद होनी चाहिए मनमानी

मेला अवधि खत्म होने से पहले जगह खाली करने का नोटिस दिया जाता है। लेकिन नगर निगम के अफसर तय अवधि खत्म होने के बाद नोटिस देकर खानापूर्ति कर रहे हैं। इससे निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

*–शैलेंद्र वर्मा, भाजपा पार्षद*

मेले का आयोजन हर साल विवादों में रहता है। आयोजक मनमानी कर मेले की अवधि खुद बढ़ा लेता है। पिछले साल भी 15 दिन अतिरिक्त मेले का आयोजन हुआ था। उसकी फीस अभी तक नहीं जमा हुई है।

*–अमित चौधरी, भाजपा पार्षद*

मेले को लेकर कई गड़बड़ी सामने आती है, लेकिन नगर निगम के अफसर मौन साधे रहते हैं। मेला आयोजक द्वारा हर साल नियमों का उल्लंघन होता है पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है।

*–मुकेश सिंह मोंटी, भाजपा पार्षद*

# कोहरा होगा कम, ठंड से मिलेगी राहत

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : ठंड और कोहरे से अस्तव्यस्त जनजीवन को राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान की मानें तो आने वाले दिन में कोहरे के घनत्व में कमी आएगी। साथ ही तापमान में बढ़ोतरी से कड़ाके की ठंड से भी निजात मिलेगी। मौसम विभाग ने यह पूर्वानुमान दो दिन के लिए जारी किया है। वहीं, यूपी के कई इलाकों में बूंदाबांदी भी हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले दो दिन तक राहत रहेगी। लखनऊ और उसके आसपास के इलाकों में आने वाले दिनों में सुबह के समय हल्की धुंध छाई रहेगी। हालांकि बाद में आसमान साफ हो जाएगा। अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। शुक्रवार को अलीगढ़ में न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री C दर्ज किया गया। वहां अधिकतम तापमान 15.8 डिग्री C दर्ज हुआ।

### 15 ट्रेनें और 12 प्लेन देरी के शिकार


NBT रिपोर्ट, लखनऊ : मौसम में सुधार की वजह से ट्रेनों और विमानों का संचालन भी पटरी पर लौटने लगा है। लगातार देरी के कारण कई बार कैंसल की जा चुकी 82501 तेजस एक्सप्रेस शुक्रवार को चार घंटे की देरी का शिकार हुई। वहीं 12003 शताब्दी एक्सप्रेस एक घंटे लेट रही। शुक्रवार को 15 ट्रेनें और 12 विमान देरी का शिकार हुए।

**अटके यात्री, नहीं मिला रिफंड/रीशेड्यूलमेंट**
गुरुवार को मुंबई से वाराणसी जाने वाली अकासा एयर की उड़ान लखनऊ डायवर्ट कर दी गई। यात्री करीब पांच घंटे तक विमान में ही रहे, लेकिन उन्हें रिशेड्यूलमेंट नहीं दिया गया। यात्री ने विमानन कंपनी के खिलाफ डीजीसीए से शिकायत की है।









## फटाफट खबरें

### GST इनपुट से बकायेदार पर बढ़ा दबाव



■ NBT न्यूज, लखनऊ: उत्तर प्रदेश सीमेंट व्यापार संघ की लखनऊ इकाई ने शुक्रवार को गोमतीनगर के एल्डिको ग्रीन स्थित एफिल क्लब में बैठक की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष स्वामनूर्ति गुप्त एवं प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री मनीष मोदी मौजूद रहे। बैठक में उपाध्यक्ष अर्पित जैन ने कहा कि जीएसटी इनपुट से बकायेदार रिटेलरों पर दबाव बढ़ा है। बैठक में दीपक सिंघल, अभिषेक मसानी, मनीष अग्रवाल, अर्पित जैन, केयम गिरि, निर्मल गुप्ता, भास्कर गुप्ता, सिमरनजीत सिंह, डीके मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्रोस्टेट कैंसर पर लोगों को किया जागरूक

■ NBT न्यूज, लखनऊ: प्रोस्टेट कैंसर पर मेदांता कैंसर इंस्टिट्यूट में जागरूकता अभियान 'सोचो मत, बात करो' की शुरुआत की गई। इस पहल का मकसद पुरुषों को प्रोस्टेट से जुड़ी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मेदांता हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर और विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया।

### लोक गायक बालेश्वर को किया याद




■ NBT न्यूज, लखनऊ: बिरहा लोकगायक बालेश्वर की 15वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को बालू अड्डा के पास संजय गांधी नगर स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में कई लोक गायकों व साहित्यकारों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा अर्पित की। उनके गाए गीतों को याद किया। इस अवसर उनके सुपुत्र व लोक गायक अवधेश बालेश्वर ने बताया कि पिता विशेष रूप से बिरहा गायन के लिए जाने जाते थे। उनके कई गीतों को फिल्मों में भी कॉपी किया गया है। उनके गानों में लोक कथाएं और सामाजिक जीवन की झलक मिलती थी। इस अवसर पर राजेश कुमार, मिथलेश कुमार, शिष्य अमरनाथ ओझा, सतीश कुमार, संजय यादव, सहेंद्र राम मौर्य, साहित्यकार दयानंद पांडेय ने उन्हें याद किया।

### नए शोध, नवाचार पर किया जागरूक



■ NBT न्यूज, जानकीपुरम: केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान के द्वितीय स्थापना दिवस पर शुक्रवार को एक दिवसीय संगोष्ठी हुई। वैज्ञानिक संगोष्ठी की शुरुआत होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन को श्रद्धांजलि देकर हुई। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान की प्रभारी अधिकारी डॉ. लिपिपुष्पा देबता ने संगोष्ठी की शुरुआत अपने स्वागत भाषण से की। कार्यक्रम में डॉ. गिरीश गुप्त, डॉ. शैलेन्द्र कुमार सक्सेना, डॉ. एजाज अजीज सुलेमान, डॉ. एसके शर्मा, मौजूद थे। डॉ. रेनू बाला, डॉ. अमित श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा शिवहरे, डॉ. दिव्या वर्मा मौजूद थीं।

### लोगों को चाय और मठरी बांटी



■ NBT न्यूज, चौक: ठंड को देखते हुए भारत विकास परिषद, महिला शाखा चौक ने नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत शुक्रवार को कनक बिहारी मार्केट में चाय व मठरी बांटी। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष कंचन अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, दुर्गेश नंदिनी, रुचि जैन, वंदना शर्मा, संगीता अग्रवाल मौजूद रहे।

### KGMU में जरूरतमंदों को बांटे कंबल



■ NBT न्यूज, लखनऊ: चंदा रानी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में ट्रॉमा सेंटर, गांधी वार्ड, शताब्दी फेज़ व अन्य विभागों में जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। ट्रस्ट की ओर से कैलाश चंद्र जैन, समर्थ जैन, रवि रस्तोगी, सुधीर जायसवाल, विकास और जितेंद्र जायसवाल ने कंबल बांटे। मुख्य संयोजक सिद्धार्थ जैन ने बताया कि लगभग 600 कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रॉमा सेंटर से डॉ. प्रेमराज, डॉ. अमिया अग्रवाल, गांधी वार्ड में डॉक्टर केके सावलानी, मुख्य नर्सिंग ऑफिसर विमलेश कुमार, ऑर्थो डिपार्टमेंट में डॉक्टर अर्पित, क्वीन मैरी में छात्र चंद्र प्रकाश, नेत्र विभाग में डॉक्टर अरुण आदि मौजूद रहे।

### बीएनए की शीतकालीन कार्यशालाओं में पूरे भारत से आए हैं प्रतिभागी

# किसी को बेटी तो किसी को पति ने दी ऐक्टिंग की प्रेरणा

■ NBT न्यूज, लखनऊ




ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशालाओं की तर्ज पर भारतेंदु नाट्य अकादमी ने इस बार शीतकालीन बाल एवं युवा नाट्य कार्यशालाओं का भी आयोजन किया है। 29 दिसंबर से शुरू हुई कार्यशाला 25 जनवरी तक चलेगी। इन कार्यशालाओं में सिर्फ शहर ही नहीं बल्कि पूरे देश के कई राज्यों के प्रतिभागी इस बार हिस्सा ले रहे हैं। युवा कार्यशाला के निदेशक प्रियेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस बार महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और मध्य प्रदेश से लोग कार्यशाला में शामिल हुए हैं। इनमें से कई प्रतिभागी अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहते हैं तो कई ऐसे भी हैं जो अपने अंदर का डर निकालना चाहते हैं। कई महिलाएं ऐसी हैं जो अपने बचपन का सपना पूरा कर रही हैं तो कई लोग अपनी पढ़ाई के स्ट्रेस को दूर करने के लिए भी नाटक सीख रहे हैं। इन सब की अपनी कहानी है जो प्रेरणा देने वाली है।

### चलाने पड़े दो बैच

अकादमी के निदेशक बिपिन कुमार ने बताया कि इसके पहले एक बार अकादमी ने शीतकालीन कार्यशाला के आयोजन की सोची थी लेकिन तब सिर्फ 20 आवेदन आए थे जिसके कारण कार्यशाला नहीं हो पाई थी। लेकिन इस बार युवा कार्यशाला में 70 से अधिक आवेदन आए जिसमें 62 को सेलेक्ट किया गया है और एक की जगह 31-31 प्रतिभागियों के दो बैच चलाने पड़ रहे हैं। पहले बैच की कार्यशाला के निर्देशक प्रियेंद्र कुमार सिंह गैजेट नाटक तैयार करवा रहे हैं। दूसरे बैच में शहर की जानी मानी थियेटर कलाकार रोजी मिश्रा अभिज्ञान शाकुंतलम नाटक तैयार करवा रही हैं। इसके अलावा बाल कार्यशाला में भी 31 बच्चों को दिल्ली से आए मनोष सैनी नाटक जतन से रतन सिखा रहे हैं।

### बेटी ने दी सपनों को उड़ान



कार्यशाला में आई 42 वर्षीय सुमन धाप बताती हैं कि उनका बचपन से थियेटर करने का सपना था। पहले घर वालों ने साथ नहीं दिया और फिर शादी हुई तो पति को भी मेरा नाटक करना पसंद नहीं था। इसलिए मैंने नाटक का विचार त्याग दिया। पर यह सब बातें मैं अपनी डायरी में लिखती थी। एक दिन मेरी बेटी आकांक्षा जो कि स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा है, उसने मेरी डायरी पढ़ ली और मुझे प्रेरित किया। उसके बाद मैंने ग्रीष्मकालीन कार्यशाला की और चंदा बेड़िनी नौटंकी में काकी का किरदार निभाया। अब फिर से मैं सीखने आई हूं। मैं चाहती हूं कि मैं इतना नाम कमाऊं कि मुझे किसी को बताना न पड़े बल्कि लोग मुझे जानें।

### पति ने दी आगे बढ़ने की प्रेरणा



युवा कार्यशाला में 32 वर्षीय विजय लक्ष्मी भी पहली बार नाटक सीखने पहुंची हैं। विजय लक्ष्मी ने बताया कि 22 साल की उम्र में उनकी शादी हो गई थी। भाई नाटक करता था और मेरी भी इच्छा थी पर कभी जाहिर नहीं कर पाई। बेटी बड़ी हुई तो उसने बाल नाट्य कार्यशाला में प्रतिभाग किया। उसे देखकर एक दिन पति के सामने मैंने इच्छा जाहिर कर दी। उसके बाद जैसे ही उन्हें पता लगा कि शीतकालीन कार्यशालाएं होने जा रही, उन्होंने मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### पूरा परिवार सीख रहा नाटक



युवा कार्यशाला में बेसिक शिक्षक बृजेश कुमार के साथ उनकी आर्किटेक्ट पत्नी दीपिका, यूकेजी में पढ़ने वाली बेटी विभावरी, उनकी मैकेनिकल इंजीनियरिंग कर चुकी बहन शाइजा और उनकी लॉ की स्टूडेंट बहन नीलम भी नाटक सीख रही हैं। बृजेश ने बताया कि हम सब पर्सनालिटी डिवेलपमेंट के लिए नाटक सीख रहे, जिससे अपने काम में और ज्यादा कॉन्फिडेंट दिख सकें। अक्सर छुट्टियों में लोग परिवार के साथ घूमने जाते हैं पर हमने सोचा क्यों न सब साथ मिलकर व्यक्तित्व विकास पर काम करें।

### अस्सी घाट पर करते हैं गंगा आरती



अंकित मिश्रा वाराणसी के सम्पूर्णानंद विवि में कर्मकांड और पौरोहित्य में शास्त्रीय प्रथम वर्ष के छात्र हैं। अंकित ने बताया कि वो वाराणसी के अस्सी घाट पर गंगा आरती करते हैं। नाटक करने का शौक था। जब उन्हें इस कार्यशाला के बारे में पता लगा तो इसे सीखने के लिए वाराणसी से यहां आ गए।

### शुरू की जाए बैचलर डिग्री



इंटर की छात्रा कौस्तुभी शर्मा ने कहा कि इसके पहले वो ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में भाग लेकर चन्दा बेड़िनी का मुख्य किरदार निभा चुकी हैं। अब डायरेक्शन और परदे के पीछे की कारीगिरी सीखने आई हैं। कौस्तुभी का कहना है कि अकादमी सिर्फ मास्टर्स करवाती है,यूजी कोर्स की शुरुआत भी होनी चाहिए।

### बॉडी लैंग्वेज और पर्सनालिटी डिवेलपमेंट

मेरठ के सौरभ सिंह ने बताया कि बॉडी लैंग्वेज और पर्सनालिटी डिवेलपमेंट के लिए वो ऐक्टिंग सीखने आए हैं। इसी तरह सुल्तानपुर से आईं अनुष्का सिंह ने बताया कि वो एक्टिंग करना चाहती हैं लेकिन उनके चेहरे पर भाव नहीं आते हैं, इसलिए वो सीखने आई हैं। कई ऐसे लोग हैं जो जॉब छोड़कर अपने पैशन को अपनाने आए हैं। इनमें से एक कुशीनगर के अंकित केसरी भी हैं जो दिल्ली में मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव का पेशा छोड़कर आए हैं। इसी तरह सिकंदर निषाद जो सिविल इंजीनियरिंग करने के बाद गुजरात में जॉब कर रहे थे लेकिन उसे छोड़कर यहां आ गए।

## इंदिरा नगर में फिर गंदे पानी की आपूर्ति

लोगों का आरोप, संक्रामक रोग फैलने का खतरा





■ NBT न्यूज, लखनऊ : इंदिरा नगर के ए-ब्लॉक में चंद दिनों बाद शुक्रवार को फिर गंदे पानी की आपूर्ति शुरू हो गई। लोगों ने जलकल विभाग की टीम को सुबह मौके पर बुलाकर पानी की स्थिति दिखाई। नागरिकों का आरोप है नलों में गंदा पानी आने से संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

**इंदिरा नगर के ए- ब्लॉक में पुरानी पाइपलाइन है, पास में सीवर लाइन का काम भी चल रहा है। पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने से कुछ घरों में गंदे पानी की शिकायत आ रही है। दोबारा पानी का टैंकर रखवा दिया गया है।**

*– धनीराम, जेई जलकल विभाग, जोन-7*

जलकल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी नीलगिरि चौराहे के निकट सीवर लाइन का काम होने की बात कहकर समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। निवासी पून रस्तोगी ने बताया कि A ब्लॉक में कई दिनों से गंदे पानी की समस्या है। बीते सोमवार को शिकायत करने पर जलकल विभाग की टीम देर शाम मौके पर आई और अगले दिन पाइपलाइन में लीकेज की मरम्मत के साथ समस्या के निस्तारण की बात कही। प्रवीण व अनीता शर्मा का कहना है कि इसके बाद तीन दिन पानी ठीक आया, लेकिन शुक्रवार को फिर सुबह गंदे पानी की सप्लाई शुरू हो गई। पवन कुमार ने बताया कि सोमवार को गंदे पानी की शिकायत पर मंगलवार को पाइपलाइन की मरम्मत जरूर हुई, लेकिन शुक्रवार को समस्या फिर जस की तस हो गई। जलकल विभाग के जेई ने पानी का टैंकर भेजने की बात सुबह कही थी, लेकिन दोपहर 2 बजे के बाद टैंकर ए-ब्लॉक पहुंचा।

## टेक्सटाइल पार्कः बाउंड्री निर्माण से रास्ता बंद, लोग नाराज

■ NBT न्यूज, माल: क्षेत्र के अटारी स्थित बन रहे पीएम टेक्सटाइल पार्क की बाउंड्रीवाल बनने के चलते बंद हुए रास्ता और बरसाती पानी का निकास बंद होने से ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। बुधवार को ग्रामीणों ने बाउंड्री निर्माण बंद करा दिया था। जिसके बाद उपजिलाधिकारी अंकित कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर कर काम फिर से शुरू कराया, लेकिन गांव के लोग समस्याओं को लेकर फैसले से सहमत नहीं हैं। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने जानकी नगर में मंदिर के पास चौपाल लगाकर सैकड़ों ग्रामीणों की समस्या को सुनकर प्रशासन से हल निकालने का भरोसा दिलाया। पुलिस बल और नायब तहसीलदार अजय कुमार जायसवाल भी मौके पर उपस्थित रहे।

## NR के तीन अफसरों को मिला अति विशिष्ट रेलसेवा पुरस्कार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर इंद्र कुमार, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता देवेश शर्मा और रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक चन्दना सिन्हा को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार मिला है। शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ये पुरस्कार रेलमंत्री ने दिया।


उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार रेलवे के प्रमुख पुरस्कारों में से एक है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ मंडल इंजीनियर इंद्र कुमार ने मंडल में अपने कोचिंग संपत्तियों के अनुरक्षण, संपत्ति उपयोगिता और परिचालन तत्परता को बढ़ाने में योगदान दिया है। महाकुंभ के दौरान प्रयाग और फाफामऊ स्टेशन पर अतिक्रमण हटाकर दोनों तरफ नई स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण व सर्कुलेटिंग एरिया का निर्माण में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता देवेश शर्मा ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वहीं रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक चन्दना सिन्हा ने 2024- 2025 में बाल श्रम के लिए ले जा रहे 40 नाबालिग बच्चों को मुक्त करवाया था।

## आयुष महानिदेशालय को शिफ्ट करने का किया विरोध

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ ने शुक्रवार को बैठक कर आयुष महानिदेशालय को कहीं और शिफ्ट किए जाने का विरोध किया। महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडेय ने कहा कि जवाहर भवन और इंदिरा भवन में पर्याप्त स्थान और सुविधाएं होने के बावजूद कई विभागों को किराए के भवनों में स्थानांतरित किया जा चुका है। वर्तमान में महानिदेशालय चिकित्सा शिक्षा और आयुष महानिदेशालय को शिफ्ट करने की कार्रवाई चल रही है, जिसके कारण अनावश्यक रूप से वित्तीय भार पड़ेगा।

कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार 'बच्चा' ने कहा कि बिना किसी समुचित कारण के सरकार पर अनावश्यक वित्तीय भार डाला जा रहा है। बैठक में महामंत्री रामकुमार धानुक, अखिल सईद, बब्लू, संजीव त्रिपाठी, उमेश निगम, अजय धानुक, अभिनव त्रिपाठी, दिनेश त्रिपाठी, शफीकुर्रहमान अंसारी, अमन, दिव्या रानी श्रीवास्तव, सर्वेश मिश्रा आदि ने विरोध जताया।

## राजाजीपुरम, फैजुल्लागंज में रहा बिजली संकट


AI Image

■ NBT न्यूज, लखनऊ: फॉल्ट और मरम्मत के नाम पर शुक्रवार को राजाजीपुरम, फैजुल्लागंज सहित शहर के विभिन्न इलाकों में सुबह से बिजली गुल रही। लोगों ने इंजिनियरों पर पूर्व नियोजित कार्य के लिए शटडाउन और फॉल्ट की सही जानकारी न देने का आरोप लगाया।

राजाजीपुरम स्थित एलडीए कॉलोनी निवासी सुशील जायसवाल ने बताया कि इलाके में सुबह करीब 11 बजे गुल हुई। बिजली शाम 5:30 बजे के बाद चालू हुई। पूरा दिन बिजली के इंतजार में बीता, घर के जरूरी काम भी प्रभावित हुए। इधर, कोठारी बंधु, लेखराज कॉलोनी सहित सेक्टर 13 में भी बिजली न आने से लोग परेशान रहे। स्थानीय निवासी अंशु शुक्ला और वैभव ने आरोप लगाया कि पहले से निर्धारित शटडाउन की कोई जानकारी नहीं दी गई थी। वहीं, फैजुल्लागंज के केशव नगर, मिल्लत नगर में सुबह 11 बजे से बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। स्थानीय निवासियों के अनुसार केशव नगर में दोपहर 12 बजे जबकि मिल्लत नगर में दोपहर 2 बजे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

### आज यहां बत्ती गुल

11केवी लाइन में मरम्मत कार्य के चलते शनिवार को बटलर पैलेस कॉलोनी, नरही, तिलक मार्ग, गोखले मार्ग, न्यू बेरी, मंत्री आवास की बिजली बंद रहेगी। एसडीओ जय प्रकाश ने बताया कि संबंधित इलाकों के साथ ही डीजीपी ऑफिस, नैमिषारण्य गेस्ट हाउस आदि की भी बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे शाम छह बजे तक प्रभावित रहेगी। इधर, अलीगंज उपकेंद्र से संचालित महानगर के टिन बाजार में दोपहर 1:30 बजे से तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी।

## युवा दिवस पर एड्स पर जागरूक करेगा आकाशवाणी

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करने तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी और आकाशवाणी मिलकर 12 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वीग से अवेयरनेस का आयोजन करेंगे। लुलु मॉल में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में दर्शक लोकगीत, क्विज, स्टैंडअप कॉमेडी एवं हास्य कवि गोष्ठी का आनंद ले सकेंगे।


आकाशवाणी लखनऊ की कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय ने बताया कि सोमवार को दोपहर ढाई बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में आकाशवाणी की कलाकार संजोली पांडेय व डॉ. रंजना अग्रहरि लोकगीत प्रस्तुत करेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के संयुक्त निदेशक रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली, एड्स के प्रति जागरूकता से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।

## अब मां कामाख्या के दर्शन होंगे आसान, गोमतीनगर से चलेगी ट्रेन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : शक्ति पीठ मां कामाख्या के दर्शन अब और आसानी से हो सकेंगे। जल्द गोमतीनगर से डिब्रूगढ़ के बीच नई ट्रेन का संचालन होगा। सूत्रों ने बताया कि पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने इसका प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा था, जिस पर सहमति बन गई है। माना जा रहा है कि 18 जनवरी को इसको फ्लैग ऑफ किया जा सकता है। इसके रैक को लेकर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह ट्रेन अयोध्या और गोरखपुर को भी कनेक्ट करेगी।

GOOD न्यूज

इस महीने नई ट्रेन का हो सकता है ऐलान, रेलवे बोर्ड ने दी सहमति



सूत्रों ने बताया कि यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी। डिब्रूगढ़ से रात 9 बजे चलकर तीसरे दिन सुबह 7:15 बजे गोरखपुर, 10:10 बजे अयोध्या धाम होते हुए दोपहर 1:15 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी। करीब साढ़े 40 घंटे का समय इस दूरी को पूरा करने में लगेगा। जनरल, स्लीपर, थर्ड एसी, सेकंड एसी और फर्स्ट एसी समेत कुल 22 कोच होंगे।

### महफिल आज

■ NBT न्यूज, चौक : हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की बेटी जनाबे सकीना (स.अ.) की विलादत (जन्मदिवस) के अवसर पर शनिवार शाम को इमामबाड़ा आगा बाकर में जश्ने सकीना-ए-शाह शीर्षक से महफिल का आयोजन किया जाएगा। महफिल को मौलाना अली मुत्तकी जैदी खिताब करेंगे।

### कार्यशाला कल

■ NBT न्यूज, लखनऊ: गोमती नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आह्वान-द कॉल टु यूथ विषयक एक दिवसीय गोष्ठी रविवार को होगी। यह गोष्ठी राष्ट्रीय युवा दिवस पर अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार की ओर से की जाएगी। इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रनिर्माण, आत्मविकास और चरित्र निर्माण की चेतना को जाग्रत करना है। कार्यशाला की प्रमुख थीम माइंड, मॉरल्स और मेडिटेशन रखी गई है, जिसके तहत युवाओं को अनुशासित जीवनशैली के मार्ग पर अग्रसर करने का प्रयास किया जाएगा।

विचार | उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के सभागार में हुई सांस्कृतिक संगोष्ठी

## 'हिंदी को संयुक्त राष्ट्र में मिले आधिकारिक भाषा का दर्जा'

■ NBT न्यूज, लखनऊ

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान ने शुक्रवार को न्यू हैदराबाद स्थित संस्थान के सभागार में 'संयुक्त राष्ट्र में हिंदी भाषा की आधिकारिक मान्यता की संभावनाएं' विषय पर एक सांस्कृतिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता एलयू के हिंदी विभाग के पूर्व आचार्य डॉ. हरिशंकर मिश्र ने कहा कि यदि हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ में आधिकारिक भाषा का दर्जा प्राप्त होता है, तो करोड़ों हिंदी भाषियों को वैश्विक मंच पर सीधा प्रतिनिधित्व मिलेगा। इससे भाषायी समानता और लोकतांत्रिक सहभागिता को बल मिलेगा तथा विकासशील देशों की आवाज अधिक प्रभावशाली होगी। हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना की संवाहक है। वक्ता डॉ. रीता तिवारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी भाषा को आधिकारिक भाषा का दर्जा मिलना चाहिए।

वक्ता डॉ. विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि हिंदी आज केवल भारत की भाषा नहीं रही है, बल्कि यह विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। लगभग 60 से अधिक देशों में हिंदी बोलने, समझने और पढ़ने वाले लोग मौजूद हैं। इसके बावजूद यह विडम्बना है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की छह आधिकारिक भाषाओं में हिंदी को स्थान नहीं मिला है। वक्ता पंकज प्रसून ने कहा कि हिंदी को विश्वभाषा बनाने से पहले राष्ट्रभाषा बनाने का सशक्त आंदोलन जरूरी है।

### 'संपूर्ण मानवता के लिए था गुरु तेग बहादुर साहिब का बलिदान'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर से गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष और विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को इंदिरा भवन स्थित प्रेक्षागृह में राष्ट्रीय चेतना-हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर विषयक एक संगोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि गुरु तेग बहादुर की वाणी के सार्वभौमिक नैतिक मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं।

पंजाबी अकादमी ने गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष और विश्व हिंदी दिवस पर की संगोष्ठी



संगोष्ठी में वरिष्ठ पंजाबी साहित्यकार नरेंद्र सिंह मोंगा ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब ने अपनी संपूर्ण वाणी का हिंदी में ही उच्चारण किया है। इसे हिंदी पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता है। गुरु तेग बहादुर की वाणी में सार्वभौमिक नैतिक मूल्य, करुणा, निडरता, धार्मिक सहिष्णुता और बलिदान के संदेश हैं। नवयुग कन्या महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का बलिदान केवल सिख या हिंदू समाज के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए था। डॉ. रश्मि शील के अनुसार गुरु साहिब की वाणी में पद और दोहे शामिल हैं। उन्हें हिंदी पाठ्यक्रम में शामिल करने से छात्र हिंदी-ब्रज भाषा के समृद्ध भक्ति साहित्य से परिचित होंगे, क्योंकि उनकी सभी रचनाएं हिंदी की उपबोली ब्रज में लिखी गई हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की प्रोफेसर डॉ. अलका पांडेय ने कहा कि गुरु तेग बहादुर के त्याग से प्रेरणा लेकर सशक्त और जागरूक राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस अवसर पर मीना सिंह, महेन्द्र प्रताप वर्मा, रवि यादव, अंजू सिंह सहित पंजाबी समाज के लोग उपस्थित रहे।

### 50 देशों में पढ़ी-पढ़ाई जा रही हिंदी

उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान ने शुक्रवार को 'विश्व हिंदी दिवस' के अवसर पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ गंगा प्रसाद शर्मा 'गुणशेखर' ने की। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्या विन्दु सिंह शामिल रहीं। विशिष्ट वक्ता प्रो. अनिल कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि हिंदी भाषा की ताकत को आज पूरी दुनिया ने स्वीकार कर लिया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि शील ने किया। इस अवसर पर ध्रुव कुमार मिश्र सहित इंदिरा भवन एवं जवाहर भवन में कार्यरत बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

MERCURE HOTEL LUCKNOW GOMTI NAGAR
TENDER NOTICE
Hotel Supplies 2026-27
Mercure Lucknow Gomti Nagar invites sealed quotations from reputed suppliers/service providers for Annual Rate Contract for the period 1st April 2026 to 31st March 2027.
Categories include: Fruits & vegetables (local/imported), milk & frozen products, meat/seafood, groceries & packed food, bakery/snacks, soft drinks & mineral water, imported cheese, charcoal & LPG, travel & airline ticketing, legal consultancy, printing & stationery, cleaning & disposable items, uniforms, laundry chemicals, electrical/plumbing/carpentry/sanitary works, manpower, gas services & AMC, STP services, engineering AMC, decorators, water bottling plant operator, photography, SPA & event organisers.
Application Fee: ₹1,000/- (Non-refundable)
Form Availability: 10 Jan 2026 to 15 Feb 2026 (10:00 AM – 5:00 PM)
Last Date for Submission: 15 Feb 2026
Sealed quotations must be submitted with GST, PAN, Bank details, MSME (if any), and relevant licenses.
The hotel reserves the right to accept or reject any tender.
Mercure Lucknow Gomti Nagar
Shashank Gautam – Purchase Manager
Om Prakash Jha – Financial Controller
7355765450 / 9696236010
Sector-7, Plot No. 7/2, Amar Shaheed Path, Gomti Nagar Ext., Lucknow – 226002

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

राकेश कुमार गौड़, पुत्र स्व. अयोध्या प्रसाद गौड़, निवासी ठेला- भगवानपुर, जंगल बिहुली, गोरखपुर- 273165, हाल निवासी टाइप-IV, क्वार्टर 10, आयुधपुरम एस्टेट, अमेठी- 227412, घोषित करता हूँ कि राकेश कुमार और राकेश कुमार गौड़ दोनों एक ही व्यक्ति हैं। मेरे बच्चों के रिकॉर्ड में मेरा नाम राकेश कुमार अंकित है। शपथ पत्र दिनांक 03-01-2026, नोटरी सिद्धार्थ मिश्र, अमेठी द्वारा सत्यापित।

I, Aishwar Lal S/o Prem Chand R/o ABN/15C, Ambedkar Nagar, Vijay Nagar, Manas Nagar, Lucknow-226023, declare to change my name from Aishwar Lal to Eshwar Lal, For all future purposes.

मैं सचिन कुमार शुक्ला पुत्र गोपाल शुक्ला निवासी आनन्द विहार स्कूल के पास लखनऊ, बाग,सचारोड़, सूचित करता हूँ कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (UP4120120014743) में त्रुटिवश मेरा नाम (Sachin shukla) सचिन शुक्ला गलत दर्ज हो गया है मेरा सही नाम सचिन कुमार शुक्ला (Sachin Kumar Shukla) है इसे दर्ज किया जाए।

विवाहपूर्व मेरा नाम सुपर्णा बनर्जी था, विवाहोपरान्त सुपर्णा मुकर्जी हो गया है। सुपर्णा बनर्जी व सुपर्णा मुकर्जी दोनों एक ही व्यक्ति के ही नाम हैं। भविष्य में मुझे सुपर्णा मुकर्जी के नाम से जाना व पहचाना जाये - सुपर्णा मुकर्जी पत्नी सुजीत मुकर्जी निवासिनी-2/354, विराम खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उ.प्र.

प्रॉपर्टी

बिक्री के लिए

लखनऊ

ABRAR Nagar, Lko: For Sale 4-BHK Independent House. Plot area is 1800 sqft. Nearby school/hosp/mkt. Wide road. Prime location. Call-7007876466

TO GROW YOUR BUSINESS
PLEASE CALL US
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662
Anurag Wajpayi - 8840843907
KANPUR: Anand Dixit - 7860503408
ALLAHABAD: Amit Srivastava - 9044075061
VARANASI: Mitesh Arora - 9935065834
GORAKHPUR: Chandrashekhar Sinha - 9415003274

To Book your Classified Ads, Please call - Kuldeep 9044122662
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष और विवि प्रशासन में दिनभर चली खींचतान, हुई तोड़फोड़

# KGMU VC कार्यालय बना अखाड़ा

■ NBT न्यूज, लखनऊ

केजीएमयू का वीसी कार्यालय शुक्रवार को दिन भर 'अखाड़े' में तब्दील रहा। परिसर में सुबह से ही अवैध धर्मांतरण के प्रयास के आरोपित डॉक्टर रमीज के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गहमागहमी थी। सुबह करीब 11:15 बजे वीसी ने मीडिया को आरोपित के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी। कुछ देर बाद ही कार्यालय के आसपास अज्ञात लोगों का जमावड़ा लगने लगा। दिन में करीब 1:30 बजे उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव समर्थकों संग पहुंचीं और हंगामा शुरू हो गया। उन्होंने मीडिया से मुखातिब होकर केजीएमयू प्रशासन पर आरोपित को बचाने का आरोप लगाया। हंगामा शांत होने के बाद केजीएमयू प्रशासन ने दोबारा प्रेस वार्ता बुलाई और वीसी कार्यालय में तोड़फोड़, हंगामे की जानकारी दी। पुलिस ने शाम को आरोपित डॉ. रमीज को गिरफ्तार कर लिया। केजीएमयू प्रशासन की ओर से देर रात महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव व उनके समर्थकों पर तोड़फोड़ व हंगामा करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई।

### वीसी बोलीं- डॉ. रमीज का दाखिला रद्द होगा

केजीएमयू में शादी का झांसा देकर यौन शोषण, गर्भपात करवाने के आरोपित जूनियर रेजिडेंट डॉ. रमीजुद्दीन नायक का दाखिला रद्द होगा। विशाखा कमिटी की रिपोर्ट के आधार पर केजीएमयू प्रशासन ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के महानिदेशक (DGME) को पत्र लिखकर दाखिला रद्द करने की सिफारिश की है। अब केजीएमयू में वह आगे की पढ़ाई नहीं कर पाएगा। यह जानकारी केजीएमयू वीसी डॉ. सोनिया नित्यानंद ने मीडिया को सुबह 11:15 बजे दी। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपित को पहले ही निलंबित कर परिसर में उसके आने-जाने पर पाबंदी लगाई जा चुकी है। केजीएमयू के इतिहास में पहली बार किसी किसी पीजी रेजिडेंट का दाखिला रद्द किया गया है।

### अपर्णा के पहुंचते ही शुरू हो गई तोड़फोड़

वीसी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद दिन में करीब डेढ़ बजे अपर्णा यादव एकाएक विश्वविद्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंच गईं। उनके साथ 150-200 समर्थक और कार्यकर्ता थे। बीजेपी युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री अभिजात मिश्र भी मौजूद थे। वीसी का चैंबर बंद मिलने पर अपर्णा के समर्थकों ने हंगामा शुरू कर दिया। चैंबर के दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया, जिससे उसकी सिटकनी टूट गई। समर्थक वीसी ऑफिस में घुस गए। गमला और लैंप तोड़कर कंप्यूटर गिरा दिया। इसके बाद अपर्णा ने ब्राउन हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि वीसी हमसे बिना मिले ही चली गईं। वह हमसे बात तक नहीं करना चाहती हैं। महिला होकर भी महिला का दर्द नहीं समझती हैं। पीड़िता ने एक हफ्ते तक कई विभागों में शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद वह महिला आयोग में शिकायत करने आई तो उसे डराया-धमकाया गया। इस दौरान उन्होंने बिना लाइसेंस के दो साल तक ब्लड बैंक चलाने का भी आरोप केजीएमयू वीसी पर लगाया और जांच करवाने की बात कहकर चली गईं।

### डॉ. रमीज़ मामले में कार्रवाई की प्रेस वार्ता कर लौटीं वीसी तो कार्यालय में होने लगा हंगामा | महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने लगाए आरोप, केजीएमयू प्रशासन ने सामने आकर नकारा



अपर्णा यादव शुक्रवार को समर्थकों के साथ KGMU पहुंचीं। इसके बाद वीसी डॉ. सोनिया नित्यानंद ने दोबारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वीसी कार्यालय में तोड़फोड़ और हंगामे की जानकारी दी।



### तहरीर के बाद शांत हुआ मामला

केजीएमयू प्रशासन देर शाम तक हंगामा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पसोपेश में रहा। चौक थाने में एक बार तहरीर गई तो उसमें कुछ खामियां थीं। लिहाजा दोबारा तहरीर दी गई। इसी बीच चौक पुलिस ने सिटी स्टेशन के पास से डॉ. रमीज को गिरफ्तार कर लिया। केजीएमयू प्रशासन की ओर से दोबारा तहरीर मिलने पर चौक पुलिस ने आरोपों की जांच करने का आश्वासन दिया, तब जाकर मामला शांत हुआ। डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत सिंह का कहना है कि केजीएमयू के प्रॉक्टर की ओर से महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव व अन्य लोगों के खिलाफ तहरीर मिली है। तहरीर में वीसी कार्यालय में तोड़फोड़ करने और वीसी का सरकारी मोबाइल (8004849973) उठा ले जाने, एमबीबीएस की प्रथम वर्ष की परीक्षा में व्यवधान डालने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और परिसर में भय का माहौल पैदा करने का आरोप लगाया है।

### 'हमने चूड़ियां नहीं पहन रखीं'

केजीएमयू परिसर से अपर्णा के जाने के बाद केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने वीसी के साथ दोबारा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रवक्ता ने कहा कि जिन लोगों ने यूनिवर्सिटी परिसर में उत्पात मचाया है, उनके खिलाफ प्रॉक्टर आरएस कुशवाहा मुकदमा दर्ज करवाने जा रहे हैं। बवाल पूरी प्लानिंग के तहत किया गया है। हंगामे की जानकारी होने पर हमारे स्टूडेंट और टीचर भी आ रहे थे, लेकिन हमने उन्हें रोक दिया। हम लोगों ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं, लेकिन हम कानून को मानने वाले लोग हैं। महिला आयोग के उपाध्यक्ष के इस कृत्य से शिक्षक संघ में बहुत ज्यादा रोष है। हम उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। मार्च निकालेंगे। जरूरत पड़ी तो डॉक्टर हड़ताल पर भी जाएंगे।

**17 दिसंबर :** महिला डॉक्टर ने दवा का ओवरडोज लेकर आत्महत्या की कोशिश की, गंभीर हालत में KGMU ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया।

**19 दिसंबर :** महिला डॉक्टर को अस्पताल से छुट्टी मिली।

**21 दिसंबर :** KGMU को महिला डॉक्टर से लिखित शिकायत मिली, जिसमें डॉ. रमीज पर मानसिक, भावनात्मक और यौन शोषण का आरोप लगाया गया था।


**22 दिसंबर :** विशाखा कमिटी की पहली मीटिंग हुई। महिला डॉक्टर, डॉ. रमीज और उसके पिता के बयान दर्ज किए गए।


**22 दिसंबर:** डॉ. रमीज को सस्पेंड कर KGMU कैंपस में एंट्री बैन कर दी गई।

**23 दिसंबर** के बाद : डॉ. रमीज फरार। घर पर ताला लगा मिला। फोन बंद थे। पुलिस को सूचना दी गई।

**7 जनवरी :** विशाखा कमिटी की आखिरी मीटिंग हुई, सबूतों की समीक्षा की गई और सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करते हुए रिपोर्ट केजीएमयू कुलपति को सौंपी गई।

**9 जनवरी :** KGMU ने डॉ. रमीज का एडमिशन खत्म करने के लिए DGME को सिफारिश भेज दी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।





वीसी कार्यालय में तोड़फोड़ के दौरान कंप्यूटर, कुर्सियों और गमलों को निशाना बनाया गया।

### पहले अध्यक्ष फिर अपर्णा ने CM से की मुलाकात

केजीएमयू वीसी कार्यालय में शुक्रवार को हुए हंगामे के बाद राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने सीएम से मुलाकात की। उन्होंने केजीएमयू विवाद सहित कई मुद्दों पर सीएम के साथ चर्चा की। इसके बाद अपर्णा भी सीएम योगी से मिलने पहुंचीं। सीएम से मुलाकात के बाद अपर्णा ने कहा कि सीएम को पूरे मामले की जानकारी दी गई है। मामले में विधि संगत कार्रवाई की जाएगी। केजीएमयू के अन्य मामलों को लेकर एक जॉइंट रिपोर्ट बनाकर इसकी रिपोर्ट जल्द शासन को सौंपी जाएगी। नैशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन की महानगर इकाई के संयोजक शिवम कृष्णन ने शुक्रवार को इस मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि लव जिहाद मामले में केजीएमयू प्रशासन लीपापोती करने का प्रयास कर रहा है।



## विशाखा कमिटी पर अपर्णा बोलीं, गलत जांच की गई

- प्रेस वार्ता कर एक विभाग की अध्यक्ष महिला प्रफेसर के मामले में जांच पर उठाए सवाल
- क्लीनचिट पाए डॉक्टर ने अपर्णा पर आरोप कबूल करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया

■ NBT न्यूज लखनऊ

केजीएमयू में बिना सूचना दिए शुक्रवार को पहुंचीं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने एक विभागाध्यक्ष महिला प्रफेसर से छेड़खानी के मामले में आरोपित अधीनस्थ डॉक्टर को क्लीनचिट देने पर विशाखा कमिटी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कमिटी में वे लोग शामिल हैं, जिन पर पहले ही छेड़छाड़ के आरोप हैं। वहीं, आरोपों से बरी किए गए अधीनस्थ डॉक्टर का आरोप है कि अपर्णा उन पर जबरन आरोप कबूल करने का दबाव बनाकर उत्पीड़न कर रही हैं।

केजीएमयू में शुक्रवार को अपर्णा मीडिया से मुखातिब हुईं। उन्होंने कथित लव जिहाद मामले में केजीएमयू प्रशासन पर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाने के साथ एक विभाग की अध्यक्ष महिला प्रफेसर से छेड़खानी के मामले में की गई जांच पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महिला डॉक्टर ने अपने अधीनस्थ डॉक्टर पर छेड़खानी का आरोप लगाया था। केजीएमयू की विशाखा कमिटी ने अपनी जांच में अधीनस्थ डॉक्टर को क्लीन चिट दे दी। अपर्णा ने यह भी कहा कि कमिटी में जो लोग शामिल हैं, उन पर पहले छेड़खानी के आरोप लग चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केजीएमयू ने इस मामले में गलत जांच की है। वहीं, इस मामले में आरोपों से बरी हुए अधीनस्थ डॉक्टर ने भी अपर्णा यादव पर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि क्लीनचिट मिलने के बाद भी अपर्णा ने उन्हें अपने कार्यालय में बुलाकर जबरन गुनाह कबूल करने का दबाव बनाया। विभागाध्यक्ष के विरुद्ध एक शिकायत करने पर उनका उत्पीड़न किया गया।

### वित्तीय अनियमितताओं से हुई थी शुरुआत

जिन महिला प्रफेसर की शिकायत का हवाला देकर अपर्णा ने जांच पर सवाल उठाए, वह अपने विभाग की हेड हैं। उन पर मेडिकल जांचों के नाम पर ज्यादा शुल्क वसूलने का आरोप लगा था। उनका आरोप है कि उनका अधीनस्थ डॉक्टर लगातार उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। वहीं, अधीनस्थ डॉक्टर का आरोप है कि उन्हें पहले गड़बड़ियों में शामिल होने का प्रस्ताव दिया गया, मना करने पर फर्जी मामले में फंसाने के लिए प्रफेसर ने झूठी शिकायत की थी। अधीनस्थ डॉक्टर ने पिछले साल जनवरी में वीसी को लिखित शिकायती पत्र देकर कहा था कि उन्हें छेड़छाड़ के आरोप में फंसाने की धमकी दी जा रही है। बाद में ऐसा हुआ भी।

### आरोप स्वीकार करने का बनाया जा रहा है दबाव

अधीनस्थ डॉक्टर ने बताया कि 9 जनवरी को महिला आयोग में उनके मामले की सुनवाई थी। वहां उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कमरे में बुलाया और छेड़छाड़ के आरोप के बारे में पूछने की जगह बिना लाइसेंस के ब्लड बैंक चलने के बारे में पूछा, जबकि इसकी सारी जिम्मेदारी विभागाध्यक्ष और केजीएमयू प्रशासन की है। इसके बाद सभी आरोपों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने लगीं। न मानने पर अभद्र व्यवहार करके बाहर कर दिया।

### कब क्या हुआ

- अप्रैल 2024 में इक्विपमेंट लिस्ट पर महिला प्रफेसर के फर्जी सिग्नेचर पकड़े गए।
- 17 जनवरी, 2025 को अधीनस्थ डॉक्टर ने वीसी को लिखित में विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और छेड़छाड़ के आरोप में फंसाने की धमकी के बारे में लिखित में शिकायत दी गई।
- 17 अक्टूबर, 2025 को फाइनैंस ऑफिस में हुई मीटिंग में महिला प्रफेसर ने सेक्सुअल हैरसमेंट का आरोप लगाया।
- 26 नवंबर, 2025 को विशाखा कमिटी बनी। कमिटी ने जूनियर डॉक्टर को जांच में निर्दोष पाया। इसकी रिपोर्ट महिला आयोग को भेज दी गई। मामला महिला आयोग में लंबित है।

### इन मामलों में जांच

- महिला प्रफेसर पर आरोप है कि ब्लड ग्रुपिंग की एबीडी पैड जांच जो 5 रुपये में हो सकती है, उसके 85 रुपये वसूले गए।
- मरीजों की एक्सटेंडेड फेनोटाइप ब्लड ग्रुपिंग 63 रुपये की जगह 165 रुपये में की गई।
- मुफ्त में उपलब्ध डिस्टिल्ड वॉटर की भी खरीद दिखाकर सालभर में 9.60 लाख रुपये खर्च कर दिए गए।
- केमिल्यूमिनेसेंस टेस्ट के लिए एसएचएम ने 265 रुपये/यूनिट (ब्लड बैग) का रेट तय किया है, जबकि विभाग ने 500 रुपये से अधिक की दर से भुगतान किया।
- ब्लड बैग और अन्य सामग्री सप्लाई करने वाली फर्म पर भी टैली सॉफ्टवेयर और जीएसटी पोर्टल पर संदिग्ध बिल अपलोड करने का आरोप है। इस मामले में आठ सितंबर को प्रधानमंत्री कार्यालय से जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे।

## कोर्ट में सरेंडर करने की फिराक में था डॉ. रमीज़

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** केजीएमयू में शादी का झांसा देकर रेप, गर्भपात कराने व अन्य गंभीर मामलों के आरोपित जूनियर रेजिडेंट डॉ. रमीज कोर्ट में सरेंडर करने की फिराक में था। पुलिस को इस बात की भनक लग गई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता की शिकायत पर चौक पुलिस ने रमीज के खिलाफ धोखे से शारीरिक संबंध बनाने, महिला की सहमति के बिना गर्भपात कराने, प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धाराएं भी लगाई गई थीं। रमीज पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

**आरोपित पर घोषित था ₹50 हजार का इनाम**



मामले की छानबीन के दौरान एक अन्य महिला डॉक्टर से पुलिस ने बयान लिए थे। उक्त डॉक्टर ने आरोप लगाया था कि शादी का झांसा देकर उसका भी यौन शोषण किया गया। जबरन गर्भपात करवाया गया। यही नहीं, आरोपित डॉक्टर ने धर्म परिवर्तन करवाकर निकाह किया था। इन सब में आरोपित डॉक्टर के माता-पिता भी शामिल थे। पुलिस ने आरोपित डॉक्टर के पिता सलीमुद्दीन और मां खदीजा को 5 जनवरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस रमीज की तलाश कर रही थी। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार को सूचना मिली कि आरोपित डाकुरगंज स्थित अपने किराए के मकान में कुछ सामान निकालने के लिए पहुंचा है। इसके बाद वह कोर्ट में सरेंडर करने के इरादे से वकील से मिलने जा रहा है। पुलिस टीम ने दिन में उसे सिटी स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### फरारी के दौरान दिल्ली समेत कई जगहों पर छुपा था

डॉ. रमीज फरारी के दौरान उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली में छिपकर रह रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वह दिल्ली, शाहजहांपुर, बरेली में होटलों में फर्जी नाम बताकर रुका, जबकि उत्तराखंड के दो जिलों में अपने रिश्तेदारों के घर भी गया था। आरोपित अपने पिता की मदद से एक अधिवक्ता के माध्यम से जमानत के लिए प्रयास कर रहा था, लेकिन 5 जनवरी को पुलिस ने माता-पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रमीज ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार को दिल्ली से लखनऊ आ गया था। उसने बताया कि वह खबरों के जरिए अपने केस पर नजर रख रहा था। पुलिस इस मामले में पीलीभीत में रहने वाले काजी और निकाहनामा के गवाह की तलाश में जुटी हुई है। दो टीमें उनकी तलाश में भेजी गई हैं।

## ETF न मिलने से अवैध सब्जी मंडी पर नहीं हो पाई कार्रवाई

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** गोमती नगर के विराम खंड में अवैध सब्जी मंडी के खिलाफ शुक्रवार को नगर निगम जोन चार की टीम ने कार्रवाई नहीं की। सड़क पर सब्जी का ठेला व दुकान लगाने वालों को केवल अनाउंसमेंट कर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। कर अधीक्षक बनारसी दास का कहना है कि नगर निगम मुख्यालय से कार्रवाई के लिए अतिरिक्त ईटीएफ (एनफोर्समेंट टास्क फोर्स) मांगी गई थी। लेकिन फोर्स मुहैया न होने से कार्रवाई को टालना पड़ा है। उनका कहना है कि दो दिन के भीतर अतिरिक्त ईटीएफ मिलने के बाद बड़ी कार्रवाई की तैयारी है।

दरअसल, विराम खंड में सिंगापुर मॉल के पीछे कई वर्षों से सड़क पर अवैध सब्जी मंडी लग रही है, जिसके चलते उस रास्ते का ट्रैफिक पूरी तरह से बाधित है। सब्जी मंडी के चलते इस पूरे इलाके में अव्यवस्था का आलम रहता है। मंडी को हटाने के लिए कई दफा कवायद की गई है। लेकिन मंडी सड़क पर ही लग रही है। मंडी लगने से विराम खंड में रहने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंडी रोड पर गंदगी से लेकर छुट्टा पशुओं का जमावड़ा रहता है। इसे लेकर एनबीटी ने पड़ताल भी की थी। पड़ताल में मालूम हुआ कि सब्जी मंडी लगाने के लिए अवैध वसूली की जाती है।

**ऐक्शन जल्द**

- नगर निगम मुख्यालय से जोन चार ने मांगी थी अतिरिक्त ईटीएफ
- दो दिन के भीतर अवैध मंडी पर कार्रवाई का दावा

NBT फॉलोअप

## हाउस टैक्स में इजाफे को आज और कल खुलेंगे जोन ऑफिस



AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** नगर निगम ने मौजूदा वित्त वर्ष में हाउस टैक्स में इजाफे के लिए दो दिन छुट्टी पर भी जोनल कार्यालय खोलने का निर्णय किया है। शनिवार और रविवार को नगर निगम के सभी जोनल ऑफिस सुबह 10:00 से दोपहर 2:00 बजे तक खुले रहेंगे। चीफ टैक्स असेसमेंट अफसर अशोक सिंह का कहना है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति में तीन महीने से कम का समय बाकी रह गया है। इस अवधि में नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए ही कार्यालय खोला जा रहा है। इन दो दिनों में नगर निगम के सभी जोनल कार्यालयों में भवन स्वामियों का कर निर्धारण, म्यूटेशन, संशोधन, आपत्तियों का निस्तारण और कर जमा करवाने से संबंधित काम किए जाएंगे।

**कई भवन सील, लाखों की वसूली :** नगर निगम जोन-1 के जेसी बोस वॉर्ड में हाउस टैक्स बकाया होने पर भवन संख्या 47/057, विधानसभा मार्ग पर स्थित एक कमर्शल भवन को सील किया गया। भवन पर कुल बकाया हाउस टैक्स ₹16,27,147 थे। सीलिंग की कार्रवाई के बाद भवन स्वामी द्वारा तत्काल ₹4,00,000 नगर निगम में जमा किए गए। साथ ही ₹4,00,000 का अग्रिम तिथि का चेक भी निगम को दिया गया। वहीं, जोन एक में एक अन्य कार्रवाई के तहत फरीद इकबाल के नाम दर्ज भवन संख्या 118/088-बी, कैंट रोड को भी बकाया हाउस टैक्स ₹4,29,696 का भुगतान न किए जाने के कारण सील किया गया।

**खबर कोर्ट से** जर्जर भवन में चल रहे चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज को लेकर HC सख्त

## प्रबंधक-प्रिंसिपल को नोटिस, नगर निगम-DIOS से मांगा हलफनामा


■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** जर्जर भवन में चल रहे हुसैनगंज स्थित चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज के मामले को गंभीरता से लेते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने संबंधित अधिकारियों पर सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने कहा है कि अगर भवन की हालत वाकई जर्जर है, तो इसमें वहां पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों की जान को खतरा हो सकता है।



यह आदेश एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया गया। याचिका विनय कुमार पांडेय द्वारा दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश तिवारी ने पक्ष रखा। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने की। न्यायालय ने प्रतिवादी इंटर कॉलेज के मैनेजर और कॉलेज की प्रिंसिपल को नोटिस जारी करते हुए उनसे यह स्पष्ट करने को कहा कि नगर निगम, लखनऊ द्वारा जर्जर भवन को लेकर पूर्व में जारी नोटिस के बावजूद उन्होंने अब तक कोई उचित सुधारात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की।


कोर्ट ने जिला विद्यालय निरीक्षक को हलफनामा दाखिल कर स्पष्ट करने को कहा है कि अगर भवन जर्जर पाया जाता है, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए जाएंगे। नगर निगम को भी याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया गया है।

हाई कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिका लंबित रहने के दौरान अगर जर्जर भवन या उसके किसी हिस्से को लेकर कोई आवश्यक कार्रवाई जरूरी हो, तो संबंधित प्राधिकरण बिना किसी बाधा के कार्रवाई कर सकते हैं। हालांकि, यह कार्रवाई प्रबंधक और प्रिंसिपल के अधिकारों को प्रभावित किए बिना की जाएगी। मामले में अगली सुनवाई फरवरी के तीसरे सप्ताह में की जाएगी और इसे फ्रेश के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।



## फटाफट खबरें

### सड़क हादसे में घायल चालक की मौत



■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में 26 दिसंबर को हुए सड़क हादसे में घायल चालक बलवंत यादव (30) की शुक्रवार सुबह बलरामपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा नादरगंज के पास हुआ था, जब तेज रफ्तार पिकप डाला ने बाइक को टक्कर मार दी थी। बाइक चालक बलवंत गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बलवंत के घर में पत्नी और तीन बच्चे रह गए हैं।

### पतंजलि स्टोर में चोरी करने वाला अरेस्ट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : महानगर पुलिस ने पतंजलि स्टोर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से 2716 रुपये नकद और चोरी किया गया सामान बरामद किया है। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्र के अनुसार गिरफ्तार चोर सीतापुर के सिधौली निवासी अयूब है। आरोपित ने 31 दिसंबर की रात बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित पतंजलि स्टोर का ताला तोड़कर नकदी और सामान चोरी किया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एसआई अनुराग सिंह ने आरोपित की पहचान की। आरोपित 25 दिन पहले ही जेल से जमानत पर छूटा था।

### महिला से फोन छीनने वाला आरोपित अरेस्ट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : इटौंजा पुलिस ने महिला से फोन छीनने वाले लुटेरे को 48 घंटे के भीतर शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटा गया फोन बरामद कर लिया है। उसके फरार साथी की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं। इंस्पेक्टर इटौंजा ने बताया कि पकड़ा गया लुटेरा मनीष रावत सीतापुर के अटरिया का रहने वाला है। उसने साथी बल्लू के साथ बुधवार रात अर्जुनपुर तिराहे के पास एक महिला का फोन छीना था। इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच में जुटे एसआई संजय गुप्ता ने मनीष को बनवांव रोड से गिरफ्तार किया है।

### युवक से बैग छीना, मुकदमा दर्ज

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली जाने के लिए बस पकड़ने जा रहे युवक से बदमाशों ने सरेराह बैग छीन लिया। पीड़ित की ऑनलाइन शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि मूल रूप से बलिया जिले के सिकंदरपुर निवासी सुबोध साहू 3 जनवरी की शाम लखनऊ पहुंचे थे। बाराबिरवा नहर चौराहे के पास एक बदमाश उनका काला बैग छीनकर फरार हो गया। बैग में लैपटॉप, मोबाइल, चार्जर और कपड़े रखे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सरकारी भूमि पर कब्जा कर निर्माण, FIR

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : तहसील के लेखपाल ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कराने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेखपाल राजेश तिवारी के अनुसार दादूपुर गांव की गाटा संख्या 382 और 383 सरकारी अभिलेखों में ऊसर और बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। आरोप है कि हमीरपुर निवासी सतराम, रामसरन और सहजराम ने करीब 2400 वर्ग फुट जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण करा लिया। लेखपाल की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

■ NBT न्यूज, चौक : ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान बालागंज जवाहर नगर निवासी भल्लू (28) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह नशे का आदी था। अक्सर रेलवे लाइन के पास नशा करने चला जाता था। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विभूतिखंड इलाके में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। बीबीडी स्थित विरामखंड में रहने वाली शमीम बानो ने पुलिस को बताया कि वह 31 दिसंबर को परिवार के साथ अयोध्या में एक शादी में शामिल होने गई थीं। 5 जनवरी को जब उनका बेटा घर लौटा तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले। पता चला कि चोर 1.90 लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### 1 करोड़ के 311 मोबाइल मालिकों को लौटाए

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : जीआरपी की टीम ने ट्रेनों, रेलवे स्टेशनों और उसके परिसर में खोये या गिरे 311 मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को लौटा दिये। इन सभी मोबाइल की कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। शुक्रवार को जीआरपी पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक जीआरपी ने बरामद मोबाइल को उनके स्वामियों को सौंपा। पुलिस अधीक्षक जीआरपी अनुभाग लखनऊ रोहित मिश्र ने बताया कि खोए व गिरे मोबाइल फोन से संबंधित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए सर्विलांस टीम ने अभियान चलाया था। अलग-अलग राज्यों और प्रदेश के अलग-अलग जिलों से विभिन्न कंपनियों के कुल 311 मोबाइल फोन बरामद किए गए। मोबाइल पाकर स्वामियों के चेहरे खिल गए।

### जमीन कब्जेदारी को लेकर मारपीट, 4 घायल

■ NBT न्यूज, नगराम : नगराम थाना क्षेत्र के ईश्वरी खेड़ा गांव में जमीन की कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। सूचना पर नगराम पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी नगराम पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक घायल की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। पीड़ित रामराज की तहरीर पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार विवाद गांव की खाली पड़ी आबादी की जमीन को लेकर है, जिस पर दोनों पक्ष अपना-अपना अधिकार जता रहे हैं।

### महिला ने पति पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अमीनाबाद निवासी शीबा खान ने पति मो. वहाज पर प्रताड़ना, धोखे से गर्भपात कराने और तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने वजीरगंज कोतवाली में पति, ननद व ननदोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

### गुडंबा में पटाखा गोदामों पर मारा छापा



■ NBT न्यूज, गुडंबा : गुडंबा क्षेत्र के बेहटा गांव में शुक्रवार को नॉरकोटिक्स विभाग और पुलिस ने पटाखा व्यवसायियों के गोदामों पर छापेमारी कर जांच की। इंस्पेक्टर प्रभातेश श्रीवास्तव ने बताया कि 31 अगस्त 2025 को हुए पटाखा गोदाम विस्फोट की घटना को देखते हुए एहतियातन यह कार्रवाई की गई। नॉरकोटिक्स विभाग के खोजी कुत्तों को भी अभियान में लगाया गया। जांच के दौरान कहीं भी अवैध रूप से पटाखा बनाने या भंडारण करते कोई व्यवसायी नहीं मिला।

### धार्मिक स्थल पर युवक से मारपीट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : अलीगंज स्थित एक धार्मिक स्थल पर परिवार के साथ आए युवक के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। पीड़ित उत्कर्ष गुप्त ने अज्ञात युवकों पर मोबाइल और 11 हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार विवाद चप्पल चोरी को लेकर शुरू हुआ, जिसके बाद 10-12 युवकों ने हमला कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

### होटल में चोरी के तीन आरोपित गिरफ्तार

■ NBT न्यूज,लखनऊ : विभूतिखंड पुलिस ने वास्तु खंड में निर्माणाधीन होटल ट्रैवलर्स में चोरी के आरोपित तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि चोरों की पहचान अभिषेक कश्यप, करन जायसवाल और हिमांशु रस्तोगी के रूप में हुई है। तीनों नशे के आदी हैं। जांच में जुटे एसआई सिद्धांत सिंह ने तीनों को फुटेज की मदद से गिरफ्तार किया है।

# शीशे बंद कर चला रहा था ब्लोअर, चलती कार में हुआ बेहोश

## गाड़ी बीच सड़क रुकी, पुलिस ने शीशा तोड़कर बचाई जान

■ NBT न्यूज, निगोहां

सर्दी से बचने के लिए कार के चारों शीशे बंद कर ब्लोअर चलाना एक युवक के लिए महंगा साबित हुआ। निगोहां थाने के पास शुक्रवार दोपहर चलती कार में अचानक चालक बेहोश होकर स्टीयरिंग पर गिर पड़ा, जिससे कार सड़क के बीचों-बीच रुक गई। संयोग से गश्त पर निकले निगोहां थाने के इंचार्ज अनूप तिवारी और उनकी टीम की नजर संदिग्ध रूप से खड़ी कार पर पड़ी। शीशे पूरी तरह बंद थे और अंदर चालक अचेत दिखा। स्थिति भांपते हुए पुलिसकर्मियों ने तत्काल ईंट से कार का शीशा तोड़ा और युवक को बाहर निकालकर प्राथमिक मदद दी, जिससे उसकी जान बच सकी।

कार से बाहर निकालने पर युवक की पहचान मीरकनगर गांव निवासी सरवन यादव के रूप में हुई। पुलिस ने तुरंत घरवालों को सूचना दी, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे और युवक को निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों के अनुसार समय रहते मदद मिलने से उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक सरवन यादव मोहनलालगंज से निगोहां लौट रहे थे। सर्दी की वजह से उन्होंने कार के सभी शीशे बंद कर ब्लोअर चालू कर रखा था। लंबे समय तक ब्लोअर चलने से कार के भीतर कार्बन मोनोऑक्साइड गैस जमा हो गई, जिससे ऑक्सीजन की मात्रा कम होती गई। इसी कारण सरवन को चक्कर आए और वह बेहोश होकर स्टीयरिंग पर गिर पड़े।



### लगातार ब्लोअर चलाना खतरनाक

रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के डॉ. संतोष ने बताया कि बंद कार में ब्लोअर या हीटर चलने से कार्बन मोनोऑक्साइड तेजी से जमा हो सकती है। यह गैस रंगहीन और गंधहीन होती है, इसलिए व्यक्ति को खतरे का अंदाजा नहीं लगता। सांस के साथ यह खून में मिलकर ऑक्सीजन की आपूर्ति घटा देती है, जिससे चक्कर, उलझन, बेहोशी और दम घुटने जैसी समस्या हो सकती है।

### ऐसे बनाएं सफर सुरक्षित

- ब्लोअर/हीटर चलाते समय हमेशा एक खिड़की थोड़ी खुली रखें।
- खड़ी कार में लंबे समय तक हीटर या एसी न चलाएं।
- कार में अजीब घुटन, सिर दर्द या चक्कर लगे तो तुरंत शीशे खोलें।
- बच्चों को बंद कार में अकेला न छोड़ें।
- कार के एग्जॉस्ट सिस्टम की नियमित जांच कराएं।
- ट्रैफिक जाम में फंसने पर ब्लोअर बंद कर दें।
- थकान या नींद महसूस हो तो तुरंत वाहन रोकें।
- सर्दियों में कार की वेंटिलेशन सेटिंग सही रखें।
- कार में स्मोकिंग न करें, इससे ऑक्सीजन और घटती है।
- किसी के बेहोश दिखने पर तुरंत शीशे खोलें और अस्पताल पहुंचें।

# युवक की हत्या, झाड़ियों में फेंका शव

**सुशांत गोल्फ सिटी इलाके का मामला | शिनाख्त मिटाने के लिए जलाया गया था शव | पुलिस मामले की छानबीन में जुटी**

■ NBT न्यूज, सुशांत गोल्फ सिटी

सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में युवक की हत्या कर फेंका गया शव मिला है। शव झाड़ियों के बीच में फेंक कर शिनाख्त मिटाने के लिए जलाया गया था। हालांकि शव पूरी तरह नहीं जला था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है।

भागीरथी एनक्लेव (अंसल) की बाउंड्री के बाहर सड़क किनारे झाड़ियों में शुक्रवार सुबह लोगों ने एक अधजली गठरी में युवक का अधजला शव मिला। सूचना मिलते ही सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य एकत्र किए। युवक के शरीर पर कुछ चोटों के भी निशान थे। पुलिस के मुताबिक युवक की लगभग 25 वर्ष होगी। उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

### कहीं और से लाकर फेंका

लोगों के मुताबिक आशंका है कि युवक की हत्या कहीं और की गई। इसके बाद शव यहां फेंक दिया गया। शव को जलाने की कोशिश की गई जिससे शिनाख्त न हो सके, पर शव पूरी तरह से नहीं जल सका। पुलिस के मुताबिक शव करीब 50% जला था। पुलिस इस बारे में पता कर रही है कि शव को किस पदार्थ से जलाया गया।

### फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस के मुताबिक युवक के शव की शिनाख्त के लिए अन्य पुलिस स्टेशनों से लापता लोगों की जानकारी मांगी गई है। इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक की जा रही है। जिससे कि उस चार पहिया वाहन के बारे में पता लगाया जा सके, जिससे शव को लाकर फेंका गया था।




### इन मामलों का खुलासा नहीं

- पारा में विक्रमनगर स्थित सब्जीमंडी के पास युवक की हत्या करके शव को बोरे में बांध कर कुएं में 15 अक्टूबर को फेंका गया था। पीएम रिपोर्ट में गला दबाकर युवक की हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। 28 अक्टूबर को पुलिस ने इस मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। पुलिस अब तक शव की शिनाख्त नहीं कर सकी है।
- निगोहां के गौतम खेड़ा इलाके में बाक नाले में 1 नवंबर को महिला की हत्या कर बोरे में शव को डाल कर फेंका गया शव मिला था। बोरे में एक प्रेस व ईंट-पत्थर भी भरे हुए थे। जिससे कि महिला का शव नाले में ऊपर न आ सके। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई थी। अभी तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।
- जानकीपुरम के अजनहर कला गांव में कैलाश यादव के खेत के पास सड़क किनारे 7 नवंबर की सुबह महिला की हत्या कर चादर में बांधकर फेंका गया अर्धनग्न शव मिला था। महिला का चेहरा बुरी तरह से खराब किया गया था। चेहरे पर कोई ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाया गया था। पीएम रिपोर्ट में महिला के सिर पर वार करके उसकी हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। डॉक्टरों ने विसरा प्रिजर्व किया था। इसके अलावा स्लाइड भी तैयार की गई थी।

> शव चादर में बांध कर झाड़ियों में फेंका गया था। चादर में ही आग लगाई गई। पर शव पूरी तरह जल नहीं सका। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। - निपुण अग्रवाल, डीसीपी साउथ

## बंथरा में सड़क किनारे संदिग्ध हालात में मिला महिला का शव



■ NBT न्यूज, बंथरा : बंथरा के नारायनपुर-फतेहगंज रोड के किनारे अमावा के जंगल के पास महिला का अर्धनग्न शव मिला है। महिला के शरीर पर चोटें मौजूद थीं। बाएं पैर का पंजा गायब था। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। वहीं पुलिस घटना को सड़क हादसा बता रही है।

बंथरा में नारायनपुर-फतेहगंज रोड किनारे शुक्रवार सुबह अमावा जंगल में सुनसान जगह पर पुलिया के पास सड़क किनारे ग्रामीण निकल रहे थे। वहां पर लोगों ने एक महिला का शव कंबल से ढका हुआ देखा। लोगों ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस के मुताबिक महिला की करीब 50 वर्ष होगी। लोगों ने बताया कि महिला के चेहरे व माथे पर चोटें मौजूद थीं। बाएं पैर का पंजा गायब था। पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि जंगली जानवरों ने महिला के पैर का पंजा खा लिया होगा। महिला के शरीर पर लाल जैकेट मौजूद थी। शरीर के निचले हिस्से में पहने गेरुआ पेटीकोट था। पर, पेटी-कोट अस्त-व्यस्त था। महिला के शव के पास कुछ दूरी पर एक झोले में खाना और शराब का पाउच रखा हुआ था। पास ही एक टोपी और टूटी हुई चूड़ियां पड़ी थीं।

- चेहरे और शरीर पर थी चोटें, बाएं पैर का पंजा गायब
- महिला के शव की नहीं हुई शिनाख्त

हत्या और हादसा दोनों बिंदुओं पर जांच

कृष्णानगर एसीपी रजनीश कुमार वर्मा का कहना है कि महिला मंदबुद्धि लग रही है। आशंका है कि किसी वाहन की टक्कर से महिला की मौत हुई हो। हालांकि पुलिस हत्या और हादसा दोनों बिन्दुओं पर पड़ताल कर रही है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से शव शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया था। पर, पहचान नहीं हो सकी है। एसीपी ने बताया कि फॉरेंसिक टीम की मदद से मौके से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

### कुत्ते को गोली मारी, आरोपित गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, गाजीपुरम : पारा के सरोसा भरोसा इलाके में गुरुवार को एक युवक ने कुत्ते को दौड़ाकर गोली मार दी, जिससे कुत्ता घायल हो गया। घटना के समय बच्चे बाहर खेल रहे थे।

स्थानीय लोगों ने एनजीओ को सूचना दी। मौके पर पहुंची एनजीओ टीम ने घायल कुत्ते का रेस्क्यू कर उसे पशु अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि जुनैद अंसारी उर्फ जंगली अंसारी ने बंदूक लेकर कुत्ते को दौड़ाया और गोली मार दी। एनजीओ आसरा द हेल्पिंग हैंड्स ट्रस्ट की चारू खरे की तहरीर पर केस दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

### बिजली केबल चोरी करने वाला अरेस्ट



■ NBT न्यूज, मलिहाबाद : मलिहाबाद व रहीमाबाद थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से तार व केबल चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के अनुसार उन्नाव के मौरावा निवासी विकास को माल से पकड़ा गया। उसके पास तीन चोरी तार, कटर, ब्लेड, प्लास और एक बाइक बरामद हुई है। 28 दिसंबर को मुनसा गांव के पास एयरटेल टावर से चोरी की गई थी। आरोपित पर विभिन्न थानों में करीब 15 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके तीन साथियों की तलाश कर रही है।

### जाम में फंसे पर्यटन मंत्री



मंडलायुक्त कार्यालय के पास शुक्रवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का काफिला जाम में फंस गया। उनके काफिले में शामिल एस्कॉर्ट वाहन के सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह उनका काफिला आगे बढ़वाया।

### महिला से दुष्कर्म का आरोपित अरेस्ट



■ NBT न्यूज, पीजीआई : पीजीआई थानाक्षेत्र में महिला से दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता निगोहां की रहने वाली है। पति की मौत के बाद पीजीआई इलाके में किराए पर रहती है। पीड़िता के अनुसार अंकित पाल ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया और अश्लील विडियो बना लिए। इसके बाद विडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार शोषण किया और पैसे भी वसूले। महिला ने हिम्मत जुटाकर अधिकारियों से शिकायत की। डीसीपी और एसीपी के निर्देश पर पीजीआई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट 102 लोगों का चालान

## अभियान से लखनऊ पेट्रोलियम डीलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष नाराज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के दौरान आरटीओ के प्रवर्तन दल ने 102 चालान किये। बिना हेलमेट धरे जाने पर खूब बहाने भी लोगों ने बनाये। वहीं इस दौरान लखनऊ पेट्रोलियम डीलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष नाराज भी हो गए।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आरटीओ प्रवर्तन की टीम हजरतगंज स्थित डीएम आवास के पास पेट्रोल पंप पर चेकिंग करने पहुंचे थे। इस दौरान लखनऊ पेट्रोलियम डीलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष की कहासुनी हो गई। उनकी आपत्ति थी कि बिन हेलमेट पकड़े लोगों को जागरूक किया जाए, लेकिन प्रवर्तन की टीम दौड़ा-दौड़ाकर कार्रवाई करने लगी। अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत पेट्रोल पंपों पर जागरूकता करने की बात हुई थी। अफसरों ने कुछ चालान काटे, यहां तक ठीक था, लेकिन ग्राहकों को दौड़ा-दौड़ाकर चालान काटने का क्या औचित्य है। इससे कारोबार प्रभावित होता है। चालान काटने ही हैं तो सड़क पर काटें, चौराहों पर काटें। हालांकि अफसरों ने उनको मनाने की कोशिश की लेकिन वे नाराज होकर चले गए। प्रवर्तन की टीम ने इस दौरान हनुमान सेतु स्थित अवध ऑटोमोबाइल्स और हजरतगंज स्थित रंजन सर्विस स्टेशन पर भी अभियान चलाया। अभियान में उप परिवहन आयुक्त राधेश्याम, आरटीओ प्रशासन संजय तिवारी, आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पांडेय, एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार सिंह, यात्री-मालकर अधिकारी अनीता वर्मा व आभा त्रिपाठी के साथ पूरी टीम मौजूद रही। इस दौरान जिला पूर्ति अधिकारी विजय प्रताप सिंह और लखनऊ पेट्रोलियम डीलर्स असोसिएशन के महासचिव आलोक त्रिवेदी भी उपस्थित रहे।



आरटीओ प्रवर्तन की टीम ने शुक्रवार को पेट्रोल पंपों पर चलाया अभियान।

### लोगों ने खूब बहाने बनाए, नहीं हुई सुनवाई

आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पांडेय ने बताया कि अभियान के तहत कुल तीन पेट्रोल पंपों पर जांच की गई। अभियान के दौरान पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट आने वाले दो पहिया वाहन चालकों को रोक कर उनके चालान किए गए और उन्हें पेट्रोल देने से रोका गया। साथ ही सुरक्षा के लिए भविष्य में हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। कुल 102 दोपहिया वाहनों के चालान किए गए। बिना हेलमेट पकड़े जाने पर किसी ने बगल से आने की बात कही तो किसी ने हेलमेट भूल जाने की बात कही। हालांकि अफसरों ने किसी की नहीं सुनी।

### दोस्ती से इनकार पर युवती को धमकाया

■ NBT न्यूज, लखनऊ : कैसरबाग इलाके में काम करने वाली एक युवती ने दोस्ती से इनकार किया तो आरोपित ने उसे जान से मारने की धमकी दी। तंग आकर पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

लालबाग निवासी 24 वर्षीय युवती नजीराबाद स्थित एक दुकान में काम करती है। आरोप है कि एक युवक बाइक से उसका पीछा करता था और रास्ते में जबरन रोककर नंबर मांगता था। पीड़िता के अनुसार 24 दिसंबर की रात आरोपी ने धमकी दी, जिसकी वीडियो उसने मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली। इसके बाद आरोपी की हरकतें और बढ़ गईं। इंस्पेक्टर अंजनी मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

# रिटायर्ड दरोगा से पेंशन के नाम पर ₹1.78 लाख ठगे

■ NBT न्यूज, आलमबाग : आलमबाग कोतवाली से रिटायर्ड एक दरोगा से साइबर ठग ने पेंशन के नाम पर 1.78 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीड़ित संतोष कुमार मिश्र एक माह पूर्व दरोगा पद से रिटायर्ड हुए थे। 7 जनवरी को कॉलर ने खुद को ट्रेजरी ऑफिस से बताते हुए वॉट्सऐप पर एक फाइल भेजी। फाइल डाउनलोड करते ही खाते से 1.58 लाख और एटीएम से 20 हजार रुपये निकल गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### फोन हैक कर खाते से निकाले 75 हजार

■ NBT न्यूज, लखनऊ : ठाकुरगंज इलाके में साइबर ठगों ने एक महिला का मोबाइल हैक कर उसके बैंक खाते से 75 हजार रुपये निकाल लिए। सेवाकुंज हबीबपुर निवासी फरहाना बानो के अनुसार 28 दिसंबर को डेंटल उन्होंने एक टोल-फ्री नंबर पर कॉल किया था। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने उन्हें वॉट्सऐप पर संपर्क करने को कहा। इसके बाद उनके बैंक खाते से 75 हजार रुपये निकाल लिए गए। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि साइबर सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है।

### 13 वर्षीय किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कोतवाली क्षेत्र से एक 13 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी दो दिन पहले घर से बिना बताए चली गई थी। काफी तलाश के बाद भी सुराग न मिलने पर घरवालों ने पुलिस से शिकायत की।

कोतवाली प्रभारी सुभाष चंद सरोज ने बताया कि पीड़िता सीमा परिवार के साथ विजयखेड़ा गढ़ीकनौरा में किराए पर रहती है। सीमा के अनुसार 7 जनवरी को उनकी बेटी अचानक घर से निकल गई। पुलिस ने मां की तहरीर पर गुमशुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के इलाकों और संभावित ठिकानों पर खोजबीन कर रही है।

# पीएम रिपोर्ट में खुलासा, डूबने से हुई थी शटरिंग कारीगर की मौत

■ NBT न्यूज, लखनऊ : रिवर फ्रंट के पास गोमती नदी में मिले शटरिंग कारीगर दिनेश कश्यप 35 का शुक्रवार को पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया गया। देर शाम आई पीएम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है, फिलहाल आगे की पड़ताल के लिए पुलिस ने विसरा जांच के लिए भेज दिया है।

**आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा**

इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्र ने बताया कि पेपरमिल प्रेम बाजार तकिया निवासी नशे में धुत दिनेश का एक जनवरी की सुबह पड़ोसियों से झगड़ा हो गया था। मारपीट में मामूली घायल होने के बाद से दिनेश लापता था। बुधवार सुबह उसका शव गोमती नदी में एसीपी गोमती नगर के ऑफिस के पास मिला था। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे परिवारिजनों ने पहचान की थी। परिवार ने पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया था।

पोस्टमॉर्टम के बाद दिनेश के परिवारिजनों ने देर शाम तकिया रोड पर सड़क पर शव रख प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिवारीजन पड़ोसी पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। हंगामे की सूचना पर एसीपी कैंट समेत इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्र मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिवारिजनों को शांत कराया।

# विदेश में नौकरी और वर्क वीज़ा के नाम पर फ्रॉड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विदेश में नौकरी व वर्क वीजा के नाम पर प्रयागराज के रहने वाले एक व्यक्ति से ट्रैवल एजेंसी संचालकों ने हजारों रुपये ठग लिए।

**पीड़ित की शिकायत पर चिनहट पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

प्रयागराज निवासी जाकिर हुसैन ने पुलिस को बताया कि उसने फेसबुक पर चिनहट स्थित आईसीएम ट्रैवल सर्विस विज्ञापन देखा था। एजेंसी की ओर से अजरबैजान के लिए वर्क वीजा दिलाने का दावा किया गया था। पीड़ित ने एजेंसी से संपर्क किया। 9 सितंबर 2025 को पीड़ित का मेडिकल कराया गया। अलग-अलग चरणों में पीड़ित से रुपये जमा कराने को कहा गया। पीड़ित ने ग्लोबिटी ट्रैवल सर्विस के खाते में 1.20 लाख रुपये, 8 अक्टूबर 2025 को रंजन सिंह के खाते में 45 हजार रुपये और 45 हजार कैश दिए थे। इसके बाद उसे वीजा, वर्क परमिट और फ्लाइट टिकट सौंपा गया था। उसे 12 अक्टूबर को दिल्ली एयरपोर्ट बुलाया गया था। वहां पहुंचने पर टिकट कैंसल होने की जानकारी हुई। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित कंपनी के चिनहट स्थित कार्यालय पहुंचा। मकान मालिक ने बताया कि एजेंसी संचालक फरार हो चुके हैं। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# स्पा सेंटर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने काबू पाया

■ NBT न्यूज, सुशांत गोल्फ सिटी : सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र स्थित एक स्पा सेंटर में शुक्रवार देर रात अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही पीजीआई फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

फायर स्टेशन प्रभारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 2:29 बजे सूचना मिली कि मिलेनियम पैलेस बिल्डिंग के सेकंड फ्लोर पर संचालित ADS Spa and Saloon में आग लगी है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर एफएसओ मामचंद बडगुजर के नेतृत्व में दमकल टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने देखा कि स्पा सेंटर के मसाज रूम में आग लगी थी और पूरे परिसर में घना धुआं भरा था। भवन में लगे फायर हाइड्रेंट सिस्टम की मदद से आग को नियंत्रित किया गया। घटना के समय स्पा संचालक धनंजय मौके पर मौजूद थे। आग से स्पा सेंटर को आंशिक नुकसान पहुंचा है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



### शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

■ NBT न्यूज, बंथरा : बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम शॉर्ट सर्किट से एक हार्डवेयर दुकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान और बेसमेंट में बने कार्यालय तक पहुंच गई। दुकान में काम कर रही युवती धुएं में फंस गई, जिसे पीछे की दीवार तोड़कर सुरक्षित बाहर निकाला गया।

सूचना पर पहुंची दो दमकल गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में लाखों रुपये का पेंट, फिनर, लैपटॉप और जरूरी कागजात जलकर राख हो गए। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।



## फटाफट खबरें

### कोहरे से आलू की फसल में लगा रोग



■ NBT न्यूज, माल: लगातार एक हफ्ते से पड़ रही कड़ाके की ठंड और कोहरे से आलू फसल में झुलसा रोग की शुरुआत हो गई है। इस मौसम से आलू की फसल समेत सरसों और अरहर जैसी फूल वाली अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। कोहरे से सरसों की फसल में दहिया और तुलासिता रोग बड़े पैमाने पर लगना शुरू हो गया है। जबकि अरहर फसल में पाले की वजह से पत्तियां झुलसने और फूल झड़ने की समस्या पैदा हो गई है।

### वाहन चालकों की आंखों की हुई जांच



■ NBT न्यूज, निगोहां: राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को लखनऊ-रायबरेली टोलवे लिमिटेड द्वारा निगोहां टोल प्लाजा पर वाहन चालकों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। टोल से गुजर रहे 60 से अधिक वाहन चालकों के साथ आसपास के ग्रामीणों ने भी परीक्षण करवाया। इनमें से 20 लोगों को मौके पर ही चश्मा दिया गया। नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर सुप्रवाह तिवारी और डॉक्टर शशिकांत चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान किसी में भी मोतियाबिंद के लक्षण नहीं पाए गए। मौके पर दिलीप कुमार पाण्डेय, राकेश सिंह सहित टोल प्लाजा के कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिक्षकों को दी इनोवेटिव टीचिंग की ट्रेनिंग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सिटी मॉन्टेसरी स्कूल कानपुर रोड शाखा में शुक्रवार को टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मौके पर टीचिंग में हो रहे नए प्रयोग व इनोवेटिव टीचिंग मैथड के बारे में शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई। इसमें सीएमएस के प्री प्राइमरी व प्राइमरी व जूनियर के शिक्षकों को ट्रेन किया गया। इसमें कैनाडा से आई जॉन माइटन ने मैथ्स की टीचिंग पर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। वहीं दिल्ली से आई शिवानी शंकर व भारती पैरवाल ने डेटा एनालिसिस पर वर्कशॉप आयोजित की गई जिसमें शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

### डफरिन में OPD का किया निरीक्षण

■ NBT न्यूज, लखनऊ: वीरांगना अवंती बाई बाल महिला चिकित्सालय (डफरिन) में शुक्रवार को स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमिशन की टीम पहुंची। टीम ने अस्पताल में संचालित फास्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) की सुविधाओं सहित ओपीडी, आक्सीजन प्लांट आदि व्यवस्थाओं का हाल जाना। साथ ही टीम ने मिनी स्किल लैब, किचन, लॉड्री, एसएनसीयू, रेडियोलॉजी विभाग पहुंचकर मरीजों को मिल रही सुविधाओं का फीडबैक भी लिया। इस दौरान टीम में नोडल अधिकारी डॉ. निशात निर्वाण, डॉ. राजश्री चौधरी मौजूद रहीं।

### UP दिवस मनाए जाने का किया स्वागत

■ NBT न्यूज, लखनऊ: इस साल वृहद स्तर पर उत्तर प्रदेश दिवस मनाए जाने के निर्णय का अखिल भारतीय भोजपुरी समाज ने स्वागत किया है। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश दिवस को सफल बनाने में भोजपुरी समाज के पूरे सहयोग के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

# 2,299 को मिलेगा आशियाना

## अटल नगर योजना में 2 BHK के 634 फ्लैटों लिए निकाली गई लॉटरी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: देवपुर पारा स्थित एलडीए की अटल नगर आवासीय योजना के 2 बीएचके के 634 फ्लैटों का शुक्रवार को लॉटरी से आवंटन किया गया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में हुई लॉटरी में आवेदकों के हाथों से ही ड्रॉ की पर्चियां निकलवाई गईं। अब तक कुल 2,299 लोगों का नाम निकला। गुरुवार को 1,665 भवनों का आवंटन किया गया था।

एलडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि देवपुर पारा में लॉन्च की गई अटल नगर आवासीय योजना में वन BHK और टू BHK के फ्लैट्स हैं। 30 वर्गमीटर से लेकर 54.95 वर्गमीटर क्षेत्रफल के इन फ्लैटों की कीमत 9.82 लाख रुपये से शुरू है। एलडीए ने इस अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम में लिफ्ट के साथ-साथ स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, पावर बैकअप, सुरक्षा व्यवस्था, ग्रीन एवं किड्स प्ले एरिया व पार्किंग की सुविधा का प्रावधान किया है।



### चेहरे पर दिखी खुशी

लॉटरी के आयोजन में पत्नी के साथ पहुंचे प्रिंस कुमार शर्मा ने बताया कि उन्होंने बड़ी उम्मीद से आवेदन किया था। लॉटरी में फ्लैट आवंटित होने पर प्रिंस बोले कि इससे बड़ी खुशी और कोई नहीं हो सकती। वहीं, सफल आवंटी अंजू सिंह, शोभित श्रीवास्तव, शिव मिश्रा, लकी वर्मा, सुधांशु गुप्ता समेत अन्य लोगों ने लॉटरी में नाम आने पर एलडीए को धन्यवाद दिया।

### आवेदकों ने ही निकाले ड्रॉ

अटल नगर योजना के भवनों के लिए 4 अक्टूबर से 2 दिसंबर, 2025 के बीच ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था, जिसमें कुल 5,781 लोगों ने पंजीकरण करवाया था। अपर सचिव ने बताया कि गुरुवार को पहले दिन की लॉटरी में वन बीएचके के 1,665 भवनों का आवंटन किया गया। वहीं, शुक्रवार को 2 बीएचके के 634 फ्लैटों का लकी ड्रा खोला गया, जिसमें खुले मंच पर आवेदकों को बुलाकर उन्हीं के हाथों से लॉटरी ड्रॉ की पर्चियां निकलवाई गईं। कुल 2,299 लोगों को इस अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम में अपने सपनों का आशियाना मिला।

# 'गलत कॉपी जांची तो परीक्षक पर लगाया जाए आर्थिक दंड'

AKTU प्रशासन के साथ बैठक में बोली राज्यपाल आनंदीबेन...

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच बहुत सावधानी से की जानी चाहिए। मूल्यांकन में भी काफी शिकायतें आती हैं। गलत मूल्यांकन पाए जाने पर आर्थिक दंड का प्रावधान होना चाहिए। इस तरह के कदम उठाने से परीक्षक भी ज्यादा सावधानी से कॉपी जांचेंगे। इसके अलावा पीजी स्तर के विद्यार्थियों से भी सीमित संख्या में एक्सपर्ट के निर्देशन में निचली कक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जा सकता है। इससे परीक्षकों की कमी दूर होगी और छात्रों को भी अनुभव मिल सकेगा। यह बात राजभवन में एकेटीयू के संदर्भ में चल रही बैठक के दौरान उन्होंने कही।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को राजभवन में एक बैठक हुई। इसमें एकेटीयू की ओर से परीक्षा व मूल्यांकन में किए गए नए प्रयासों के बारे में प्रेजेंटेशन दी गई। इसमें वीसी प्रो. जेपी



पांडेय व परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नागरिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसमें राज्यपाल ने कहा कि विवि उत्तर पुस्तिकाओं का आकलन करें कि विद्यार्थी औसतन कितने पृष्ठ लिखते हैं। उसी औसत से छात्रों को दी जाने वाली कॉपी के पृष्ठों की संख्या निर्धारित करें, इससे अनावश्यक पृष्ठों की बर्बादी रुकेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पृष्ठ उपलब्ध कराया जाए। वहीं नकल में संलिप्त पाए जाने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को बुलाकर उनसे संवाद किया जाना चाहिए तथा यह समझने का प्रयास किया जाना चाहिए कि किन परिस्थितियों में विद्यार्थी इस प्रकार के कृत्य के लिए विवश हुए।

# पॉलिटेक्निक: प्रवेश परीक्षा मई में, 15 से शुरू होंगे आवेदन

■ NBT न्यूज, लखनऊ



AI Image

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने गुरुवार देर रात को पॉलिटेक्निक में प्रवेश परीक्षा के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। अभ्यर्थी 15 जनवरी से 30 अप्रैल तक इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। 10वीं और 12वीं पास युवा बालक व बालिका इसमें आवेदन कर सकेंगे।

परिषद द्वारा जारी निर्देश के अनुसार पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षाएं 15 मई से प्रस्तावित हैं। परीक्षाएं 22 मई तक होंगी। 30 मई को परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों का निर्धारण और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का कार्यक्रम फरवरी में जारी होगा। वहीं, पूरी परीक्षा ऑनलाइन होगी। संजीव कुमार के मुताबिक, पॉलिटेक्निक से जुड़कर युवा बहुत ही कम खर्च में अपने हुनर को निखार सकेंगे और तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद उच्च शिक्षा में युवाओं को लेटरल एंट्री में सीधे सेकंड इयर में प्रवेश मिलता है, जिसका उन्हें सीधा फायदा पहुंचेगा।

> परीक्षाएं 15 से 22 मई तक होंगी, 30 मई को परिणाम जारी किया जाएगा

**एक अगस्त से नया सेशन:** संजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा परिणाम के एक हफ्ते बाद से ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से परीक्षार्थियों को सीट आवंटित कर प्रवेश दिए जाएंगे। यह प्रक्रिया पांच जून से 15 जुलाई तक विभिन्न चरणों में आयोजित होगी। इसके बाद नए सत्र की पढ़ाई 2026-27 एक अगस्त से शुरू होगा।

# BBD सी डिवीजन लीग में राजू के प्रदर्शन से RK क्लब जीता

■ NBT न्यूज, लखनऊ: डीनीआई क्रिकेट स्टेडियम पर शुक्रवार को आदित्य कुमार, नरेश कुमार और राजू यादव के धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत बीबीडी सी डिवीजन लीग में आरके सीनियर सेकेंडरी क्रिकेट क्लब ने जरूरी अंक जुटाए और 92 रन से मुकाबला जीता। आरके सीनियर सेकेंडरी ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में नौ विकेट पर 259 रन बनाए। आदित्य ने 118 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। कप्तान राजू ने 75 रन जोड़े। जवाब में ध्रुव स्पोर्ट्स प्रमोशन ग्रुप 31 ओवर में 167 रन ही बना सका। राजू ने 8 ओवर में 31 रन देकर छह विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच बने। लीग में शुक्रवार कुल छह मुकाबले शहर के विभिन्न मैदानों पर खेले गए। जिसमें मेहता क्रिकेट क्लब, लखनऊ वाइट्स क्रिकेट क्लब, SDS क्रिकेट अकैडमी, लक्ष्मण सिंह क्रिकेट क्लब, चौहान स्पोर्टिंग ने अपने मैच जीते।



राजू यादव

सिटी स्पोर्ट्स

## नेहा ने जीते दो कांस्य

■ NBT न्यूज, लखनऊ

यूपी स्टेट वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही शहर की नेहा सिंह चौहान ने दो कांस्य पदक जीता है। केडी सिंह के उपक्रीड़ाधिकारी अरविंद सिंह कुशवाहा ने बताया कि नेहा ने 48 किग्रा भारवर्ग जूनियर एवं सीनियर महिला वर्ग में पहले ही दिन दो कांस्य पदक अपने नाम किए। चैंपियनशिप में नेहा ने 57 किग्रा स्नैच एवं 70 किग्रा क्लीन ऐंड जर्क समेत कुल 127 किग्रा भार उठाया। नेहा की इस उपलब्धि पर आरएसओ डॉ. अतुल सिन्हा एवं संघ सचिव रंजीत रंजीत सिंह ने उसे बधाई दी। अरविंद सिंह कुशवाहा ने बताया कि यूपी स्टेट सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप गाजियाबाद के मेहीनगर में नौ से 14 जनवरी तक चलेगी।



## बास्केटबॉल टीम के लिए ट्रायल में 38 खिलाड़ी पहुंचे

■ NBT न्यूज, लखनऊ: गाजियाबाद स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल में 13 से 14 जनवरी के बीच आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए को शुक्रवार को शहर से 38 लड़के व लड़कियों ने चयन के लिए अपने हुनर का प्रदर्शन किया। अलीगंज स्थित मॉडर्न स्कूल बास्केटबॉल कोर्ट में खिलाड़ियों के लिए शाम 6:30 बजे से ट्रायल हुए। जिला बास्केटबॉल असोसिएशन सचिव नियाज अहमद ने बताया कि जिला सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग 3x3 सीनियर स्टेट बास्केटबॉल के ट्रायल आयोजित किए गए। मौके पर मौजूद 20 लड़के और 18 लड़कियों ने प्रतिभाग किया। चैंपियनशिप में भेजने से पहले 11 जनवरी को दोबारा ट्रायल होगा, बालक, बालिका वर्ग में चार-चार खिलाड़ियों का चयन कर टीम रवाना होगी।





सांस्कृतिक उत्कर्ष का संदेश
विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश

संस्कृति उत्सव 2025-26



उत्तर प्रदेश में संगीत प्रतिभाओं की खोज

उद्देश्य: कलाकारों को योग्यतानुसार मंच प्रदान करना; कलाकारों को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत करना

प्रतियोगिता की तिथियां

| तिथि | प्रतियोगिता का स्तर | प्रतियोगिता स्थल |
|---|---|---|
| 10-15 जनवरी, 2026 | ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कर जनपद स्तरीय कलाकारों का चयन | जनपद मुख्यालय |
| 17-19 जनवरी, 2026 | जनपद स्तर पर चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता | मण्डलीय मुख्यालय |
| 22 जनवरी, 2026 | मण्डल स्तर पर चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता | लखनऊ-मुख्यालय |
| 23 जनवरी, 2026 | लखनऊ में सम्पन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों का उत्तर प्रदेश दिवस में प्रतिभाग हेतु पूर्वाभ्यास | लखनऊ-मुख्यालय |
| 24-26 जनवरी, 2026 | उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर सभी प्रथम विजेता कलाकारों की प्रस्तुतियां, सम्मान एवं पुरस्कार | लखनऊ-मुख्यालय |

प्रतियोगिता की विधाएं

गायन : शास्त्रीय गायन, उपशास्त्रीय गायन, लोक गायन, सुगम संगीत, काव्य पाठ एवं काव्य गोष्ठी

वादन : स्वर वाद्य, सुषिर वाद्य, तन्तु वाद्य, ताल वाद्य, लोक वाद्य

नृत्य : शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, लोक नाट्य

प्रतियोगिता की अधिक जानकारी एवं पंजीकरण हेतु दिए गए लिंक पर जाएं :
https://upsanskriti.com/utsav-login अथवा QR कोड स्कैन करें

काम दमदार-डबल इंजन सरकार

संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश | सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | https://upsanskriti.com/

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in